सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 05 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 91, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**एआई ने खोले विकास के द्वार : उपराष्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि संघर्ष, विभाजन व असहिष्णुता के इस युग में गांधीजी का अहिंसा का सिद्धांत मानवता के लिए एक सशक्त मार्ग प्रशस्त करता है। } 10

**खाद्य स्टार्टअप को दे रहे बढ़ावा : जितेंद्र सिंह**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा नवाचार और उपभोक्ता मांग के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा खाद्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना खाद्य जैव प्रसंस्करण व जैव प्रौद्योगिकी में नियामक सुविधा का विस्तार करना है। } 12



## भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

### तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया रोडशो

एजेंसी



तिरुवल्ला (केरल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके और इस तरह राजनीतिक फायदा प्राप्त किया जा सके। कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के बारे में ही चिंतित हैं।

मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में कहा, मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन भारतीयों की सुरक्षा, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में रहने वाले केरल के लोगों की सुरक्षा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सुनिश्चित करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में काम करने और रहने वाले केरल के लाखों लोगों के अलावा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गोवा, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के मछुआरे ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में फंसे हुए हैं। मोदी ने कहा हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस को इसकी कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ऐसे बयान दे रही ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आंधी-बारिश ने बदला मौसम, किसानों को हुआ नुकसान

### ❍ लखनऊ, कानपुर, ललितपुर समेत कई जिलों में हुई बारिश ❍ गरज-चमक के साथ ओले भी गिरे

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राज्य में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया है। शनिवार की शाम प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आएगा।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड के जिलों में मौसम का सबसे ज्यादा असर देखने को मिलेगा। लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत आसपास के इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में आए इस बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय प्रदेश में गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में अचानक आई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार तैयार खड़ी फसल और कटी हुई गेहूं की बालियां भीगने से उनकी गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर खेतों में पानी भर जाने से कटाई का काम भी रुक गया है। मौसम ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जिलाधिकारी किसानों के पास पहुंचकर जानें परेशानी : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में शनिवार को फिर हुई असमय बारिश से किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में यह प्रयास करें कि आपदा का असर किसानों पर न्यूनतम हो। जनहानि, पशुहानि, घायलों व चोटिलों को 24 घंटे में दिया जाए मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम के कारण किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। राजस्व, कृषि विभाग व बीमा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सोनभद्र में बनेगा पूर्वांचल का तीसरा एयरपोर्ट

सोनभद्र। जिले के म्योरपुर में पूर्वांचल का तीसरे सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। इसके लिए शासन ने 23 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। निर्माण संबंधी कागजी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उम्मीद है कि अप्रैल में ही निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। इस एयरपोर्ट का निर्माण आजमगढ़ एयरपोर्ट की तर्ज पर होना है। यहां से क्षेत्रीय और नॉन कनेक्टिंग विमानों का संचालन होगा। सोनभद्र के म्योरपुर में एयरपोर्ट का निर्माण साल 2022 से कराया जा रहा है। पूर्व में यहां पार्किंग के लिए चिह्नित जमीन पर विवाद के कारण स्टे लग गया था। दिसंबर 2025 में हाईकोर्ट ने इस जमीन से स्टे हटा लिया। यही नहीं, शासन की ओर से इस एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 23 करोड़ रुपये का बजट भी जारी कर दिया गया है। वाराणसी एयरपोर्ट के अधिकारियों की निगरानी में यहां काम कराया जाएगा। सोनभद्र के म्योरपुर में बनने वाले एयरपोर्ट का निर्माण करीब 70 एकड़ जमीन पर होगा। रनवे की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### किसान को मिला 14.66 करोड़ का कर नोटिस

बदायूं। जिले में 12 बीघे जमीन का मालिक एक किसान उस समय हैरान रह गया, जब उसे आयकर और जीएसटी (माल एवं सेवाकर) विभाग से कुल 14.66 करोड़ रुपये से अधिक का कर नोटिस मिला। बदायूं के डीएम अवनीश राय ने शनिवार को कहा कि किसान द्वारा औपचारिक आवेदन दिए जाने के बाद मामले की जांच के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त) और उपायुक्त (जीएसटी) सहित दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया। किसान भोला ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से इस मामले की पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि दिल्ली के नारायणा औद्योगिक क्षेत्र (चरण-1) में उनके नाम से राम स्टोर नामक एक फर्म संचालित की जा रही है, जिस पर 1.02 करोड़ रुपये का आयकर बकाया है।



**आज का मौसम**

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 23.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

❍ मुख्यमंत्री ने किये बाबा विश्वनाथ के दर्शन (पृष्ठ-02)
❍ जंगलों की निगरानी के लिए 25 फॉरेस्ट वॉचर्स को मिली साइकिलें (पृष्ठ-02)
❍ एआई ने खोले विकास के द्वार : राधाकृष (पृष्ठ-10)
❍ एआईएनआरसी-भाजपा का गठबंधन थका हुआ (पृष्ठ-10)

# पहले उपेक्षित थी शिक्षा, अब स्कूल छोड़ने वालों की दर घटी

### मुख्यमंत्री योगी ने वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय से स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता




वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों समेत समाज के हर वर्ग का आह्वान किया कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाए। सीएम ने शिक्षा को सबसे पवित्र कार्य बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति के सामने बड़ा और यशस्वी बनने का अवसर आता है, जो उसके अनुरूप खुद को ढालता है वह यशस्वी बनता है। इसलिए हर बच्चे को स्कूल लेकर जाएं। बच्चा जब पढ़ लिखकर संस्कारी बनेगा तो कृतज्ञता ज्ञापित करेगा। जीवन के किसी भी मोड़ पर जब उससे मिलेंगे तो वह

**❍ इस महीने से अनुदेशकों को 17 हजार व शिक्षामित्रों को मिलेगा 18 हजार रुपये**

सम्मान देगा। जब एक बच्चा साक्षर होता है तो समाज साक्षर और राष्ट्र समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। जब बच्चा निरक्षर रह जाता है तो समाज निर्धन और प्रदेश-देश बीमारू बनता है। हमें हर बच्चे को शिक्षित करना है, समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना और विकसित भारत की दिशा में बढ़ना है।

मुख्यमंत्री ने कंपोजिट विद्यालय शिवपुर वरुणापार जोन में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने बताया कि इस महीने से सरकार अनुदेशकों को 17 हजार, शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये का मानदेय लागू करने जा रही है। शिक्षक, अनुदेशक, रसोइयों के लिए पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सीएम ने शिक्षकों से कहा कि सीएम ने शिक्षकों से कहा कि देश के भविष्य को गढ़ने की जो जिम्मेदारी ईश्वर ने आपको दी है, उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तो जीवन यशस्वी होगा। बच्चे आगे बढ़ेंगे तो स्मरण करेंगे, सम्मान देंगे। जिन शिक्षकों ने हमें पढ़ाया, अक्षर ज्ञान कराया। हम आज भी उनके पैर छूते और सम्मान देते हैं। बच्चों में संस्कार विकसित करने हैं। शिक्षा सिर्फ सर्टिफिकेट या डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, यह मनुष्य को संस्कारित करने और समाज-राष्ट्र का भविष्य गढ़ने का सशक्त माध्यम है। सीएम ने कहा जुलाई में स्कूल खुलने से पांच दिन पहले बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की सफाई कराइए। स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पानी आदि के जरिए विद्यालय को व्यवस्थित करिए। फिर 1 से 15 जुलाई के बीच विद्यालय आए बच्चों के पाठ्यक्रम की तैयारी करें और जो बच्चा नहीं आ पाया, स्कूल चलो अभियान के तहत उसे लाने की तैयारी करें। कोशिश हो कि एक भी बच्चा छूटने न पाए। बच्चों को उदाहरण, कविता, गीत, छोटे फॉर्मूले के जरिए सिखाएं तो वह आसानी से समझ जाएगा। अब रटना नहीं, बल्कि बच्चों को कौशलयुक्त ज्ञान से युक्त करना है। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में बच्चों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया, फिर बच्चों से संवाद भी किया। सीएम योगी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और स्कूल चलो अभियान की

**❍ समाज के हर वर्ग से अपील- कोई बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाये : मुख्यमंत्री**

सार्थकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 9 वर्ष में लगभग 60 लाख नए बच्चों को बेसिक शिक्षा के स्कूलों से जोड़ा गया है। सीएम ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि 1 से 15 अप्रैल तक हर शिक्षक को स्कूल चलो अभियान से जुड़ना चाहिए। प्रधानाचार्य अभिभावकों के साथ संवाद करें और शिक्षक स्कूल खुलने से थोड़ा पहले निकलकर गांव-मोहल्ले के घरों पर दस्तक दें। अभिभावकों से पूछें कि स्कूल जाने से कोई बच्चा वंचित तो नहीं है। उन्हें बताएं कि सरकार सब निशुल्क दे रही है, आप बच्चों का पंजीकरण कराइए। हर शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक का संकल्प हो कि स्कूल जाने से कोई बच्चा छूटने न पाए। पहले चरण में 15 अप्रैल तक यह मेहनत कीजिए। जैसे ही ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मेरठ : देसी शराब से मौत मामले की जांच करेंगी चार टीमें

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के दौराला थाना क्षेत्र में देसी शराब पीने के बाद एक किराना कारोबारी समेत तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सरस्वती कॉलोनी निवासी बाबूराम (60), उनकी दुकान में काम करने वाले जितेंद्र (35) और अंकित उर्फ दौलत (40) ने शुक्रवार शाम कस्बे में देसी शराब के एक सरकारी ठेके से शराब खरीदी और वहीं उसका सेवन किया। उसने बताया कि शराब पीने के कुछ ही देर बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उल्टी व पेट दर्द की शिकायत होने लगी।

पुलिस ने बताया कि तीनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र और अंकित को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाबूराम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर, जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय और जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास

### देहरादून में नौ दिवसीय दून बुक फेस्टिवल की शुरुआत, देशभर के साहित्यकार जुटे

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड सदियों से ज्ञान, अध्यात्म और रचनात्मकता की समृद्ध परंपरा का वाहक रहा है। राज्य सरकार साहित्य और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए उसे वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उक्त उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित दून बुक फेस्टिवल के शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किए। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस नौ दिवसीय महोत्सव में देशभर से साहित्यकार, कलाकार, शिक्षाविद और पुस्तक प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रकाशकों के स्टॉलों का अवलोकन किया और गढ़वाली व कुमाऊँनी भाषाओं की पुस्तकों का विमोचन कर क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह महोत्सव केवल पुस्तकों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विचारों, अनुभवों और रचनात्मकता के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि यहां आयोजित साहित्यिक चर्चाएं, काव्य पाठ, संवाद सत्र और लेखक से मिलिए जैसे कार्यक्रम समाज में बौद्धिक ऊर्जा का संचार करेंगे और युवाओं को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित करेंगे। चिल्ड्रेन पवेलियन को विशेष आकर्षण बताते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बच्चों में प्रारंभ से ही पठन-पाठन की आदत विकसित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें न केवल ज्ञान देती हैं, बल्कि बच्चों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान के न्यूक्लियर प्लांट के पास अमेरिका का हमला

### इजराइल ने पेट्रोकेमिकल जोन पर की एयरस्ट्राइक, तीन कंपनियों को किया तबाह

एजेंसी



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजराइल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया। इजराइल के सुरक्षा सूत्रों ने भी पुष्टि की है कि ये हमले उसकी वायुसेना ने किए हैं। इस हमले में तीन कंपनियों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों में पांच लोग घायल हुए हैं। ईरान ने शुक्रवार को अमेरिका के दो लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है। इनमें एक एफ-35 फाइटर जेट और दूसरा अ-10 अटैक एयरक्राफ्ट है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गिरने वाला पहला फाइटर जेट एफ-35 नहीं बल्कि एफ-15ए है। वहीं, ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में अमेरिकी फाइटर जेट गिराए जाने की घटना से दोनों देशों के बीच बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ट्रम्प ने कहा, हम युद्ध में हैं। उन्होंने यह बात अमेरिकी मीडिया से एक फोन इंटरव्यू में कही। ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट के पायलट को पकड़ने पर 10 बिलियन ईरानी तोमान (लगभग 55 लाख रुपए) के इनाम का ऐलान किया है। ईरान के सरकारी मीडिया कफकइ के एक एंकर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अमेरिकी पायलट को जिंदा पकड़कर सरकारी अधिकारी या सेना को सौंपे। ईरान ने शुक्रवार को उत्तरी इजराइल के शहर किरयात अता पर मिसाइल हमला किया, जिससे कई गाड़ियां जल ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल : जयशंकर

# भारत ने वैश्विक संकट का डटकर किया मुकाबला

एजेंसी




रायपुर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक सकंट के बीच भारत मजबूती से उभरा है और हालात का डटकर मुकाबला किया है।

जयशंकर ने यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर फरवरी में हमले शुरू किए जाने से उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा हाइड्रोकार्बन की कमी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण की व्यापकता के चलते संघर्ष का असर दूर-दराज के समाजों पर भी गहराई से पड़ा है। जयशंकर ने कहा अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हाल ही में आए कई वैश्विक झटकों ने हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ली है, और भारत उनसे मजबूती से उबरकर बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी, दोनों तरह की चुनौतियों का काफी हद तक सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नयी नींव रखी है। विदेश मंत्री ने कहा अधिक समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नयी नींव रखी है, जिससे हम सभी अब ऊंची उम्मीदें रख सकते हैं। हमने न सिर्फ डिजिटल क्रांति को पूरे उत्साह के साथ अपनाया है, बल्कि असल में इसे अपने जीवन में एक मकसद के साथ लागू भी किया है। यहां तक कि कई विकसित समाजों ने भी ऐसा नहीं किया है।

उन्होंने कहा मैंने जिन वैश्विक रुझानों का जिक्र किया है, उनकी रोशनी में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करना अब और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बड़े देशों के लिए तो यह बात खास तौर पर सच है। आप देखेंगे कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लखनऊ : आतंकी साजिश रचने वाले चार आरोपी पांच दिन की रिमांड में

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में पकड़े गए आतंकी मॉड्यूल के चारों आरोपितों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

**❍ बड़ी साजिश के लिए कर रहे थे ट्रायल**

यूपी एटीएस अब उनसे पाकिस्तानी हैंडलर्स और आतंकी नेटवर्क के बारे में पूछताछ करेगी। एटीएस कमांडो ने दोपहर को चारों आरोपितों शाकिब, विकास गहलावत, लोकेश उर्फ पपला पंडित और अरबाब को लखनऊ की विशेष अदालत में पेश किया, जहां उनकी कस्टडी रिमांड मांगी गयी। कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पांच दिन के लिए एटीएस को सौंप दिया। एटीएस कमांडो की कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपितों शाकिब, विकास गहलावत, लोकेश उर्फ पपला पंडित और अरबाब को लखनऊ की विशेष अदालत में पेश किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने लखनऊ, गाजियाबाद व अलीगढ़ जैसे शहरों में रेलवे संपत्ति, प्रतिष्ठित संस्थानों और कुछ राजनीतिक व्यक्तियों की रेकी की थी। एटीएस अब इन सभी स्थानों की पुष्टि और संभावित खतरे का आंकलन कर रही है। जांच एजेंसियों को शक है कि आरोपितों ने पहले छोटे स्तर की आगजनी की घटनाओं को ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ







**लखनऊ।** अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय, लखनऊ में शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर आज प्रातः 10:30 बजे से 12:00 बजे तक अभिभावकों के लिए एक भव्य ओरिएंटेशन डे एवं परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, विविध गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इसके पश्चात प्रस्तुत की गई मनोहारी गणेश वंदना ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय एवं बीबीडी ग्रुप का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें संस्थान की उपलब्धियों, मूल्यों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत स्वागत भाषण विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना स्वामी महोदया द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अभिभावकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला है। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा सकारात्मक शिक्षण वातावरण पर प्रकाश डाला तथा अभिभावकों से विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय के संयुक्त प्रयासों से ही बच्चों का समग्र विकास संभव है।

तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं के लिए परिचय सत्र आयोजित किए गए, जिनमें टॉडलर्स से कक्षा 2 तक के लिए फाउंडेशन प्रोग्राम तथा कक्षा 3 से 8 तक के लिए शैक्षणिक संरचना, परीक्षा प्रणाली एवं मूल्यांकन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ अभिभावकों को प्रदान की गईं। साथ ही, खेल गतिविधियों एवं स्पोर्ट्स विलेज की सुविधाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त, ईडीयू नेक्स्ट पोर्टल का परिचय देकर अभिभावकों को डिजिटल माध्यम से विद्यालय से जुड़े रहने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात अल्पाहार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह ओरिएंटेशन एवं परिचय सत्र अभिभावकों और विद्यालय के मध्य सशक्त संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सफल पहल सिद्ध हुआ।

# स्कूल छोड़ने वालों की संख्या घटी, शून्य तक ले जाने का लक्ष्य

## अब ड्रॉप आउट रेट 19 से घटकर मात्र 3 फीसदी हो गया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले सरकार के एजेंडे में शिक्षा नहीं थी। उन्हें बच्चों की चिंता भी नहीं थी, क्योंकि उनके लोग ही नकल कराते थे। 2017 के पहले ड्रॉप आउट रेट 19 फीसदी था। तीसरी से छठी क्लास के बाद बच्चे स्कूल छोड़ देते थे। हमने प्रदेश भर का डेटा एकत्र कराया तो निष्कर्ष में पता चला कि बच्चे स्कूल इसलिए नहीं जाते थे क्योंकि वहां शौचालय, पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। इससे बच्चे अस्वस्थ होते थे। सीएम ने पीएम मोदी की प्रेरणा से यूपी में आए परिवर्तन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा के सभी विद्यालयों में बालक-बालिकाओं के लिए अलग शौचालय, पेयजल की व्यवस्था की गई। ड्रॉप आउट रेट 19 से घटकर मात्र 3 फीसदी हो गया है।

सीएम ने बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े अधिकारियों व शिक्षकों से आहवान किया कि ड्रॉप आउट रेट शून्य तक पहुंचाने के लिए कार्य करना है। यूपी में अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं।

श्रमिकों के तथा निराश्रित बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए।



सीएम योगी ने कहा कि हर जनपद में पहले चरण में दो-दो सीएम कंपोजिट विद्यालय दिए हैं। प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत पहले चरण में 15 अप्रैल व दूसरे चरण में 15 जुलाई के बाद डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में राशि भेजी जाएगी। शिक्षकों का दायित्व है कि हर अभिभावक से संवाद बनाएं और सुनिश्चित करें कि अभिभावक जूता-मोजा, यूनिफॉर्म व स्वेटर जरूर खरीदें। इसके लिए हर अभिभावक को 1200 रुपये दिए जा रहे हैं। हर बच्चा यूनिफॉर्म में ही स्कूल आए। सीएम ने चित्रकूट के डीएम की पहल को सराहा

सीएम योगी ने चित्रकूट के जिलाधिकारी का उदाहरण देकर कहा कि उन्होंने अपने बच्चे का प्रवेश आंगनवाड़ी केंद्र में कराया। यह काम शिक्षक भी कर सकते हैं। जहां आप पढ़ा रहे हैं, वहीं बच्चों को लेकर जाइए। बच्चा पढ़ेगा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। सरकार बेसिक शिक्षा के विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध करा रही है तो आप भी इन्हें कॉन्वेंट, पब्लिक स्कूल व केंद्रीय विद्यालय की तरह कार्य करने में सक्षम बनाएं।

### जनप्रतिनिधियों को भी बनाएं स्कूल चलो अभियान का हिस्सा

सीएम ने बेसिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों से कहा कि सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर, चेयरमैन, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष-सदस्य, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों को स्कूल चलो अभियान का हिस्सा बनाएं। इसे जनांदोलन बनाएं। स्कूल का वातावरण आध्यात्मिक बनाएं। बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में शिक्षकों का प्रयास भारत की समृद्धि, प्रगति और विकसित व आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा।

# मुख्यमंत्री ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन



### बच्चों व दुकानदारों से किया संवाद

**वाराणसी।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बाबा विश्वनाथ व काशी कोतवाल काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने यहां से निकलकर आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। शनिवार सुबह उन्होंने बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचकर माथा टेका और आरती कर श्रद्धा निवेदित की। यहां से निकलते समय सीएम योगी ने आसपास के दुकानदारों व बच्चों से बातचीत की। सभी ने प्रणाम कर अपने प्रिय मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। सीएम का आत्मीय व्यवहार देखकर सभी प्रसन्न नजर आए। मुख्यमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ धाम भी पहुंचे। गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोक मंगल की कामना के साथ बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया और आरती की। मुख्यमंत्री ने यहां से प्रस्थान करते समय श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। इस पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, अनिल राजभर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक नीलकंठ तिवारी, सुशील सिंह, अवधेश सिंह आदि ने भी दर्शन-पूजन किया।

# जंगलों की निगरानी होगी तेज, 25 फॉरेस्ट वॉचर्स को मिली साइकिलें



**पीलीभीत/लखनऊ।** मुस्तफाबाद फॉरेस्ट गेस्ट हाउस, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एनवायरनमेंट वॉरियर्स, दी गार्जियंस ऑफ दी ग्रीन के नौवें चरण के अंतर्गत साइकिल एवं स्कूल किट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर 25 फॉरेस्ट वॉचर्स को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनकी पेट्रोलिंग क्षमता में वृद्धि होगी और वन सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। डॉ. सिंह ने इसे पर्यावरण संरक्षण और ग्राउंड-लेवल सपोर्ट का प्रभावी उदाहरण बताया।

उन्होंने टाइगर रिजर्व में शाकाहारी प्रजातियों, विशेषकर विभिन्न हिरण प्रजातियों की बढ़ती संख्या को स्वस्थ इकोसिस्टम का सकारात्मक संकेत बताया, जो 1980 के दशक जैसी स्थिति की पुनरावृत्ति दर्शाता है। इस मौके पर वन एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे जिला वन अधिकारी मनीष सिंह एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी सहेंद्र यादव की सराहना की। साथ ही, उन्होंने सीएसआर फंड्स के माध्यम से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिए अतिरिक्त वाटर पंप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तथा एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए पीताम्बरा ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय चोखापुरी के 10 मेधावी छात्राओं को साइकिलें और बच्चों को वेलकम किट वितरित की गई। डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षा सशक्त समाज की नींव है और इस प्रकार के प्रयास बालिकाओं को आगे बढ़ने तथा बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाने में सहायक हैं। इस दौरान उन्होंने प्रधानाध्यापक मुनीश पाठक की भी प्रशंसा की। डॉ. सिंह ने ग्रामीणों और बच्चों से अधिक से अधिक प्लांटेशन करने तथा वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# जब पीडीए सरकार बनेगी, तभी संविधान बचेगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने एक संदेश में कहा कि पीडीए के संकल्पबद्ध युवाओं को हर बूथ को मजबूत करने का जो निर्देश दिया गया है, उसको लेकर उनका अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। इस बार बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं का प्रयास मिलकर अपनी पीडीए सरकार बनाने और संविधान बचाने के लिए कटिबद्ध-प्रतिबद्ध है। सच तो यही है कि जब पीडीए सरकार बनेगी, तभी संविधान बचेगा, जब संविधान बचेगा तभी अधिकार और आरक्षण बचेगा, तभी युवाओं को भेदभाव के बिना काम-कारोबार-रोजगार के बराबर मौके मिलेंगे, नौकरी मिलेगी। वो अपने घर-परिवार के सपने पूरे कर पाएंगे और सम्मान से जीवन जी पाएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इसीलिए आज से पीडीए के युवाओं का यही नया नारा है। पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे! अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय का राज लाने के महा-लक्ष्य की असीम ऊर्जा से भरे उत्तर प्रदेश के युवा इस बार भाजपा का कोई भी चुनावी घपला, चालबाजी, जालसाजी और घोटाला नहीं चलने देंगे। पीडीए प्रभारी हर भाजपाई और उनके संगी-साथियों पर पैनी नजर रखेंगे और बाहर के राज्यों से आए नकली वोट डालने वाले चुनावी घुसपैठियों को खदेड़कर, पकड़कर, वीडियो के सबूत सहित पुलिस के हवाले करेंगे और उन्हें कानून से सजा दिलाकर ही मानेंगे। भाजपा को 2027 में देश के सबसे कठिन चुनाव का सामना करना होगा। जहाँ सतर्क, सचेत, सावधान पीडीए युवा चौकन्ने रहकर हर एक वोट पर सख़्त निगाह रखेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि याद रहे भाजपाई और उनके संगी-साथी आप सब युवाओं को उकसाएंगे, प्रतिक्रिया और प्रतिरोध करने को बाध्य करेंगे लेकिन आपको उनके झाँसे में नहीं आना है, अपना आपा, संतुलन और आत्म-नियंत्रण नहीं खोना है। हमें सोच-समझकर, सधकर, शांत होकर चलना है और अपनी युवा ऊर्जा, शक्ति और जोश को सकारात्मक रूप से हर पीड़ित से मिलकर बने पीडीए समाज को हमेशा के लिए पीड़ा, दुख और अपमान से मुक्ति दिलाने के लिए लगा देना है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अब युवा, महिला, किसान, मजदूर, कारोबार, परिवार व पीडीए विरोधी भाजपा की हर तरह से भ्रष्ट, जुमलाई, बेईमान सरकार निश्चित जाएगी, फिर कभी नहीं आएगी। याद रखें पीडीए हमारे मान-सम्मान का इंकलाब है! अखिलेश यादव ने कहा कि अपने पीडीए के उत्थान के लिए हमें खुद आगे बढ़ना होगा, हमें खुद ही लड़ना होगा और अपना वक़्त खुद ही बदलना होगा।

# योगी सरकार की त्वरित कार्रवाई : इजराइल में फंसे अखिलेश सकुशल घर लौटे

- अम्बेडकर नगर के युवक को जॉर्डन के रास्ते सुरक्षित भारत लाया गया

**अम्बेडकर नगर।** इजराइल के संघर्षग्रस्त शहर नेतन्य में फंसे अकबरपुर निवासी अखिलेश कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की त्वरित पहल पर जॉर्डन के रास्ते सकुशल वापस लाया गया। यह अभियान राज्य सरकार की मानवीय संवेदनशीलता और प्रशासनिक सक्रियता का उदाहरण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अखिलेश कुमार रोजगार के लिए कतर' गए थे, लेकिन वहां युद्ध जैसी परिस्थितियों और नियोक्ता के असहयोग के कारण वे मानसिक तनाव में आ गए और स्वयं लौटने में असमर्थ हो गए। उनकी पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च 2026 को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलकर मदद की अपील की। प्रकरण की गंभीरता देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शासन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विदेश मंत्रालय और दूतावासों ने समन्वय शुरू किया। इजराइल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक योजना बनाई गई और उन्हें स्थल मार्ग से जार्डन पहुंचाया गया। अम्मान से 2 अप्रैल को रॉयल जॉर्डनियन की उड़ान से वे 3 अप्रैल को सुबह मुंबई पहुंचे। इसके बाद एयर इंडिया की उड़ान से लखनऊ लाया गया और फिर उन्हें अम्बेडकर नगर स्थित उनके गांव पहुंचा दिया गया। घर लौटने पर अखिलेश कुमार ने कहा कि कठिन समय में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों से ही वे सुरक्षित लौट सके। उनकी पत्नी ने भी मुख्यमंत्री और प्रशासन का धन्यवाद किया। ग्राम पहुंचने पर खुशी का माहौल है। यह पूरा अभियान राज्य सरकार, जिला प्रशासन, विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय राजनयिक समन्वय का सफल उदाहरण माना जा रहा है।

# 1533 हेल्पलाइन और संभव पोर्टल से समस्याओं का समाधान

विशेष संवाददाता (vol)

- डीसीसीसी के 4 साल पूरे, नगर निकायों की मॉनिटरिंग में नई मिसाल: शर्मा
- गरीब, सफाईकर्मी एवं मलिन बस्तियों पर विशेष फोकस के निर्देश

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के सफल संचालन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को वर्चुअल बैठक की। 4 अप्रैल 2022 को इस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर मंत्री ए. के. शर्मा ने निदेशक अनुज झा एवं अपर निदेशक ऋतु सुहास सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में इस केंद्र में हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर 1533 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। साथ ही संभव ऑनलाइन पोर्टल भी संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी ऑनलाइन आमने-सामने होकर समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने संभव पोर्टल को एक अभिनव पहल बताया।



श्री शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां सुधार की आवश्यकता है। जिन नगरी निकायों की स्वच्छता रैंकिंग नीचे है, उनका विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने आगामी वर्षाकाल के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्लांटेशन एवं अन्य स्वच्छता अभियानों को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य की शुरूआत अपने आसपास से होती है, इसलिए रेहड़ी-पटरी पर कार्य करने वाले लोगों, गरीबों, सफाई कर्मियों एवं मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उनके आवास, आयुष्मान कार्ड एवं स्वच्छता सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए।

अपर निदेशक ऋतु सुहास ने इस अवसर पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न अभियानों की निगरानी भी डीसीसीसी के माध्यम से की जाती है। अपर निदेशक ने यह भी अवगत कराया कि वर्ष 2022 से अब तक कुल 3,63,510 शिकायतों के सापेक्ष 3,62,517 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 7000 घंटे का ऐतिहासिक लाइव मॉनिटरिंग कार्य भी संपन्न किया गया है।

# शकुन्तला विवि को पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसी से मिलेगा 1.68 करोड़ का अनुदान

विशेष संवाददाता (vol)

- कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में स्थापित होगा अत्याधुनिक थ्रीडी प्रिंटिंग लैब, बनेंगे कृत्रिम अंग

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय को पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ की विशेष एजेंसी यूएनआईडीओ यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) विश्वविद्यालय को कृत्रिम अंग निर्माण के लिए अनुदान देने जा रही है। यह अनुदान इंस्टालिंब संस्था के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

इसी क्रम में इंस्टालिंब के वाइस प्रेसिडेंट जापान से आए ताकायुकी तनाका ने लखनऊ पहुंचकर कुलपति आचार्य संजय सिंह से मुलाकात की। विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं और कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने 1 करोड़ 68 लाख रूपए की अत्याधुनिक मशीनों और तकनीक उपलब्ध कराने पर सहमति जताई। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि जल्द ही इंस्टालिंब से एमओयू साइन होने के बाद विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में एक आधुनिक थ्रीडी प्रिंटिंग लैब स्थापित की जाएगी। इस लैब के जरिए घुटने के नीचे और घुटने के ऊपर कटे हुए अंग वाले दिव्यांगजनों को मुफ्त अत्याधुनिक तकनीक से कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे।

कुलपति ने कहा यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि यूएनआईडीओ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था पहली बार हमें इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सहयोग दे रही है। इंस्टालिंब के साथ होने वाला यह समझौता दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगा। थ्रीडी (3ऊ) प्रिंटिंग तकनीक के माध्यम से हम अधिक गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग उपलब्ध करा सकेंगे, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। शोध और नवाचार के क्षेत्र में भी यह बड़ी पहल साबित होगी।

**इस परियोजना के तहत विश्वविद्यालय को चार चरणों में लाभ मिलेगा :** इस परियोजना के तहत मशीनों का इंस्टॉलेशन, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन, ऑपरेशनलाइजेशन और तकनीक को अकादमिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। साथ ही, एक वर्ष तक संस्था की ओर से ट्रेनर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय का स्टाफ पूरी तरह प्रशिक्षित हो सके।

**विवि को एक वर्ष तक मिलेंगे ट्रेनर :** खास बात यह है कि एक वर्ष तक इंस्टालिंब की ओर से प्रशिक्षित ट्रेनर विश्वविद्यालय में मौजूद रहेंगे, जिससे यहां के कर्मचारी पूरी तरह दक्ष बन सकेंगे। यह पहल कृत्रिम अंगों की गुणवत्ता और संख्या दोनों में सुधार लाएगी। विश्वविद्यालय को मिलने वाली यह सुविधा दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में एक नई दिशा तय करेगी।

# ओडीओपी योजना बनी युवा उद्यमियों के लिए मजबूत आधार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रहा है और एक मजबूत, सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण की नींव रख रहा है। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) इसी बदलाव का मजबूत आधार बनकर उभरी है, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवा न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। योगी सरकार के विजन आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को जनपद इटावा के रामगंज निवासी जैनुल आबदीन ने धरातल पर उतारा है। जैनुल आबदीन को जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से एक जनपद-एक उत्पाद वित्तपोषण योजना की जानकारी मिली। इस योजना के तहत उन्होंने वर्ष 2025 में 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। यह ऋण उन्हें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से मिला, जिससे उन्होंने अपनी फैशन एवं टेक्सटाइल यूनिट की स्थापना की। यहां मैक्सी व कुर्ती जैसे परिधानों का निर्माण ऑर्डर के अनुसार किया जाता है। आज उनको इस यूनिट से खर्चों के बाद हर महीने लगभग 50 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी हो रही है। उन्होंने सरकारी योजना का लाभ लेकर न सिर्फ अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया, बल्कि 4 से 6 अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया। प्रदेश में योगी सरकार युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। एक जनपद-एक उत्पाद योजना का उद्देश्य हर जिले की पारंपरिक और स्थानीय विशेषताओं को पहचान कर उन्हें वैश्विक बाजार तक पहुंचाना है।

# बाबू जगजीवन राम का संघर्ष आज की पीढ़ी के लिए मिसाल

## देश और समाज के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगी उ0प्र0 कांग्रेस- अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ में समकालीन भारत में बाबू जगजीवन राम जी की प्रासंगिकताः सामाजिक न्याय और समावेशी विकास विषय पर एक विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बाबू जगजीवन राम जी की सुपुत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार जी तथा मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रख्यात शिक्षाविद प्रो0 रतन लाल उपस्थित रहे। सांसद तनुज पुनिया ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त पदाधिकारियों अतिथियों एवं मंच एवं सभागार में बैठें हुए कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं का अभिवादन करते हुए विचार गोष्ठी के विषय का प्रतिपादन किया। संगोष्ठी का



संयोजन और संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने किया। आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बोधिति करते हुए मीरा कुमार ने लखनऊ की तहजीब की तारीफ और आए हुए कांग्रेसजनों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के युग में जब लोग पहले मैं-पहले मैं में विश्वास करते हैं वहीं लखनऊ की तहजीब हमें पहले आप-पहले आप सिखाती है। बाबू जगजीवन राम के जीवन और संघर्ष के विषय में बताते हुए मुख्य अतिथि महोदया भावुक हो गई। आजादी की लड़ाई में उनका शामिल होना, दलितों को एक दिशा देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में शामिल कराना और वंचितों और दलितों के मन में देश भावना की ज्योति जलाना उनका मुख्य कार्य रहा। देश के कृषि मंत्री के रूप में कार्य करते हुए भारत से भुखमरी दूर करने के लिए हरित क्रांति जैसी योजना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने उन्नत बीज, रासायनिक उर्वरकों और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया, जिससे देश में खाद्यान्न उत्पादन में भारी वृद्धि हुई।

संक्षेप

## 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के थाना उसका बाजार पुलिस और जनपदीय एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई को थाना प्रभारी हरेकृष्ण उपाध्याय के कुशल नेतृत्व और पुलिस टीम की सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।दिनांक 18 अगस्त 2025 को थाना उसका बाजार में दर्ज मुकदमा संख्या 148/2025 धारा 115(2)/351(3)/109(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त विजय कुमार पुत्र रामदेव निवासी अमारी थाना चिल्हिया, गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। करीब सात माह से फरार चल रहे इस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया गया था तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान (आईपीएस) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी हरेकृष्ण उपाध्याय ने अपनी टीम और एंटी थेफ्ट टीम के साथ मिलकर वैज्ञानिक व इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए आरोपी की तलाश तेज कर दी। लगातार पतारसी और सुरागरसी के बाद पुलिस टीम ने 4 अप्रैल 2026 को पकड़ी-दुमदुमवा मार्ग के पास से वांछित अभियुक्त विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी हरेकृष्ण उपाध्याय के साथ उपनिरीक्षक सुभाषचंद, संतकुमार यादव, एंटी थेफ्ट टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मिश्र तथा मुख्य आरक्षी जनार्दन प्रजापति, रमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमित यादव और आरक्षी अभिनंदन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिलाधिकारी ने किया गांवों का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** बीएचएनडी दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्राम रमवापुर कली (विकास खण्ड खुनियावं), पशुपतिनगर व नरकटहा (विकास खण्ड बांसी) तथा मसिना (विकास खण्ड जोगिया) का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं व पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर की जांच की। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा संचालित सैम-मैम बच्चों के रजिस्टर का अवलोकन करते हुए बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार के वितरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से पोषाहार उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि गांवों में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पहले गर्भवती महिलाओं और बच्चों को इसकी जानकारी दें, ताकि कोई भी लाभार्थी टीकाकरण व स्वास्थ्य जांच से वंचित न रह जाए। एएनएम को निर्देशित किया गया कि सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए तथा चिन्हित गर्भवती महिलाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनता की पीड़ा

## शिकायतों के त्वरित समाधान के दिये निर्देश



**श्रावस्ती।** तहसील जमुनहा में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें लोगों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी मामला लंबित न रहे और उसकी नियमित समीक्षा की जाए। जमीन विवाद के मामलों में राजस्व और पुलिस टीम मिलकर मौके पर जाकर जांच करें और निष्पक्ष कार्रवाई करें। अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि पुलिस से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण समय पर करें। लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद की अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस आयोजित किया गया। भिनगा और इकौना में भी अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। जमुनहा में कुल 20 शिकायतें आईं, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण हुआ। भिनगा में 11 में से 3 और इकौना में 15 में से 3 शिकायतों का तुरंत समाधान किया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस दौरान कई अधिकारी और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में मारपीट को लेकर 8 के खिलाफ मुकदमा

जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित व उसके भाई पर जानलेवा हमले को लेकर उदयपुर पुलिस ने आठ आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी एवं बलवा का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के आहरबीहर अठेहा निवासी चंद्रशेखर सिंह पुत्र स्व0 रामशरण सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन अप्रैल को सुबह पौने ग्यारह बजे प्रतिपक्षी उसकी जमीन से सटकर दीवार खड़ी कर रहे थे। पीडित अपने छोटे भाई उदय भास्कर के साथ मौके पर पहुंचा। पीड़ित ने आरोपियो से दीवार को अपनी सीध में बनाने को कहा। इस पर विपक्षियों ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी गांव के ओमप्रकाश, बलराम, धीरेन्द्र, शैलेन्द्र पुत्रगण स्व0 बैजनाथ, शिवा पुत्र ओमप्रकाश, सरिता पत्नी बलराम व शांती पत्नी ओमप्रकाश तथा शिवानी पत्नी धीरेन्द्र ने जानलेवा हमला कर दिया। घायलो की चीखपुकार पर गांव के लोग दौड़े तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ओमप्रकाश समेत आठ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## लेखपाल और प्रधानपति पर वसूली का आरोप, जांच के निर्देश

प्रतापगढ़। पीड़ित ने निर्माण के नाम पर गांव के लेखपाल तथा प्रधानपति पर धनउगाही का आरोप लगाया है। नौढ़िया पुनेहरी निवासी मानवेन्द्र सिंह यादव पुत्र राम नारायण ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के प्रधान व लेखपाल द्वारा उसके निर्माण कार्य को ग्राम समाज की जमीन बताकर बंद करा दिया गया। आरोप यह भी है कि पीडित से दोनों आरोपियो ने निर्माण के नाम पर एक लाख रुपए की मांग रखी। पीड़ित का दावा है कि उसने दबाव मे नकद व आनलाइन के तहत काफी रूपया आरोपियों के द्वारा बताये गये बिचौलिये को दे दिया। पीड़ित का कहना है कि रुपए की दोबारा मांग पूरा न करने पर उसके खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का केस क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दर्ज करा दिया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने नायब तहसीलदार पंकज कुमार को प्रकरण की जांच कर आख्या दिये जाने के निर्देश दिये हैं।

## ट्रेलर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की हुई मौत, दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

**खेसरहा बांसी, सिद्धार्थनगर।** जनपद के बांसी सीओ सर्किल क्षेत्र अंतर्गत व खेसरहा थाना क्षेत्र के बनकटा मोड़ पर शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा में सवार 2 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उक्त घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद रजा लगभग (42) पुत्र मोहम्मद अब्बास निवासी समद, थाना मेहदावल जनपद संत कबीर नगर ई-रिक्शा से सवारियां लेकर जा रहे थे। कि जैसे ही उनका वाहन खेसरहा क्षेत्र के बनकटा मोड़ के पास पहुंचा ही था की , सामने से आ रहे एक ट्रेलर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो कर और चालक मोहम्मद रजा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा में चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। हादसे में राजकुमारी (39) पत्नी राजेश निवासी कड़जा का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि पूनम (38) पत्नी अनिल निवासी खुटहन के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद दोनों घायल महिलाओं को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त खबर के अनुसार राजकुमारी और पूनम अपने बच्चों के साथ सनराइज पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह में शामिल होने जा रही थीं। उक्त घटना की सूचना मिलते ही आनन फानन में खेसरहा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। दुर्घटना में शामिल ट्रेलर को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। उक्त के सम्बन्ध में खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के अनुसार परिजनों की तहरीर मिलने के बाद ही मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## छितही में स्वच्छता अभियान कागजों में, गांव में गंदगी का राज : नालियां जाम, कचरे के ढेर से लोग परेशान

जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छितही में स्वच्छता अभियान की असलियत जमीनी हकीकत में पूरी तरह बेनकाब होती नजर आ रही है। सरकार जहां गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं छितही गांव में नालियां गंदगी से पट चुकी हैं और जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। हालात ऐसे हैं कि बदबू और गंदगी के बीच ग्रामीणों का रहना मुश्किल हो गया है, लेकिन जिम्मेदारों की आंखों पर मानो पट्टी बंधी हुई है। गांव की अधिकांश नालियां महीनों से साफ नहीं हुई हैं, जिसके कारण उनमें गंदा पानी जमा है और बदबू दूर-दूर तक फैल रही है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं, लेकिन न तो सफाईकर्मी नजर आते हैं और न ही पंचायत स्तर पर कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। गांव के निवासी शशिविंद मिश्रा ने बताया कि कई महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और पूरे गांव में गंदगी का साम्राज्य फैल गया है। वहीं ग्रामीण लाल जी ने तीखी नाराजगी जताते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान सिर्फ कागजों और बैठकों तक सीमित रह गया है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। गांव की गलियों और रास्तों पर जमा कचरे के ढेर से लोगों का निकलना भी मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही सफाई व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो गांव में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं। हालांकि इस मामले में ग्राम प्रधान मुराती देवी का कहना है कि गांव में सफाई व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सफाईकर्मी न होने के कारण कुछ दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन जल्द ही नालियों की सफाई और कचरा हटाने का काम कराया जाएगा। फिलहाल बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार गांव-गांव स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, तो फिर छितही जैसे गांवों में गंदगी के ऐसे हालात क्यों हैं? क्या स्वच्छता अभियान सिर्फ कागजों और रिपोर्टों तक ही सीमित रह जाएगा या जिम्मेदार अधिकारी भी कभी जमीनी हकीकत देखने गांव तक पहुंचेंगे? ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने और सफाईकर्मी की नियुक्ति करने की मांग की है।

## भक्ति भाव की शुद्धता में प्रसन्न होते हैं भगवान : पं. सर्वेशपति महराज



**प्रतापगढ़।** समापुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण के जगत कल्याण की महिमा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास पं0 सर्वेशपति त्रिपाठी जी ने बताया कि विपत्तिकाल में भी धर्म से विचलित न होने की प्रेरणा हैं द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण। उन्होने कहा कि अपार दुख के समय में भी भगवान का स्मरण कभी भी नहीं त्यागना चाहिए। उन्होने कहा कि राजा परीक्षित के जन्मकाल में भी भगवान स्वयं रक्षक के अवतार में सामने आये। उन्होने कहा कि वहीं परीक्षित के अंत काल में भी मृत्यु का शाश्वत सत्य भगवान के अधीन ही रहा। उन्होने कहा कि भक्ति के भाव के शुद्धीकरण में भगवान भी भक्त के अनुरागी हो जाया करते हैं। पं0 सर्वेशपति जी ने पांच पाण्डवों के भगवान श्रीकृष्ण से मांगे गये वरदान का वर्णन करते हुए मां कुन्ती के द्वारा दुख का मांगा गया वरदान को समझाते हुए कहा कि सुख और दुख दोनों समय हमें प्रभु की आराधना करना चाहिए। संचालन रामू मिश्र ने किया।

संयोजक चन्द्रप्रकाश मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर बच्चा मिश्र, ज्ञानप्रकाश मिश्र, आलोक सिंह, रामचंद्र शुक्ल, शिवलाल वैश्य, दीपू सिंह, उदयराज मिश्र, पिण्टू मिश्र, शिवकुमार जायसवाल, रामसमुझ तिवारी, रामलखन भारती, प्रभाकर नाथ मिश्र, पवन मिश्र, शुभम मिश्र, प्रेम भारती, राजेश शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, राधेश्याम मिश्र, रामआसरे तिवारी, रज्जन शुक्ला, सोनू उपाध्याय आदि रहे।

## मिशन शक्ति से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेजझ5 (द्वितीय चरण) के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा गांवों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। चौपाल और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से बचने के उपाय बताए गए। उन्हें ओटीपी साझा न करने और किसी भी समस्या पर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने की सलाह दी गई।

इसके साथ ही 1090, 181, 112, 108, 1098 और 1076 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस ने वढउडढ ऐप और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग के बारे में भी बताया।

महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही थानों पर बने मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क की सुविधाओं के बारे में भी बताया गया।

श्रावस्ती पुलिस का यह अभियान महिलाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लगातार जारी है।

## एएसपी-एसडीएम ने सुनीं शिकायतें निस्तारण का दिया निर्देश



**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में एएसपी व एसडीएम ने संयुक्त रूप से समस्याओ की सुनवाई करते हुए अफसरो को समयबद्ध कार्रवाई के कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस में एक सौ तेरह शिकायतों में सात का निस्तारण किया गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व पैसठ, पुलिस विभाग छब्बीस, विकास पांच, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत विभाग छः, आपूर्ति विभाग चार व अन्य विभागों की छः रहीं। जिले के एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय ने पुलिस विभाग से जुडी शिकायतों की सुनवाई करते हुए थानाध्यक्षों को मौके का निरीक्षण कर दोनों पक्षों की उपस्थिति में समाधान कराए जाने के निर्देश दिये। राजस्व एवं अन्य विभागों से जुडी शिकायतों की सुनवाई एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने किया। एसडीएम ने समाधान दिवस से जुड़ी शिकायतों में से ज्यादातर दोबारा को देख मातहतो को जमकर फटकार लगायी। उन्होने तहसीलदार को निस्तारण आख्या की समीक्षा के भी निर्देश दिये। इस मौके पर सीओ आशुतोष मिश्र, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, ईओ इन्द्र प्रताप, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे अगई मोड पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह दिन में पौने बारह बजे मेढ़ावां गांव में शैक्षिक समारोह में शामिल होंगे। दिन में डेढ़ बजे सांसद प्रमोद तिवारी मोठिन के बाल विद्या मंदिर में आयोजित मेधा सम्मान कार्यक्रम मे भी शामिल होंगे। वह क्षेत्र के कौड़ियाडीह, हरनाहर, जलेशरगंज व नगर पंचायत के मनीपुर मे विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सायं साढे चार बजे वह समापुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में पहुंचेगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## युवक से मारपीट को लेकर दो के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** युवक के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के चमरूपुर शुक्लान निवासी अजय वर्मा पुत्र कल्लू वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन अप्रैल को दिन में दो बजे वह बाजार से सब्जी लेकर घर आ रहा था। इस बीच एक ठेके के पास पहले से मौजूद काछा गांव के आदर्श तिवारी पुत्र हितेन्द्र व प्रज्वल शुक्ला पुत्र जयप्रकाश उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी देते हुए लोहे की राड से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने उसकी बाइक में भी तोडफोड की। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आदर्श समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## किशोरी का अपहरण, आरोपी के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे विजई राजापुर निवासी पूरन कुमार की पत्नी सरिता देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन अप्रैल को दिन में ग्यारह बजे उसकी चौदह वर्षीया पुत्री अपनी बहन के साथ गांव के बाहर शौच को गयी थी। तहरीर मे कहा गया है कि अपहृता के अचानक गायब होने पर उसकी बहन ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। तहरीर में आशंका जतायी गयी है कि घटना के तीन दिन पहले गावं के आरोपी आदित्य उर्फ नन्नू पुत्र छोटे लाल विश्वकर्मा ने उसकी गायब बेटी के फोन पर बातचीत की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

## वार्षिक परीक्षाफल में टॉपर्स को मिला मेडल, खिले चेहरे




**प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल एवं रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोहपूर्वक हुआ। वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में सीपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के प्रबन्ध निदेशक विकास मिश्रा ने विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह मेडल ग्रेजुएशन कैप पहना कर सम्मानित किया। छात्र छात्राओं के चेहरे पुरस्कार पाकर खिले नजर आये। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को समारोहपूर्वक मेडल प्रतीक चिन्ह साथ ग्रेजुएशन कैप टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। गांधी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में अभिवावकों की उपस्थिति भी सराहनीय रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने कहा कड़ी मेहनत और ईमानदारी से किया गया परिश्रम रंग लाता है। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण गुप्ता ने किया कार्यक्रम का संयोजन ध्रुव नारायण मिश्र ने किया कार्यक्रम में संजू त्रिपाठी, दिव्या त्रिपाठी, सुचिता त्रिपाठी, साक्षी सिंह, तरन्नुम बानो, निशात फातिमा, स्तुति तिवारी, श्रद्धा दुबे, श्रद्धा सिंह, सूर्यभान वर्मा, रोहित यादव, शमशाद अहमद, शेखर शुक्ला, किरन ओझा आदि ने अपने विचार रखे।

## ज्ञानप्रकाश शुक्ल चुनाव समिति के अध्यक्ष और वीरेन्द्र महामंत्री हुए चयनित

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर शनिवार को एल्डर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मत से पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल को चुनाव समिति का अध्यक्ष चयनित किया गया। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र व संचालन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में चुनाव समिति में संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अगई को महामंत्री, रामलगन यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बेनीलाल शुक्ल उपाध्यक्ष, शिवाकांत उपाध्याय कोषाध्यक्ष, संतोष पाण्डेय आय व्यय निरीक्षक व शैलेन्द्र चतुवेर्दी को संगठन मंत्री चयनित किया गया। समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी सोमवार को चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, राव वीरेन्द्र सिंह, राम मोहन सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, केबी सिंह, टीपी यादव आदि रहे।

## तमंचा संग धराया आरोपी, गया जेल

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को दबोच कर उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद करने में सफलता ली है। लालगंज कोतवाली मे तैनात दरोगा विवेक कुमार शनिवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। बोधी सिंह का पुरवा पुलिया के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को गोशाला के समीप पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों के तहत दबोच लिया। पड़ोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के गोसी का पुरवा निवासी आरोपी मुकेश सरोज पुत्र झुरई के पास से एक तमंचा व जीवित कारतूस बरामद करने मे पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज हुआ है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## 26 शिकायतों में 5 का मौके पर निस्तारण

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील इटवा में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस में राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति, विद्युत तथा अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी द्वारा की गई, जबकि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना। इस दौरान उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की आख्या का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का मौके पर निरीक्षण कर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील समाधान दिवस और आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जांच शिकायतकर्ता और विपक्षी दोनों की मौजूदगी में की जाए। जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपालों को भूमि संपत्ति रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तहसील दिवस से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व के 13, पुलिस के 5, विकास के 2, विद्युत के 3, चकबंदी के 1, पूर्ति के 1 और समाज कल्याण के 1 मामले शामिल रहे। इनमें से राजस्व के 4 तथा समाज कल्याण का 1 प्रार्थना पत्र मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# डीएम एसपी ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता (vol)




**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने विकास खण्ड जमुनहा स्थित ह्लश्रीराम भारत गैस एजेंसीह्व का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस सिलेंडरों के भंडारण, वितरण व्यवस्था, उपभोक्ता कनेक्शन तथा सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की। जांच में पाया गया कि एजेंसी पर कुल 19,281 उपभोक्ता कनेक्शन के सापेक्ष 540 बुकिंग प्राप्त हुई हैं, जबकि 154 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने एजेंसी संचालक को निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस रिफिल उपलब्ध कराई जाए और किसी प्रकार की घटतौली की शिकायत न मिले।

उन्होंने होम डिलीवरी रजिस्टर एवं पेंडिंग बुकिंग की भी समीक्षा की, जिसमें 25 सिलेंडर होम डिलीवरी हेतु सुरक्षित पाए गए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित समय से अधिक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई हॉकर निर्धारित दर से अधिक धनराशि वसूलता पाया गया, तो उसका लाइसेंस निरस्त कर एजेंसी के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं से बातचीत कर फीडबैक लिया और कहा कि आवश्यक सेवाओं की सुचारू आपूर्ति प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय, पूर्ति निरीक्षक जमुनहा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गैस बुकिंग के बाद घर बैठे मिलेगा सिलेंडर

**श्रावस्ती।** जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं को जानकारी दी है कि गैस रिफिल की बुकिंग करने के बाद सिलेंडर की होम डिलीवरी संबंधित गैस एजेंसी द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि हर गैस एजेंसी को रोजाना होम डिलीवरी पाने वाले उपभोक्ताओं की सूची अपने प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप से लगानी होगी, ताकि लोगों को पूरी जानकारी मिल सके। जिला पूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस रिफिल के लिए एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। बुकिंग के बाद एजेंसी द्वारा नियम के अनुसार गैस सिलेंडर घर तक पहुंचाया जाएगा।

संक्षेप

## दो पक्षों ने चटकायीं लाठियां, केस दर्ज

**सरहरी,गोरखपुर।** चिलुआताल थाना अर्न्तगत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा भिटनी डोहरिया वाजार में पुरानी रंजिस को लेकर दो पक्ष आमने सामने होकर मारपीट कर लिए। दोनो पक्षो से दो महिलायें घायल हो गयी। दोनो पक्षो के तहरीर पर पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।प्रथम पक्ष की आलिया खातून पत्नी बशीउल्लाह निवासी भिटनी ने लिखित तहरीर देकर बताई कि बीते शुक्रवार को सुबह नौ बजे के आस पास मैं अपने दरवाजे पर बैठी थी। पुरानी रंजिस को लेकर बगल के रहने वाले जमीर अहमद, रफी , बशीर व अफजल , मो० फैसल दरवाजे पर चढ़ कर गाली देने लगे मना करने पर मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिये वही दूसरे पक्ष के जमीर अहमद पुत्र स्व० शैफुला निवासी भिटनी ने लिखित तहरीर देकर बताया कि गेट बनावाने को लेकर कुछ दिन पुर्व बगल के लोगो से बिवाद हो गया था उसी पुराने बिवाद को लेकर मेरी पत्नी रेहाना को बशी उल्लाह , फैजान मारने पीटने लगे जिससे मेरी पत्नी बेहोस होकर गिर गयी पुलिस दोनो पक्षो के तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## कहारन पुल बंद होने से शहर में लग रहा है जाम

**इटावा।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने बताया कि कहारन पुल मरम्मत के लिए बंद होने के बाद पुरविया टोला रोड, साबितगंज और रामगंज चैराहे पर ट्रैफिक का बोझ बढ़ गया है, इन क्षेत्रों में सुबह से ही भारी जाम लग जाता है, यहां वन-वे व्यवस्था एक होमगार्ड के भरोसे चल रही है, स्थानीय व्यापारी इस जाम से परेशान हैं, आलोक दीक्षित ने कहा कि सोमवार से स्कूल भी खुल रहे हैं जब स्कूल बसें शहर में आयेंगी तो स्थिति और कठिन हो जायेगी। व्यापार मंडल ने जिलाप्रशासन से मांग की है कि जब तक कहारन पुल पुनः चालू नहीं हो जाता तब तक वन-वे व्यवस्था पर परिवर्तन किया जाये ।

## नशा मुक्ति अभियान को दिखायी हरी झंडी

**सफीपुर, उन्नाव।** प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विवि राजयोग केंद्र माउंट आबू नशा मुक्ति अभियान को चेयरमैन प्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र माउंट आबू संस्था ने एचडी एलसीडी टीवी तथा कुंभकरण की झांकी के माध्यम से संपूर्ण भारत में एक अप्रैल से छह अप्रैल तक चलने वाले नशा मुक्त अभियान को चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राज बेटा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एचडीएलसीडी टीवी वैन आगामी 6 अप्रैल तक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थो के सेवन से हानि लाभ आदि के विरुद्ध लोगों को जागरूक करेगी।

### सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपनी पुत्री बबिता मिश्रा को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। राजेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र स्व. देवकी नन्दन मिश्रा निवासी-गुलरिया गार्दा, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर विकासखंड-दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर**

पत्रांक - मेमो　　दिनांक 04.04.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर विकासखंड दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 05.04.2026 से दिनांक 10.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 10.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | वंशराज के घर के पूरब सदाराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 218836 रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |

**नोट-: समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।**

सचिव/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-रोहनी खोजगीपुर विकासखंड-दोस्तपुर
जनपद सुल्तानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत दखिनवारा,विकासखंड कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर**

पत्रांक - मेमो　　दिनांक 04.04.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत दखिनवारा विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में राज्य बित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 05.04.2026 से दिनांक 09.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दखिनवारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | पिच रोड से राज कुमार के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |

**नोट-: समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।**

सचिव/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-दखिनवारा, विकासखंड कूरेभार
जनपद सुल्तानपुर

# शुरू होगा विकास का नया सोपान

## रविवार को ऐतिहासिक घंटाघर के सुंदरीकरण कार्य का सीएम करेंगे लोकार्पण

- शहीद बंधु सिंह पार्क में बने मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करने के साथ नये कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की रखेंगे आधारशिला



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर महानगर में विरासत के सम्मान संग विकास के नए सोपान का शुभारंभ करेंगे। वह ऐतिहासिक स्मृतियों को सहेजे घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करने के साथ विकास की एक परियोजना का लोकार्पण और एक का शिलान्यास करेंगे। इनमें से एक परियोजना घंटाघर में अमर बलिदानी बंधु सिंह के नाम पर बने मल्टीलेवल पार्किंग एवं कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण और दूसरी पांडेयहाता विरासत गलियारा में कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास की है।

महानगर के घंटाघर के साथ स्वतंत्रता आंदोलन की यादें जुड़ी हैं। आज जिस स्थान पर घंटाघर है, वहां देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के दौरान एक विशाल पाकड़ का वृक्ष हुआ करता था। इसी वृक्ष पर आजादी की पहली लड़ाई में कई स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दी गई थी। 19 दिसंबर 1927 को काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को जब गोरखपुर कारागार में फांसी दी गई थी तब उनकी शवयात्रा घंटाघर में आकर रुकी थी। तब बिस्मिल जी की माता ने यहां एक प्रेरक उद्बोधन दिया था। तभी से यह स्थान पंडित बिस्मिल को समर्पित हो गया। मीनार की तरह ऊंची इमारत के रूप में घंटाघर के निर्माण का वर्ष 1930 में रायगंज के सेठ राम खेलावन और सेठ ठाकुर प्रसाद ने कराया था। इमारत पर घंटे वाली एक घड़ी लगाई गई जिसकी वजह से यह घंटाघर के नाम से प्रसिद्ध हो गई। आज यह स्वतंत्रता संग्राम और अमर बलिदानियों के जीवंत प्रतीक के रूप में महानगर की गौरवशाली विरासत है। इमारत के निचले हिस्से पर पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान की याद दिलाती चित्रकारी उकेरी गई है। इस विरासत के संरक्षण के लिए सीएम योगी की प्रेरणा से नगर निगम ने एक करोड़ रुपये व्यय कर सौंदर्यीकरण कराया है ताकि आने वाली पीढियां भी इस गौरवगाथा से परिचित हो सकें। सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

विरासत के संरक्षण के प्रकल्प से लोगों को जोड़ने साथ सीएम योगी जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता से संबंधित दो विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। घंटाघर में अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में 27.26 करोड़ से महानगर की दूसरी मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसे बंधु सिंह के ही नाम पर एक कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग के रूप में विकसित किया गया है जिसमें 43 दुकानों का भी निर्माण हुआ है। इस कॉम्प्लेक्स में 50 कारों और 200 दोपहिया वाहनों की पार्किंग हो सकेगी। इस कॉम्प्लेक्स में भी विरासत को सहेजने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े प्रसंग को दीवारों पर पेंटिंग से जीवंत किया गया है। बंधु सिंह पार्क में पहले से अवस्थित रहे प्राचीन शीतला माता मंदिर को कॉम्प्लेक्स के भूतल पर व्यवस्थित किया गया है। सीएम रविवार शाम इस मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे। रविवार शाम को ही सीएम विरासत गलियारा पांडेयहाता में 34.43 करोड़ की लागत वाले एक नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला भी रखेंगे।

## विवाहिता को मारपीट कर किया घायल, केस दर्ज

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के भगवानपुर खास में एक विवाहिता को उसके ससुरालियो द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया है। महिला की तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। भगवानपुर खास निवासी सरिता पत्नी स्व० धनेश ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि मै अपने ससुराल में एक कमरे में रहती हूँ। बीते गुरुवार की शाम ससुर ओमप्रकाश सासु चन्द्रावती एवं तीनो अपने लड़को के साथ मेरे कमरे से मेरा सामान निकाल रहे थे। मेरे द्वारा प्रतिरोध करने पर मुझे भी मारपीट कर घर से खीच बाहर करने लगे। मेरे शोर मचाने एवं पुलिस को सूचित करने पर पुलिस के हस्तक्षेप से जान बची पुलिस ने पिड़िता के तहरीर के आधार पर केस कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## 116 मामलों में मात्र 8 का निस्तारण

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** तहसील तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों द्वारा कुल एक सौ सोलह मामले निस्तारण के लिए आये थे। जिसमें मात्र 8 मामलों का ही निस्तारण मौके पर किया गया। शेष मामले संबंधित विभाग से आये अधिकारियों कर्मचारियों को प्रेषित कर शिघ्र निस्तारण का निर्देश दिया गया। शनिवार को महीने का पहला शनिवार होने के कारण तहसील सभागार में एसडीएम चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित समाधान दिवस में निस्तारण के लिए कुल 116 मामले आए थे। जिसमें मात्र आठ मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका।शेष सभी मामलों को त्वरित निस्तारण का निर्देश देते हुए संबंधित विभाग से आये अधिकारियों कर्मचारियों को प्रेषित कर दिया गया। समाधान दिवस पर सबसे अधिक मामले राजस्व चकबंदी तथा पुलिस विभाग से आये थे। उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार चौरीचौरा संजय सिंह, चकबंदी अधिकारी चौरीचौरा शिवशंकर प्रसाद सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा रत्नेश्वर सिंह बीडीओ ब्रम्हपुर गरिमा सिंह, बीडीओ सरदार नगर श्यामलाल , राजस्व निरीक्षक रामानंद यादव सहित तमाम राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

# छह मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान शुरू



**इटावा।** भर्थना विधानसभा के समस्त छः मंडलो में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का नारायणा कॉलेज में शनिवार को शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण अभियान का समापन रविवार को होगा। प्रशिक्षण में कुल सात सत्र आयोजित किए जाएंगे। सत्रों में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। भर्थना विधानसभा के समस्त छः मंडलो में एक साथ उद्घाटन सत्र आयोजित हुए। भर्थना प्रथम मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने तथा उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता, भर्थना द्वितीय मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री रामकुमार त्रिपाठी व उद्घाटन मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष कन्नौज नरेंद्र राजपूत, महेवा मंडल की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा व उद्घाटन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, बकेवर मंडल की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद चैहान व उद्घाटन भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष शिववीर सिंह भदौरिया व लखना मंडल की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी व उद्घाटन पूर्व जिलाध्यक्ष औरैया भुवनप्रकाश गुप्ता तथा चकरनगर मंडल की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शेखर चैहान व उद्घाटन निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। प्रशिक्षण अभियान में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक केके राज, डॉ. सिद्धार्थशंकर दोहरे, सावित्री कठेरिया, डॉ. रमाकांत शर्मा, कृपानारायण तिवारी, विमल भदौरिया, जिलामहामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, विनीता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

**बकेवर, इटावा।** गाँव सराय नौधना से बीमार बहिन को दवा दिलाने आ रहे ई रिक्शा अनियंत्रित होकर बिजली घर के पास पलट गया जिससे दो महिलाओ सहित चार लोग मामूली चोटिल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर लेकर पहुँचे। ग्राम सराय नौधना निवासी राजन ने बताया शुक्रवार की रात नीतू देवी, रिकू, राजन के साथ ई रिक्शा में बैठाकर बीमार बहिन पूनम को दिखाने के लिए 50शैया अस्पताल बकेवर लेकर जा रहे थे जैसे ही उनका ई रिक्शा कस्बा बकेवर के पास बिजली घर के सामने पहुँचा कि उसी समय चालक का संतुलन बिगड गया और ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ई रिक्शा पलटे ही बैठी सवारियो में चीख पुकार मच गयी और सवारियाँ नीचे दब गयी चैकी पर मौजूद पुलिस फोर्स भागकर मौके पर पहुँचा और रिक्शा हटाकर नीचे दबी सवारियो को बाहर निकला जिसमे दो महिलाओ सहित चार लोगो को मामूली चोटे आयी। सभी घायलो को पुलिस ने 50 शैया अस्पताल बकेवर लेकर पहुँचे जहाँ चिकित्सक ने इलाज कर सभी घायलो की छुट्टी कर घर भेज दिया।

## नाना की धरोहर पर कुछ लोगों का कब्जा पीड़ित ने प्रशासन से लगायी गुहार

**इटावा।** कटरा शमशेर खां में जमीन कब्जे का एक चैंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां ब्रजेश कुमार दुबे नाम के पीड़ित व्यक्ति ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमीनी स्तर पर इंसाफ की दुहाई दी है। शिवकुमार का दर्द बयां करता है कि उनके नाना के प्लॉट पर कुछ अराजक तत्वों ने न सिर्फ अवैध रूप से कब्जा कर लिया, बल्कि बिना उन्हें कुछ बताए ही उस प्लॉट का झूठा बैनामा रजिस्ट्री भी करवा डाला। यानी कुछ लोगों ने एक तरह से कागजात पर भी कब्जा जमा लिया। पूरा मामला थाना कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। अब पीड़ित शिवकुमार दुबे के पास अपने नाना की इस धरोहर को वापस पाने के लिए सिर्फ प्रशासन का सहारा बचा है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अस्पताल में पड़ा कीमती पर्स सैनिकों ने डॉक्टर को सौंपा



- अस्पताल में तैनात डॉ. अर्चना सिंह व सैनिकों ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

**इटावा।** जिला अस्पताल में महिला इमरजेंसी वार्ड में डाक्टर को दिखाने आयी डाक्टर ने सांस की तकलीफ को देखते हुए भाप उसके मुंह द्वारा शरीर में दी गई। ठीक होकर जाते समय वह पर्स मरीज विश्राम कक्ष में भूल गई। वहां मौजूद स्वीपर कैदार ने पड़े पर्स की सूचना अस्पताल में सुरक्षा कर्मी सुपरवाइजर राजेश व सुरक्षा कर्मी राजपाल सिंह को दी। उन्होंने पर्स को डाक्टर अर्चना सिंह को सौंपा। डाक्टर अर्चना सिंह ने जिसकी सूचना सीएमएस को दी। पर्स में पीली धातु व सफेदी धातु सहित तमाम चीज थी। सुपरवाइजर राजेश कमार व सहयोगी राजपाल सिंह ने पर्स को डा. अर्चना सिंह को सौंप दिया। उन्होंने पर्स की सूचना सीएमएस को दी। पर्स में रखे पीली धातु व सफेद धातु के सामानों सहित एटीएम कार्ड व दवाइयों आदि की लिखा पढ़ीकर अस्पताल की पीआई द्वारा थाना सिविल लाइन पुलिस को दी। डा. अर्चना सिंह व सुपरवाइजर के मुताबिक पर्स में चार अंगूठी, कान की सुई धागा, पायल, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व दवाइयां दी। महिला कुसमा देवी पत्नी निर्भय सिंह निवासी भीखेपुर जिला मैनपुरी कल सुबह शुक्रवार 9 बजे जिला अस्पताल सांस लेने में तकलीफ पर दिखाने आयी थी डाक्टर द्वारा भाप लगाने के बाद वह ठीक हो गयी और जल्दी जल्दी में वह पर्स छोड़ गयी जिसमें कीमती सामाना था। स्वीपर, सैनिकों व डा. अर्चना सिंह ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। लोगों के दिलों में अभी भी ईमानदारी जिन्दा है। महिला को पर्स मिलने पर उसने बहुत खुशी का इजहार किया। उक्त लोगों की भूरि भूरि प्रशंसा की। अस्पताल स्टाफ के लोगों ने भी सैनिकों व स्वीपर की जमकर तारीफ की। महिला को फोन द्वारा सूचना पर्स के बारे में दे दी गई है।

## शत्रुघ्न को पुनः जिला कोषाध्यक्ष बनने पर न पं कार्यालय पर सभासदों ने दी बधाई

**गोला, गोरखपुर।** भाजपाके गोरखपुर जिला इकाई की नवगठित टीम में नगर पंचायत गोला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता शत्रुघ्न कसौधन को पुनः जिला कोषाध्यक्ष व श्याम नारायण दूबे को जिला कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर बधाईयों का तांता लगा हुआ है। गोला नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर नपं के सभासदों एवं भाजपा कार्यकताओं ने पुनः मनोनीत जिला कोषाध्यक्ष शत्रुध्न कसौधन को माल्यार्पण व पट्का पहनाकर बधाई देने के साथ ही अभिनंदन किया। इसी कड़ी में मण्डल अध्यक्ष गोला अजय राजभर व मंडल अध्यक्ष गोपालपुर संदीप सोनकर तथा भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुनः मनोनीत जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन व जिला कार्यसमिति सदस्य श्याम नारायण दूबे को अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभासद दिनेश सिंह, सच्चिदानंद राय, राजेश जायसवाल, सीताराम मद्धेशिया, भीम यादव, अशोक कुमार, श्रीकांत निषाद, रमाशंकर प्रसाद, संदीप सोनकर, ऋषि साहनी, राजकुमार हिंदुस्तानी, पूर्व सभासद इमरान अंसारी, सोनू कुमार, कमल गुप्ता, गुड्डु सोनकर, आदि लोगो ने बधाई दी।

## यूपी पीएससी में 13वीं रैंक पाने वाली सुषमा का चौरीचौरा में फूल-मालाओं से हुआ स्वागत

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के ब्रह्मपुर ब्लॉक अंतर्गत सिंहपुर गांव निवासी पूर्व ग्राम प्रधान गोपाल यादव की पुत्री सुषमा यादव द्वारा उप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 13वीं रैंक हासिल करने के बाद क्षेत्र में अपने पिता,भाई,व पति के साथ मायके जाते समय चौरीचौरा प्रथम आगमन पर चौरीचौरा की क्रान्तिकारी धरती पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के सिंहपुर निवासी सुषमा यादव ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 13 वां रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चौरीचौरा में सुषमा यादव प्रथम आगमन पर चौरीचौरा के भोपा बाजार चौराहे पर लोगों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चमकी बीआईटी गीडा की स्नेहा सिंह, कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र चयनित



**सहजनवां, गोरखपुर।** गीडा स्थित बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) की छात्रा स्नेहा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में चयनित होकर गोरखपुर जनपद का मान बढ़ाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा स्नेहा के शोध पत्र का चयन प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्था IEEE द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस के लिए हुआ है।

विशेष बात यह है कि इस प्रतिष्ठित कॉन्फ्रेंस में विभिन्न बड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों के बीच पूरे पूर्वांचल से केवल स्नेहा सिंह के शोध पत्र को ही स्थान मिला है। यह कॉन्फ्रेंस स्पेस, एयरोस्पेस और डिफेंस जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों पर आधारित है, जो भविष्य की तकनीक के लिए एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। स्नेहा की इस सफलता पर संस्थान के सचिव डॉ. रजत अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बीआईटी अपने छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय मार्गदर्शन और सुविधाएं देने के लिए सदैव तत्पर रहता है। संस्थान के निदेशक प्रो. रूप रंजन और विभागाध्यक्ष इं. अनिल कुमार चौधरी ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि स्नेहा का यह शोध कार्य उनकी तकनीकी दक्षता और बौद्धिक कौशल का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, सीटीओ विजय कुमार श्रीवास्तव, फामेर्सी निदेशक डॉ. आशीष सिंह, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, अभिनव श्रीवास्तव, अवधेश तिवारी, ऐहराज महमुद सिद्धीकी, संतोष त्रिपाठी, प्रो. डॉ. शोभा लाल और अंकुर कुमार सहित सभी विभागों के शिक्षक व कर्मचारीयों ने बधाई दिया।

## नाबालिग को बहलाकर भगा ले गया युवक, केस दर्ज

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गाँव की एक किशोरी को एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। किशोरी के मामा के लिखित तहरीर पर पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा उस्का निवासी गणेश गुप्ता ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर बताया कि बीते शुक्रवार की दोपहर बारह बजे के आस पास मेरी भाँजी को एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया जानकारी होने पर काफी खोजबीन के पश्चात पता चला कि मगहर का रहने वाला अभिषेक शर्मा ही बहला फुसला कर ले गया है।

# स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण शुरू




**उन्नाव।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम ब्लाक संसाधन केंद्र मियागंज में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्रीकी अध्यक्षता में 4 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर में आयोजित स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को दिखाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बम्बा लाल दिवाकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय, बीइओ मियागंज मनीन्द्र कुमार, ग्राम प्रधान आसीवन मो सलाम के साथ साथ अन्य जनप्रतिनिधि एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के साथ किया गया, इस लाइव प्रसारण को मंच पर मौजूद गणमान्य जनों के साथ साथ बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक देखा और अभियान के उद्देश्यों को समझा। इस अवसर पर विधायक ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय पहुंचे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे, यही सरकार का लक्ष्य है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में मौजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने का संकल्प है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की साथ ही बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## विवाहिता खुशबू राज की गला रेतकर हत्या करने वाला सिरफिरा प्रेमी गिरफ्तार

**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर बाजार में हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। विगत एक अप्रैल को विवाहिता खुशबू राज की गला रेतकर हत्या करने वाला सिरफिरा प्रेमी सीताराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू भी गजपुर बाजार के एक ठिकाने से बरामद किया गया है। एसपी साऊथ दिनेश कुमार पूरी ने बताया आरोपी को सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले से जुड़े सभी साक्ष्यों को एकत्रित कर लिया है और कानूनी प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। गजपुर के रहने वाला हत्यारोपी सीताराम का गांव के दोस्त जितेंद्र के घर आना जाना था। इसी दौरान जीतेंद्र के बड़े भाई उपेंद्र की पत्नी खुशबू राज से उसकी नजदीकियां बढ़ गई। कुछ समय बाद दोनों के अवैध संबंध का परीजनों को पता चल गया। कई बार दोनों के परीजनों में समझौता हुआ की दोनों एक दूसरे से कोई संबंध नहीं रखेंगे। इस बीच खुशबू सीताराम से मुंह फेरने लगी थी ? इसी बात से वह कई दिनों से नाराज था। बीते 1 अप्रैल को सिरफिरे सीताराम ने गजपुर बाजार में खुशबू राज की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद से ही हत्यारोपी सीताराम की तलाश में जुटी पुलिस और एसओजी की टीम ने घटना के दो दिनों के बाद शनिवार को उसे धर दबोचा। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।



# सभासदों को चेयरमैन ने दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ



**गोरखपुर।** नगर पंचायत बड़हलगंज के लिये शासन द्वारा मनोनीत सभासदों को चेयरमैन प्रीति उमर ने चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी व अधिशासी अधिकारी राम समुख की मौजूदगी में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाया। शनिवार को नगर पंचायत के विश्वनाथ उमर सभागार में सम्पन्न हुए मनोनीत सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ग्रहण के पश्चात चेयरमैन प्रीति महेश उमर ने मनोनीत सभासदों आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, निशा जायसवाल और राजकुमार निगम को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के निर्वाचित सभासदों का भी स्वागत पुष्पवर्षा कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि मौजूद चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने सभासदों के मनोनयन हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल का आभार प्रकट किया कि उन्होंने कार्यकताओं के समर्पण, संगठन में योगदान और कर्मठता को सम्मान दिया। कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ उमर ने किया और चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने सभागार में सभी सभासदों का स्वागत किया। इस अवसर पर सभासद रवि साहनी, राजीव मिश्र, सुदीप वर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, दीपक शर्मा, दीपक गौड़, सूरज सोनकर, जीतेन्द्र पासवान, नियाज कुरैशी, सभासद प्रतिनिधि रामदास मद्धेशिया, संजय सोनकर, ऋषि चन्द, लक्ष्मण साहनी, भाजपा बड़हलगंज मण्डल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र, नरहरपुर मण्डल अध्यक्ष बृजेश मिश्रा, ग्राम प्रधान अष्टभुजा सिंह, बनवारी प्रसाद, गंगासागर शाही, सन्तोष जायसवाल, अनूप जायसवाल, संजय मौर्य, सुनील उर्फ बबलू मद्धेशिया, दिलीप निगम, मनमोहन पटवा, मुन्ना निषाद, अजीत राव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय तिवारी, संत रविन्द्र दास महाराज, लक्ष्मीनारायण गुप्त, अरविन्द सिंह, श्यामजी पाण्डेय, प्रकाशवीर जायसवाल, लिपिक सुनील कुमार, नियाज अहमद आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम की अध्यक्षता में हुई सुनवाई

**पुरवा (वीओएल)।** तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम राजस्व वित्त सुशील गौड़व एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। मौके पर राजस्व 27 पुलिस- 15 विकास-व 4 व अन्य 11 सहित कुल 57 फरियादियों से रुबरू हुए। जहां मौके पर कुल 06 मामलों का निस्तारण संभव हो सका। लम्बित 51 वादों को निर्धारित समय में निस्तारण कराने के निर्देश मातहतों को दिये। इसी बीच ग्राम झकवाशा निवासिनी रानी ने बताया कि उसकी गाटा संख्या 165 व 170 पर मालिक व काबिज दर्ज कागजात है। वह अपने खेत पर मकान का निर्माण कर रही है जिसपर गांव के ही प्रमोद सुरेश आदि मिलकर बनी दीवार को गिरा दी।

**उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
**अनपरा, सोनभद्र**

**निविदा सं० एवं कार्य का विवरण**

1. ई–निविदा सं०: 03/सी०एच०डी०–2/ए०टी०पी०एस०/2025–26, अ'ताप विद्युत गृह 3x210 मे०वा० के कोयला संचालन संयंत्र, के सम्पूर्ण विद्युत एवं यांत्रिक अनुरक्षण का कार्य। धरोहर राशि– रु० 38,000.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथि: 21.04.2026 (18:00 बजे तक)।

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रुप से www.etender.up.nic.in या https://gem.gov.in पर देखें।

पत्रांक: 3232/मु0अभि0(स्तर–1)/अ0ताप/कला अनु0　　दिनांक: 04.04.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संक्षेप

## हार्टअटैक से पुलिसकर्मी व रसोइया की मौत

धौरहरा खीरी। कोतवाली धौरहरा में तैनात दीवान रजनीश (51) निवासी पहाड़पुर, उन्नाव का शनिवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले करीब दो माह से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज लखनऊ के राममनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहा था। परिजनों के अनुसार किडनी फेल होने के कारण उनकी मौत हो गई। दीवान की मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, कोतवाली के मेस में तैनात रसोइया राजू (58) निवासी इंद्रा नगर, लखीमपुर की भी शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में पुलिसकर्मी उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर उनकी मौत हार्टअटैक से होना बताई जा रही है। थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर ने बताया दीवान के शव को उनके गृह जनपद भेजा गया है। जबकि रसोइये के शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिवार को सौप दिया गया।

## 31 शिकायतें आयीं एक निस्तारित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर केवल एक शिकायत का ही निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष 30 शिकायतों को जांच के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। शनिवार को एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में सबसे अधिक 22 शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग, पुलिस विभाग 4, संयुक्त जांच हेतु 2, खाद्य एवं रसद विभाग से 1, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से 1 तथा विद्युत विभाग से 1 शिकायत दर्ज की गई। जिनमें से मौके पर केवल एक शिकायत का ही निस्तारण निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज दी गई हैं।

## नगदी-जेवर ले उड़े बदमाश

सीतापुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के मछली मंडी इलाके में चोरी की वारदात ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रम्पा टॉकीज के पास स्थित बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित पप्पू गुप्ता, जो पेशे से पेंटर हैं, ने बताया कि शुक्रवार रात बिजली न होने के कारण वह अपने परिवार के साथ दूसरे घर में सोने चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर को आसान निशाना बना लिया। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे बदमाशों ने अलमारी समेत पूरे घर को खंगाल डाला और करीब 15 हजार रुपये नकद व सोने के जेवर चोरी कर लिए। सुबह जब परिवार वापस लौटा तो टूटा ताला और बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और जल्द ही खुलासा करने का दावा कर रही है। इस वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करें



### लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ.ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं।

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील पलिया में ₹संपूर्ण समाधान दिवस₹ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 43, पुलिस 09, विकास 03, विद्युत 03, नगर पालिका 02, आपूर्ति 01, अन्य के 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एएसपी अमित राय, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक का पेड़ से लटका मिला शव

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुरवा गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 22 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान संतोष उर्फ टम्पू (22) पुत्र रमेश के रूप में हुई है, जिसका शव गांव के दक्षिण दिशा में कुट्टी के पास जामुन के पेड़ से शर्ट के सहारे लटका पाया गया। जानकारी के अनुसार, सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर पेड़ से लटकते शव पर पड़ी। यह दृश्य देखते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक संतोष रात में घर पर ही था और किसी प्रकार की परेशानी की कोई जानकारी नहीं थी। सुबह अचानक इस हालत में शव मिलने से परिवार गहरे सदमे में है।

## आठ दिन से अंधेरे में गोमती मोड़, जिम्मेदार बेखबर



पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। मोहम्मदी क्षेत्र के गोमती मोड़ पर स्थापित हाईमास्ट लाइट का कनेक्शन कटने से क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है। इससे राहगीरों और पुलिस कर्मियों को रात के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड पीएलए डिवीजन (कुंभी चीनी मिल) के अधिकारियों द्वारा इस स्थान पर हाईमास्ट लाइट लगवाई गई थी, जिसका लोकार्पण अरुण कुमार सिंह ने किया था। लाइट लगने से तिराहे पर रात्रि में आवागमन सुगम हो गया था और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम हुई थी। लेकिन करीब आठ दिन पूर्व एसडीओ द्वारा लाइट का कनेक्शन काट दिए जाने के बाद से क्षेत्र में फिर अंधेरा छा गया है। इस मार्ग पर रात में अमीन नगर चौकी और रेहरिया चैकी की पुलिस भी गश्त करती है, जिन्हें अंधेरे में ड्यूटी करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरा होने के कारण हादसों और आपराधिक घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने तहसील मोहम्मदी के प्रशासनिक अधिकारियों से लाइट का कनेक्शन जल्द बहाल कराने की मांग की है, ताकि रात्रि में सुरक्षा और आवागमन सुचारू हो सके।

## किसान का रुपयों से भरा थैला और साइकिल चोरी

मोहम्मदी खीरी। कस्बा मे अर्बन कोऑपरेटिव बैंक से गन्ने का 29 हजार रुपया झोला में सामान के साथ रखकर साइकिल से घर जा रहा था रामलीला मैदान मे कृषि विकास बैंक शाखा के पास साइकिल खड़ी कर पानी पीने लगा मौका पाकर उचक्का सामान सहित साइकिल लेकर रफू चक्कर हो गया जिसकी फोटो सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। गांव मोहम्मद पुर दीना निवासी मेवा मुंशी ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया शनिवार को अर्बन बैंक से 29 हजार की रकम थैले में रखकर साइकिल से घर जा रहा था। 11 बजाकर 47 मिनट पर रामलीला मैदान में कृषि विकास बैंक के पास साइकिल खड़ी कर पानी पीने लगा इसी बैंक से निकले एक व्यक्ति ने 11 बजकर 48 मिनट पर आरोपी पीड़ित की साइकिल लेकर जाने का वीडियो सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस के हाथ पैर फूल गए आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया घटना के खुलासा को लेकर पुलिस टीम लगाई गई है सीसीटीवी फुटेज और बैंक वाउचर से आरोपी का पता लगाया जा रहा है घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा

## मोहम्मदी जिला बनाओ के साथ परगना को मोहम्मदी से संबंध करने की मांग



मोहम्मदी खीरी। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर विधायक की मौजूदगी में मोहम्मदी को जिला बनाने के साथ परगना मगदापुर को मोहम्मदी तहसील से संबंध करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया है। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम की मौजूदगी में विधायक ने जन शिकायत सुनी जिसमें 18 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई जिसमें सर्वाधिक शिकायत 12 राजस्व विभाग की जिसपर विधायक ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चंद्र त्रिवेदी और महामंत्री पंकज कश्यप की अगुवाई में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं द्वारा मोहम्मदी जिला बनाओ के साथ मगदापुर परगना को मितौली तहसील से पृथक कर मोहम्मदी तहसील से संबंध करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक की मौजूदगी में एसडीएम को सौंपा गया है।

## जिला मंत्री बनने पर रामभरोसे वर्मा का हुआ सम्मान



पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रामभरोसे वर्मा को जिला मंत्री बनाए जाने के बाद क्षेत्र में स्वागत कार्यक्रमों का सिलसिला तेज हो गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और जगह-जगह उनका सम्मान किया जा रहा है। शनिवार को पिपरिया धनी क्षेत्र के ग्रंट साहबगंज गांव में प्रधान सुदेश कुमार ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान समाजसेवी अमरजीत सिंह व पत्रकार नवनीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। रामभरोसे वर्मा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2009 में सेक्टर संयोजक के रूप में संगठन में कार्य शुरू किया। इसके बाद दो बार मंडल अध्यक्ष राजापुर बेनी और दो बार मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी निभाई। अब पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जिला मंत्री का दायित्व सौंपा है। जिला मंत्री बनाए जाने की सूचना मिलते ही समर्थकों और कार्यकताओं में खुशी देखी गई।

# महिला वकीलों ने उठायी शौचालय की मांग, बार को सौंपा पत्र



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील गोला में विधि व्यवसाय कर रहीं महिला अधिवक्ताओं ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री को संयुक्त प्रार्थना पत्र देकर महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग प्रसाधन (वॉशरूम/शौचालय) बनवाने की मांग की है।

महिला अधिवक्ताओं ने प्रार्थना पत्र में कहा कि तहसील परिसर में महिलाओं के लिए साफ-सुथरा शौचालय उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें रोजाना काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गंदे शौचालयों के कारण स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने बार परिसर के समीप अलग महिला प्रसाधन बनवाने की मांग की है। बार के महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी ने बताया कि बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि महिला अधिवक्ताओं का प्रार्थना पत्र मिलने से पहले ही मुख्य विकास अधिकारी खीरी को इस संबंध में पत्र भेजकर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है।

इस दौरान बार अध्यक्ष रामकुमार गौतम, महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी एडवोकेट, उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे। प्रार्थना पत्र देने वालों में महिला अधिवक्ताओं में रजनी सिंहा, खदीजा जमाल, रिहाना अंसारी, मिथिलेश कुमारी सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहीं।

# बंजारा टाउनशिप का डीएम ने किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने शनिवार को विकास खंड लहरपुर की ग्राम पंचायत रायपुरगंज के भवानीपुर में निमार्णाधीन बंजारा टाउनशिप का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूर्ण कराने और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत घुमंतू, चमर मंगता समुदाय के लिए 133 आवास स्वीकृत हैं। अब तक 27 आवासों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है और 28 लाभार्थियों का आधार अपडेट किया गया है।

10 लाभार्थियों के निवास प्रमाण पत्र के लिए प्रकरण उपजिलाधिकारी लहरपुर को भेजे गए हैं, जबकि शेष लाभार्थियों के बैंक खाते और आधार अपडेट की प्रक्रिया जारी है। अगले सप्ताह से कुछ आवासों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि 8 कमरों वाले सार्वजनिक शौचालय और हाईमास्ट लाइट की स्वीकृति मिल चुकी है, जिनका निर्माण भी जल्द शुरू होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को बंजारा समुदाय के लोगों को कृषि भूमि के पट्टे देने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने तालाब के रास्ते से मुख्य सड़क तक वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग रखी, जिसे जिलाधिकारी ने मंजूरी दे दी। साथ ही जाति प्रमाण पत्र बनवाने की मांग पर तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी आवासों का निर्माण 31 जुलाई 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



## डीएम ने कराया फसल कटाई प्रयोग, उपज का किया आकलन

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर० ने शनिवार को विकासखंड परसेंडी के न्याय पंचायत खजुरिया आवासी स्थित ग्राम गौरा अर्जुनपुर में फसल कटाई प्रयोग कराया। यह प्रयोग शासन के निदेर्शानुसार कृषि उत्पादन के सटीक आकलन के उद्देश्य से किया गया, जिससे किसानों को योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके। फसल कटाई प्रयोग गाटा संख्या 616 (0.235 हेक्टेयर) पर किया गया, जिसमें कुल 18.96 किलोग्राम उपज दर्ज की गई। यह प्रक्रिया अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान किसान निर्मल कुमार सहित संख्यिकी अधिकारी हर्षित मिश्रा, नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सरोज, जिला समन्वयक आशीष अवस्थी, लेखपाल जेबा खान एवं ग्राम प्रधान राम सकल उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे प्रयोग किसानों को उनकी वास्तविक उपज के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायक होते हैं।

## गोला आगमन पर मंत्री का जोरदार स्वागत, विकास पर हुई चर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के गोला गोकर्णनाथ आगमन पर विधायक अमन गिरि ने समर्थकों के साथ मंत्री का स्वागत व अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के तहत मंत्री ने सबसे पहले पौराणिक शिव मंदिर पहुंचकर परिवार सहित विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंत्री का काफिला फार्म हाउस पहुंचा, जहां कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। यहां आयोजित बैठक में मंत्री ने मौजूद कार्यकताओं से परिचय प्राप्त किया और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी जानकारी ली।

बैठक के दौरान विधायक अमन गिरि के साथ गोला के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्र में चल रही योजनाओं और प्रस्तावित कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ। मंत्री ने विकास कार्यों को गति देने के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम केके शुक्ला, अवधेश मिश्रा, विजय सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्रों का जलवा 2 आईएएस और 5 पीसीएस में चयनित

सीतापुर। लखनऊ पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए इस वर्ष संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में 2 छात्रों का चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा और 5 छात्रों का चयन प्रांतीय सिविल सेवा में दिलाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। संस्थान की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में गौरव का माहौल है। विद्यालय की विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। माधोगंज शाखा के योगेंद्र कुमार ने 286वीं रैंक हासिल कर विशेष पहचान बनाई, जबकि लखीमपुर खीरी के सचिन वर्मा का चयन आई ए एस और पीसीएस दोनों में हुआ। राजाजीपुरम शाखा के अक्षय कुमार पीसीएस में चयनित हुए, वहीं उनके भाई अतिथि कुमार भारतीय रिजर्व बैंक में ग्रेड ह्यबीह्न प्रबंधक बने। आनंद नगर के अभिषेक दीक्षित तथा सीतापुर शाखा के सौरभदीप और अमित कुमार ने भी पीसीएस में सफलता प्राप्त की। शैक्षणिक क्षेत्र में भी विद्यालय लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। सत्र 2024-25 में कक्षा 12 के छात्र वंश शुक्ला ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं सीतापुर के पीयूष राज का चयन आई ए एस में तथा अखंड प्रताप सिंह का चयन आयकर विभाग में हुआ है। खेल व अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानाचार्या रश्मि वर्मा ने विद्यालय को आगामी वर्षों में शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनाने का संकल्प दोहराया है।

## शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा, गुणवत्ता और समयबद्ध कार्यों पर डीएम ने दिये निर्देश




सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने और शैक्षणिक लक्ष्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संदर्शिका के उपयोग, स्वच्छता व्यवस्था तथा मिड डे मील की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने निजी विद्यालयों की फीस निर्धारण के लिए जनपद स्तरीय फीस रेगुलेशन कमेटी की बैठक जल्द कराने के निर्देश भी दिए। निमार्णाधीन कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ पूरा करने तथा अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए। डीएम ने डीबीटी के माध्यम से भुगतान समय से करने, हर्बल गार्डन स्थापित करने और संपर्क मार्ग विहीन विद्यालयों की सूची 15 दिन में उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही नामांकन बढ़ाने, उपस्थिति सुधारने और नियमित पीटीएम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चैती मेले में जूनियर प्रतिभाओं का जलवा, गूंजे गीत-संगीत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक चैती मेला 2025 के सातवें दिन सांस्कृतिक मंच पर जूनियर वर्ग की गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों से पूरा माहौल उत्सवमय हो गया और देर रात तक दर्शक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श नगर पंचायत मैलानी की चेयरपर्सन कीर्ति महेश्वरी, जिला पंचायत सदस्य शिवनंदन वर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक नत्थूलाल अवस्थी सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवनंदन वर्मा ने की। इस अवसर पर अन्नपूर्णा रसोई कोषाध्यक्ष आदर्श सोनी, रोडवेज कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, बेसिक हेल्थवर्कर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, सेवानिवृत्त पालिका कर्मी श्रीराम शुक्ला, समाजसेवी सुरेश प्रजापति, पूर्व प्रधान ललित वर्मा, समाजसेवी धनेश शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने कहा कि नगर के सामाजिक संगठनों, कोचिंग संस्थानों, व्यापारियों और आमजन के सहयोग से चैती मेला निरंतर भव्य होता जा रहा है। मुख्य अतिथि कीर्ति महेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पालिका प्रशासन परिवार की तरह कार्य कर रहा है, जिसका परिणाम है कि मेला अपनी पहचान और भव्यता दोनों में विस्तार पा रहा है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत आर्यन गुप्ता की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद उपास्ती डे, आकृति गुप्ता, कृतिका जायसवाल, परिधि गुप्ता, आध्या, परी साहनी, आर्यमान दीक्षित, समृद्धि, रसमीत कौर, सानविका अवस्थी, आकांक्षा वर्मा, उन्नति वर्मा, अनुष्का वर्मा, आनवी पटेल, संस्कृति, श्रुति-कीर्ति तिवारी, अलीशा सोंधी, वंशिका, रश्मीत कौर, इकमजीत सिंह, अनंत गुप्ता, कृति वर्मा, मनु श्री, आयुषी वर्मा, शिवी देवी, ओजस्वी मिश्रा, रिसिका मिश्रा, अभिनंदन सिंह सहित कई बाल कलाकारों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। नृत्य प्रतियोगिता परिणामरू निर्णायक विशाल और रुचि मिश्रा के संयुक्त निर्णय में दान्या ने प्रथम स्थान, अलीशा सोंधी ने द्वितीय और परी साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता परिणामरू जूनियर वर्ग (आयु 15 वर्ष तक) में अल्तमश खान ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय और आध्या वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक सुनील यादव (लखीमपुर) और शिप्रा खरे रहीं। कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

### मेले में आज

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सीनियर गायन प्रतियोगिता आज सायं 7 बजे से आयोजित होगी, जिसमें वरिष्ठ प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का शुभारम्भ

तम्बौर/सीतापुर। कस्बे में नेशनल पब्लिक स्कूल के द्वारा 4 दिवसीय डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का सुभारम्भ किया गया। उद्धघाटन मैच को पूर्व चैयरमैन समाजसेवियो के द्वारा किया गया। शनिवार को पब्लिक नेशनल स्कूल



के द्वारा 4 दिवसीय डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का सुभारम्भ पूर्व चैयरमैन झब्बन बेग समाजसेवी हबीब सुल्तान, रेहान सभासद, मोइन नेता, खुर्शीद गौरी, कामरान ठेकेदार वहीद ठेकेदार, मुन्ना गौरी समेत कई अतिथियो ने फीता काट कर मैच शुरू कराया गया। पहला मैच आरसीबी बनाम हरम क्लब के बीच खेला गया टॉस आरसीबी ने जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। नेशनल पब्लिक स्कूल के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक अरकम बेग ने बताया कि डे नाइट मैच 4 दिनों का आयोजन किया गया है। इस मैच में कुल 16 टीमो ने भाग लिया है। क्रिकेट टूर्नामेंट मैच के फाइनल मैच जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ स्कूटी रनर टीम को 15 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर अफसर खान, यामीन खान, दिलशाद, रोहित वर्मा, फराज अहमद, तोहिद, शुभानली, मेराज राईन सहित काफी संख्या में दर्शक मौजद रहे।

संक्षेप

## हादसे में युवक की मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव के पास बीती देर रात में बाइक सवार एक पेड़ से टकरा गए जिससे बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई और वही पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, ।थाना क्षेत्र के रत्तीपुर ग्राम के बृजेश मौर्य शुक्रवार की देर रात अपनी बाइक पर गांव के ही लकी सेठ को बैठाकर सेवईनाला बाजार की तरफ जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक जफराबाद-सेवईनाला मार्ग होते हुए करमही गांव के पास पहुँची तभी तेज रफ्तार बाइक सीधा सड़क पर एक पेड़ में जाकर टकरा गई। बाइक की टक्कर इतनी तीव्र थी कि तेज आवाज के कारण आस- पास के लोग दौड़कर मौके पर पहुच गए। घटना के बाद बाइक पर पीछे बैठे 22 वर्षीय लकी सेठ के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही बाइक चला रहे बृजेश मौर्य उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक लकी सेठ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## डाल गिरने से बालक की मौत

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में पेड़ की डाल गिरने से एक मासूम की मौत हो गई है। यह घटना शनिवार की पूर्वान्ह की बताई जा रही है। मीरपुर गांव निवासी मनीष कुमार मौर्य का बारह वर्षीय पुत्र आषुतोष कुमार मौर्य अपने आंगन में खेल रहा था। वहीं एक व्यक्ति नीम के पेड़ के उपर चढ़कर डाल को काट रहा था कि उसी समय पेड़ की डाल बच्चे के ऊपर गिरी गई। डाल ऊपर गिरने से वह घायल हो गया। परिवार के लोग आनन फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खेत में महिला को सांप ने डंसा

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव में अपने खेत में गेहूं काट रही महिला को सांप ने काट लिया है। सांप के काटने से महिला बेहोश होकर वहीं गिर पड़ी। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गएं, जहां महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। अहमदपुर गांव निवासी 30 वर्षीया ममता देवी पत्नी अमर बहादुर शनिवार की सुबह खेत में गेहूं काट रही थी कि सांप ने उसे डस लिया। परिजनो को जब इसकी जानकारी हुई तो वह जिला अस्पताल ले गएं।

## सांड़ के हमले में वृद्ध की मौत

जौनपुर। थाना खुटहन क्षेत्र के नगवा गांव में बीती रात सांड़ के हमले से एक वृद्ध की मौत हो गई है। क्षेत्र के नगवा गांव निवासी 65 वर्षीय जयंति प्रसाद तिवारी अपने घर से खुटहन बाजार में किसी चिकित्सक के यहां दवा लेने के लिए जा रहें थें। जब वह दवा लेकर वापस पैदल लौट रहें थें औरबाग के पास पहुंचते ही वहां सांड ने उन पर अचानक से हमला कर दिया। आस पास के लोगों ने जैसे ही सांड को वृद्ध पर हमला करते देखा तो उन्होंने लाठी डंडा लेकर सांड को दौड़ा लिया। घटना के बाद सांड के हमले से बेहोश होकर गिरे वृद्ध को शाहगंज सीएचसी ले गयें, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया है।

## बालक को जलाया मुकदमा दर्ज

आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र में एक बेहद गंभीर और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। प्राप्त तहरीर के अनुसार प्रार्थिनी अन्जूम पत्नी स्वर्गीय इकबाल, निवासी ग्राम फरिहा थाना निजामाबाद, वर्तमान में धमोर्नाला (कोतवाली) में किराये के मकान में रहती हैं। अन्जूम ने बताया कि 02 अप्रैल 2026 को शाम करीब 7 बजे उनका 8 वर्षीय बेटा इशान घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान खेल-खेल में उसका विवाद मोहल्ले के ही लड़के आजम पुत्र नशीम खाँ, निवासी मोहल्ला अइनिया थाना कोतवाली से हो गया। आरोप है कि इसी विवाद में आजम ने इशान के ऊपर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी। इस घटना में बच्चे का पैर बुरी तरह जल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और घायल बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल (सदर अस्पताल) में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रार्थिनी ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से यह कृत्य किया गया है और पुलिस से मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही

# नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर के लिए हाहाकार



मीरजापुर। अधिकारियों के तमाम दिशा-निर्देश के बाद भी जिले में घरेलू गैस की किल्लत थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि नगर से लेकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को लंबी कतार के साथ गैस एजेंसियों के चक्कर काटने पड़ जा रहे हैं बावजूद इसके सहुलियत से गैस सिलेंडर मिलना नामुमकिन हो रहा है। सर्वाधिक बुरी स्थिति ग्रामीणों इलाकों की बताई जा रही है जहां बुकिंग के काफी समय बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हलिया विकास खंड क्षेत्र स्थित

विंध्य भारत गैस हलिया अंतर्गत हलिया, लालगंज एवं दीपनगर एरिया को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाता है। बताया जा रहा है कि तकरीबन 30 से 40 किलोमीटर की एरिया को कवर करने वाले इस गैंस एजेंसी ज्यादातर गरीब एवं किसान तपके के लोग जुड़े हुए हैं। हलिया विकास खंड क्षेत्र जिले का अंतिम छोर होने के साथ मध्य प्रदेश बॉर्डर से सटा हुआ। पहाड़ी इलाका होने के कारण यह इलाका गरीब एवं पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है? विंध्य भारत गैस एजेंसी के तकरीबन 70 हजार के ऊपर कनेक्शन होने के बात भी 20% भी गैस सिलेंडर नहीं उपलब्ध हो पा रहा है, जिससे गरीब एवं किसान जनता काफी परेशान हो रही है।

गांव निवासी महुहट गांव से आई महिला उपभोक्ता का कहना है कि दो दिनों से वह गैस के लिए दौड़ लगा रही है यहां आने पर ताला लटकता हुआ दिखाई दे रहा है।

महुगढ़ से आए हुए उपभोक्ताओं का आरोप रहा है कि आनलाइन बुकिंग करने के बाद भी अभी तक पर्ची नहीं काटी गई है, न ही कोई जवाब देने वाला है। कुछ लोगों का आरोप रहा है कि पिछले कई दिनों से वह दौड़ लगा रहे हैं लेकिन न तो उन्हें पर्ची दी जा रही है ना ही कोई संतोषजनक जवाब दे रहा है, जिससे वह गैस सिलेंडर के लिए आर्थिक और मानसिक समस्याओं से जूझते हुए सिर्फ और सिर्फ गैस एजेंसी से लेकर बाजार की दौड़ लगाते हुए आएं हैं। एक उपभोक्ता का कहना रहा है कि 24 मार्च को हमने आनलाइन बुकिंग किया था, लेकिन अभी तक गैस सिलेंडर नहीं मिला है। चार दिन पहले गैस एजेंसी पर आए हुए थे बोला गया था कि दो दिन बाद आना पर्ची काट देंगे लेकिन आज आए हुए हैं कोई यहां है ही नहीं जो हमें बता सके कि कब तक उन्हें गैस सिलेंडर मिल पाएगा। मजे की बात है कि उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत किए जाने पर गैस एजेंसी संचालक संबंधित अधिकारियों को गलत फिडबैक देकर गुमराह करते हुए आएं हैं।

## फर्जी चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ हुई कार्रवाई

आजमगढ़। जनपद में अवैध और फर्जी चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए तरवां और मेहनगर क्षेत्र में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। जिलाधिकारी के आदेश और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ एवं नोडल निजी चिकित्सा प्रतिष्ठान डॉ. आलेन्द कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से निजी अस्पतालों और क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान कई चिकित्सा संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। तरवां स्थित प्रिया हेल्थ केयर सेंटर में अयोग्य चिकित्सक द्वारा संचालन पाए जाने पर ऑपरेशन थिएटर को तत्काल सीज कर दिया गया। वहीं मेहनगर के बीएन मेडिकल स्टोर में मेडिकल स्टोर की आड़ में नर्सिंग होम संचालित होते मिलने पर ओटी सीज किया गया। इसके अलावा शांति हड्डी अस्पताल/न्यू लाइफ हड्डी अस्पताल (मेहनगर) में गंभीर खामियां मिलने पर पूरे संस्थान को सीज कर दिया गया। नित्या क्लिनिक में वार्ड और ओटी संचालन में कमियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया, जबकि विष्णु ऑर्थो केयर सेंटर में भ्रामक बोर्ड लगाकर इलाज करने पर संचालक को नोटिस दिया गया। जी खान अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्सक अनुपस्थित पाए जाने पर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है, वहीं स्वामी हड्डी अस्पताल को आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न करने पर नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई के दौरान जिन अस्पतालों में मरीज भर्ती मिले, उन्हें तत्काल सरकारी अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया, ताकि उनके उपचार में कोई बाधा न आए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना पंजीकरण और बिना योग्य चिकित्सक के चिकित्सा कार्य करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान शुरू



जौनपुर। नए शैक्षिक सत्र के अवसर पर स्कूल चलो अभियान की शुरूआत डायट परिसर में भव्य समारोह के साथ की गई।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव , अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया उपस्थित रहे। नव नामांकित बच्चों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं बैग वितरित किए गए। इसके पश्चात स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर शामिल हुए। रैली चहारसू चौराहा, सद्भावना मोड़, शाही किला, अटाला मस्जिद, कोतवाली चौराहा होते हुए पुनः डायट परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। राज्यमंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराएं और नियमित रूप से विद्यालय भेजें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए अधिकारी एवं शिक्षक घर-घर संपर्क करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 3 वर्ष तक के बच्चों का पंजीकरण आंगनबाड़ी केंद्रों में तथा 6 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालयों में कराया जाएगा। कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों का प्रवेश उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही ड्रॉपआउट एवं दिव्यांग बच्चों के विशेष नामांकन पर भी जोर दिया जा रहा है। संचालन बीईओ रमेशचंद्र पटेल एवं नूपुर श्रीवास्तव ने किया।

## चक्रवर्ती सम्राट प्रियदर्शी अशोक मौर्य का मना जन्मोत्सव

आजमगढ़। चक्रवर्ती सम्राट प्रियदर्शी अशोक मौर्य महान का जन्मोत्सव शनिवार को नगर के नेहरूहाल के सभागार में मत्रैय मौर्य शाक्य सैनी कुशवाहा प्रगति मंच के तत्वावधान में समारोह पूर्वक मनाया गया। इसके पूर्व आयोजक करूणा कान्त मौर्य के अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। जो डा अम्बेडकर की मूर्ति से होते हुए अग्रसेन चौराहा से कोइरी पोखरा पर पहुंची जहां बाबा शारदा की मूर्ति पर द्वारा माल्यार्पण किया गया।

पुनः शोभा यात्रा नेहरू हाल में पहुंचकर विचार गोष्ठी में परिवर्तित हुई। जहां चक्रवती सम्राट के चित्र के समक्ष आगंतुकों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आर.एस. कुशवाहा पूर्व मंत्री ने कहा कि अपने पूर्वज के साम्राज्य को वापस पाना है तो शिक्षा और सही जगह वोट करके 2027 में अखिलेश यादव जी की सरकार बनाना है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती लीलावती कुशवाहा जी ने कहा कि बाबा साहेब की विचार धारा को बचाना है तो सरकार बदलनी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करने वालो में विशिष्ट अतिथि सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, जंगरनाथ कुशवाहा, सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, विरेन्द्र मौर्य पुत्र हरीराम मौर्य, बालचन्द्र कुशवाहा, बृजनाथ मौर्य महा सचिव सपा गोरखपुर आदि रहे। अंत में आयोजक करूणा कान्त मौर्य प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश ने आये हुए अतिथियों एवं जनपद के कोने-कोन से आये मैत्रय मौर्य शाक्य सैनी कुशवाहा प्रगति मंच के सभी कार्यकताओं एवं आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। वहीं अध्यक्षता राममुरत मौर्य व संचालन रामविलास मौर्य ने किया। समारोह में सिकन्दर मौर्य, बृजनाथ, परामात्मा मौर्य, प्रभुनाथ मौर्य, जयनाथ मौर्य, इन्द्रदेव रणविजय मौर्य, हरिश्चन्द्र, प्राहलाद मौर्य, सुरेन्द्र मौर्य, विश्वनाथ मौर्य, सुरेश मौर्य, रामप्रवेश मौर्य, गुलाब मौर्य, पंकज मौर्य, गुड्डू मौर्य, महेन्द्र मौर्य, अशोक मौर्य, डा दिनेश मौर्य, संजय मौर्य, चन्दन मौर्य, अन्जय मौर्य, श्रीराम मौर्य, मास्टर, पंकज मौर्य सदर, रघुवीर मौर्य, त्रिभुवन मौर्य, रमाकान्त वर्मा, अवधेश मौर्य रहे।

## विवाहिता की फांसी पर लटकी मिली लाश

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के जमालुद्दीनपुर गांव में विवाहिता की फांसी पर लटकती हुई लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। उक्त गांव निवासी मोहम्मद सादाब की 22 वर्षीया पत्नी रोजी बानो की लाश शुक्रवार की रात करीब 11 बजे उसके कमरे में पंखे से लटकतीं हुईं पाई गई। विवाहिता के मौत की खबर ग्रामीणों को लगी तो वह बड़ी संख्या में एकत्रित हो गई। लगभग एक घंटे के बाद पहुंची पुलिस ने महिला की पंखे से लटकती लाश को नीचे उताकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही यह बताया जा रहा है कि विवाहिता के मायके के लोग प्रदेश में रहते हैं। विवाहिता की कोई संतान नहीं थी उसकी शादी लगभग तीन साल पहले हुई थी।

## अध्यक्ष राजमणि , महामंत्री महेंद्र बने




जौनपुर ।सब्जी फल व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन किया ।जिसमें सर्वसम्मत से अध्यक्ष राजमणि यादव ,महामंत्री महेंद्र सोनकर ,कोषाध्यक्ष राम असारेमौर्य ,उपाध्यक्ष सुरेश सोनकर व अजय मौर्यको सर्वसम्मति से चुना गया ।चुनाव में उपस्थित छब्बू लाल सोनकर, गुलाब साहू, मोहम्मद राशिद ,ज्ञानचंद गुप्ता ज्ञानचंद मौर्य विजय सोनकर राजू ,पप्पू आदि व्यापारियों ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया ।पदाधिकारी महेंद्र सोनकर ने सभी व्यापारि को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विश्वविद्यालय में क्रीड़ोत्सव का समापन

जौनपुर।कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देशन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित क्रीड़ोत्सव-2026 का एकलव्य स्टेडियम में समापन हुआ।

यह क्रीड़ोत्सव 24 एवं 25 मार्च तथा 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर प्रमोद यादव (डीएसडब्ल्यू) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में खेल भावना, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में पियूष विश्वकर्मा प्रथम, सार्थक सिंह द्वितीय एवं अहम सिंह तृतीय स्थान पर रहे।महिला वर्ग में




प्रीति यादव ने प्रथम, सानिया पाल ने द्वितीय एवं काजल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।110 मीटर हर्डल (पुरुष वर्ग) में नीरज यादव प्रथम, सार्थक सिंह द्वितीय एवं सत्यम गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे।महिला वर्ग की 100 मीटर हर्डल प्रतियोगिता में अंजलि सिंह प्रथम, प्रियांशी द्वितीय एवं रूपाली मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं।क्रीड़ोत्सव का प्रमुख आकर्षण 4100 मीटर रिले रेस रही।पुरुष वर्ग में इंजीनियरिंग संस्थान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में विज्ञान संकाय की टीम विजेता रही।इस सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. सुशील कुमार, डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. शशिकांत यादव एवं डॉ. राहुल राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि संयोजक के रूप में प्रो. प्रदीप कुमार ने नेतृत्व किया।

## 60 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 3 का निस्तारण



मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह एवं तहसील सदर में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियो की समस्याओ को सुना गया।

तहसील लालगंज में मण्डलायुक्त के समक्ष प्राप्त 60 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 3 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए अन्यथा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। तहसील सदर में जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियो की समस्याओ सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा 91 प्रार्थना पत्रों की सुनवाई की गई जिसमें मौके पर 15 प्रार्थना पत्रो का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनसुनवाई का फीडबैक लिया जा रहा है। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, भूमि विवाद एवं ग्राम सभाओं में अवैध कब्जे वाली जमीनों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए निस्तारण कराएं इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। धारा-67 में अभियान चलाकर प्रकरणो का निस्तारण करें व उप जिलाधिकारी इसकी निगरानी करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस में आने वाले सभी संदर्भो को अधिकारी गम्भीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित लार्भीपरक योजनाओ से शत प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को योजना से आच्छादित किया जाए।इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में यथा तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 99 प्रार्थना पत्रों में से 10 का निस्तारण एवं चुनार में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 84 प्रार्थना पत्रो में से एक निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिप्टी जेलर बनने पर आंकाक्षा कुमारी का किया स्वागत



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर।सुरेरी क्षेत्र के करौदी कला गांव की बेटी आकांक्षा कुमारी ने पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर डिप्टी जेलर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आकांक्षा, कमला प्रसाद की पुत्री हैं। उनकी माता सरोज देवी ग्राम प्रधान हैं।

साधारण परिवार से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। शनिवार को पहली बार डिप्टी जेलर बनने के बाद जब आकांक्षा अपने गांव पहुंचीं, तो उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए पूरे गांव में रोड शो निकाला। इस दौरान दर्जन भर गाड़ियों का काफिला शामिल रहा और करीब 3 किलोमीटर लंबा रोड शो किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ निकले इस जुलूस में क्षेत्र के लगभग एक दर्जन ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। राम शिरोमणि राजभर, सिंटू सिंह प्रधान नोनारी, अरविंद कुमार, बबलू मिश्र, प्रणवेश मिश्र तहसील महामंत्री जौनपुर पत्रकार संघ, अजय मिश्रा, कमला प्रसाद सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सॉल्वर गैंग का खुलासा, एक गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद के थाना गम्भीरपुर क्षेत्र में वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान सॉल्वर गैंग के खुलासे के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक वर्ष से फरार चल रही वांछित अभियुक्ता को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 6 मार्च 2025 को पंडित कामता प्रसाद इंटर कॉलेज, मुडहर ठेकमा में और गम्भीरपुर पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की थी। जांच में सामने आया था कि असली परीक्षार्थियों की जगह दूसरे लोग आधार कार्ड में फोटो बदलकर परीक्षा दे रहे थे। मौके से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि कुछ आरोपी फरार हो गए थे। विवेचना के दौरान रश्मी बिन्द पुत्री रामफेर बिन्द निवासी संदहा, थाना मेहनगर का नाम सामने आया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत 4 अप्रैल 2026 को उपनिरीक्षक विपिन कुमार द्विवेदी व उनकी टीम ने अभियुक्ता को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्ता ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए गलती के लिए माफी मांगी है और न्यायालय में अपना पक्ष रखने की बात कही है। पुलिस ने अभियुक्ता के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विपिन कुमार द्विवेदी, कांस्टेबल अभय चौधरी, पवन कुमार और महिला कांस्टेबल शीला यादव शामिल रहे।

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय शिव महायज्ञ शुरू

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव स्थित तालाब के बगल आयोजित नौ दिवसीय शिव महायज्ञ की शनिवार की 11 बजे दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। क्षेत्र की हजारों महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गंगहरा कलां से लहंगपुर से मुंशीपुर स्थित नदी से जल लेकर गाजे-बाजे के साथ यज्ञ मंडप पर पहुंची। कलश यात्रा में अनंत श्री विभूषित काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज रथ पर सवार होकर कलश यात्रा में शामिल रहे। लोगों ने जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया। कड़ी धूप के बावजूद बड़ी संख्या में कलश उठाई महिलाएं मंगल गीत गाते हुए पैदल चली। इस दौरान कन्याओं, महिलाओं व पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बाद महिलाओं ने पवित्र मन से नदी का जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप लाई। शांति व्यवस्था के तौर पर लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ मय पुलिस टीम के साथ व यज्ञ समिति के सदस्य सक्रिय होकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार दुबे, जगत नारायण दुबे, गोविंद प्रसाद दुबे, रामजतन दुबे, अमरेश चंद्र दुबे मुनी, रामगोपाल दुबे, भीम दुबे, राजेंद्र सिंह यादव के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शशिमौली पांडे पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत

आजमगढ़। जनपद में शनिवार को आयोजित गरिमामय पीपिंग सेरेमनी कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर शशिमौली पांडे को पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर औपचारिक रूप से स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी ने उन्हें स्टार लगाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने पदोन्नति को शशिमौली पांडे की कर्तव्यनिष्ठा, उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण का परिणाम बताते हुए उनसे आगे भी जनसेवा के प्रति इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई।

## रोडवेज चालक और परिचालक के साथ मारपीट

आजमगढ़। कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की शाम रोडवेज जनरथ बस चालक व परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ निवासी दीपक कुमार शर्मा, जो रोडवेज की जनरथ बस (चारबाग डिपो) के चालक हैं, 3 अप्रैल को करीब शाम 4 बजे लखनऊ से बस लेकर आजमगढ़ पहुंचे थे। बस को रोडवेज परिसर में खड़ा करते समय एक मोटरसाइकिल सवार ने गाड़ी आगे-पीछे करने को लेकर विवाद शुरू कर दिया और चालक को गालियां देने लगा। विरोध करने पर वह वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद 2-3 लोगों के साथ वापस आया और चालक पर डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे बस के परिचालक शाहिद अब्बास को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। पीड़ित चालक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ट्रेन पर चढ़ते समय गिरकर यात्री घायल

जौनपुर। जफराबाद रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में सवार होने का प्रयास करते समय गिरकर यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है की लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रामनगर ग्राम निवासी 38 वर्षीय दीपक चैरसिया पुत्र छेदीलाल शनिवार सुबह जाफराबाद रेलवे स्टेशन पर वाराणसी जाने के लिए चलती हुई ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने में प्लेटफार्म पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्लेटफार्म पर ड्यूटी कर रहे जीआरपी जवानों ने उसे घायल अवस्था में हौज गांव के पास स्थित ट्रामा सेंटर पहुंच कर भर्ती करवाया यहां पर प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर देखकर ।जिला अस्पताल रेफर दिया गया।

## शिक्षा मंत्री का किया स्वागत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज टोल प्लाजा पर बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संदीप सिंह का वाराणसी जाते हुए भव्य स्वागत किया गया। टोल प्लाजा के पास उनका काफिला रोक कर बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल और खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह और शिक्षक गण और निजी विद्यालय के प्रबंधकों ने फूल माला और बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रबंधको और शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल और खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया निजी विद्यालय के सिरकोनी ब्लाक अध्यक्ष विमल कुमार दुबे और परमेश्वर निषाद, प्रवीण चौहान, इजहार हुसैन, तथा अध्यापकों में प्रवीण सिंह, गौरव सिंह,कपिलदेव यादव,दिनेश कुमार प्रजापति ,सुरेंद्र राय ,सूरज मौर्य, अजय यादव , रामकृष्ण विश्वकर्मा,संजय कुमार पाल,अतुल कुमार श्रीवास्तव,राधेश्याम यादव, लक्ष्मीशंकर, राजेंद्र प्रसाद, विकास,धर्मेंद्र चौबे,रविप्रकाश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे ।

## श्रेया बनी बैंक मैनेजर



जौनपुर। जनपद की होनहार बेटी श्रेया श्रीवास्तव पुत्री अवनींद्र कुमार निवासी नईगंज ने बैंक ऑफ बड़ौदा के इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी डिपार्मेंट में मैनेजर क्लाउड इंजीनियर क्लास 2 अधिकारी के पद पर चयनित होकर मुंबई (महाराष्ट्र) में कार्यभार ग्रहण किया है। श्रेया श्रीवास्तव ने जनपद का नाम रोशन किया है। बेटी के चयनित होने पर उनका पूरा परिवार व षुभचिन्तकों में हर्ष व्याप्त है।

## भाजपा दल की परिचयात्मक बैठक संपन्न

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर नए पदाधकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी शामिल हुए। जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने उपस्थित जिला पदाधकारियों एवं मण्डल अध्यक्ष का एक दूसरे का परिचय कराया। कहा कि यह केवल एक औपचारिक परिचय का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह संगठन की शक्ति, एकता और हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर है। भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और जनसेवा हमारा संकल्प हम सभी यहां किसी पद के लिए नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने के लिए उपस्थित हैं प्रत्येक पदाधिकारी संगठन की रीढ़ होता है, और आप सभी पर जिले को मजबूत बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

संक्षेप

## यातायात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में शनिवार को यातायात प्रभारी देवरिया गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बस स्टैंड, कचहरी चौराह एवं भीखमपुर रोड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, जीप, आटो व ई-रिक्शा तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस/बिना फिटनेस के चलने वाले आटो एवं ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी।

साथ ही कोतवाली क्षेत्र के ई रिक्शा वाहनों की चेकिंग कर सही कागजात होने पर नंबरिंग किया गया तथा बस स्टैंड पर अभियान चलाकर बिना हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालों का एम वी एक्ट मे चालान एवं सीज की कार्यवाही किया गया।

# स्कूल चलो अभियान का आगाज



जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को ह्लस्कूल चलो अभियान 2026-27ह्व का शुभारंभ कंपोजिट विद्यालय शिवपुर, वाराणसी से प्रातः 9:30 बजे किया गया।

कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद कुशीनगर के विकास भवन

● हुआ सजीव प्रसारण

सभागार में किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सजीव प्रसारण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय कुमार दुबे एवं विधायक विनय प्रकाश गोंड की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को शांतिपूर्वक सुना। इस अवसर पर श्री दुबे द्वारा सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि जनपद का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही सांसद एवं अधिकारियों द्वारा बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद एवं अधिकारियों द्वारा ह्लस्कूल चलो अभियान, 2026-27ह्व के अंतर्गत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० राम जियावन मौर्य, जिला माध्यमिक शिक्षा विभाग से श्रवण कुमार गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण सुरेन्द्र बहादुर सिंह, अनिल मिश्रा, नीरज बंका, अखिलेश , रविन्द्र पाण्डेय,पवन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव : शलभ मणि

देवरिया। आज गौरी बाजार नगर पंचायत क्षेत्र के एक मैरेज हाल में भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय अभियान पार्टी कार्यकर्ताओं को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। सात सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण महाअभियान के अंतिम सत्र को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने पार्टी की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने देश के ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया गया, अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण किया गया। उन्होंने कहा मुस्लिम बहनों की दशा को देखते हुए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का काम भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने किया। गांव से लेकर शहरों तक सड़कों का जाल बिछाकर आवागमन को सुगम बनाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया। मिडिल ईस्ट की परिस्थितियों के कारण जहां कई देश आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे, लॉकडाउन लगाने की नौबत आ गई है वहीं नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण भारत पर इसका कोई असर नहीं है, हमारी जीवनचर्या सामान्य रूप से संचालित हो रही है। तमाम पौराणिक मंदिरों को कारीडोर के रूप में परिवर्तित करने का काम केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने किया है। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने काफी सराहनीय कार्य किए गए है। प्रशिक्षण महाअभियान के पांचवें सत्र को वरिष्ठ भाजपा नेता सी पी सिंह ने तथाछठवें सत्र को जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णनाथ राय, मंडल अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि जायसवाल, सुधीर श्रीवास्तव, दिनेश उपाध्याय, ब्रह्मा यादव, प्रिंस पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लीनिक को किया सील

**देवरिया**। सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को शहर के न्यू कॉलोनी स्थित अवैध रूप से संचालित एक निजी अस्पताल पर छापा मारा। उन्होंने अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों को सील करके मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई किया डिप्टी सीएमओ अश्वनी मुख्य नेतृत्व में तीन सदस्यीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने न्यू कॉलोनी स्थित आविका क्लिनिक का नाम बदलकर तृषिका क्लिनिक के से संचालित हो रहे अस्पताल पर छापा मारा। टीम ने ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर व जनरल वार्ड का निरीक्षण किया। मोके पर अस्पताल के मौजूद कर्मचारी सरिता यादव व खुशबू चौहान ने टीम को बताया कि दो दिन पूर्व ही अस्पताल का नाम अविका से तृषिका क्लिनिक किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि क्लिनिक के पैड पर फीजिशियन डॉ दयाशंकर राय का नाम लिखा था। उपस्थित कर्मचारियों द्वारा टीम को क्लिनिक का कोई भी अभिलेख न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर यह छापेमारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई चल रही है। अवैध हास्पिटल बंद कराने तक यह अभियान जारी रहेगा छापेमारी के दौरान टीम में अरुण शाही, सूरज आदि मौजूद रहे।

## दीवानी न्यायालय परिसर की दुकानों की नीलामी 10 को

**देवरिया**। दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दुकानों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी नीलामी समिति जजी, देवरिया के अध्यक्ष रवि यादव ने दी। उन्होंने बताया कि माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया के 30 मार्च 2026 के आदेश के अनुपालन में यह नीलामी अपराह्न 4:30 बजे दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दस कक्षीय न्यायालय भवन के केंद्रीय सभागार में नीलामी समिति की देखरेख में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अधीन नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ नीलामी समिति की देखरेख में संपन्न कराई जाएगी।

## सुभासपा की जिला बैठक में संगठन मजबूती और आगामी चुनाव पर मंथन

जिला संवाददाता

देवरिया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राघवेंद्र राम द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, कार्यकताओं में समन्वय बढ़ाना और आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करना रहा।बैठक की शुरूआत संगठनात्मक समीक्षा के साथ हुई, जिसमें जिले की वर्तमान स्थिति, बूथ स्तर तक संगठन की पहुंच और कार्यकताओं की सक्रियता पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि राघवेंद्र राम द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं, इसलिए संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर सक्रियता बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों से संवाद स्थापित करें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।बैठक में आगामी चुनाव को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। संभावित प्रत्याशियों के चयन, उनके सामाजिक प्रभाव और जीत की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि टिकट वितरण में संगठन के प्रति निष्ठा, जनसेवा और क्षेत्रीय लोकप्रियता को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि समय रहते चुनावी तैयारी को धार दी जाए ताकि पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सके।राघवेंद्र राम द्विवेदी द्वारा नगर पालिका के पास हुए एक दुखद हादसे पर भी बैठक में शोक व्यक्त किया गया। निमार्णाधीन स्थल पर हुए इस हादसे में दो व्यक्ति की जान चली गई थी, जिसे लेकर सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। बैठक में प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

# उपजिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियाद



**कसया, कुशीनगर**। स्थानीय तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का निर्देश अपने मातहत अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया। इस मौके पर आई अतिक्रमण की शिकायत का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी श्री सिंह ने भलुही मदारी पट्टी में टीम बनाकर करवाई के निर्देश दिए। जहां पूरी राजस्व टीम और सुरक्षा बल व नपा कर्मियों ने अतिक्रण हटवाया। इस मौके पर आय कुल 58 शिकायत में सर्वाधिक 36 जमीन से जुड़े मामले थे। सात शिकायतें पुलिस विभाग की, चार शिकायत विकास विभाग की, खाद्य एवं रसद की चार, तीन विद्युत विभाग, नपा कुशीनगर की एक, अन्य तीन मामले रहे। जिनमें से पांच का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सिंह के साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में 49 शिकायतें मिलीं, 8 निस्तारित

देवरिया, । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को भाटपाररानी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएउन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का निस्तारण मौके पर संभव नहीं हो सका है, उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के भी निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 12 राजस्व विभाग, 13 पुलिस विभाग, 4 विकास विभाग तथा 20 अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। इनमें से 8 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई, जबकि शेष प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।इस दौरान 3 पात्र लाभार्थियों को अंत्योदय राशन कार्ड वितरित कर त्वरित राहत प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## अंक वितरण समारोह में हुआ मेधावी छात्रो का सम्मान

**भटनी(देवरिया)**। चन्द्रशेखर आजाद प्रेस्टिज टयूटोरियल स्कूल मे एक समारोह आयोजन कर छात्रो का आंकपत्र वितरण किया गया ।कक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया ।अंकवितरण समारोह का शुभारंभ स्कूल के संरक्षक अर्पित तिवारी एवं प्रधानाचार्य राधेकृष्ण द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।साथ ही अपने -अपने कक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावी द्वारा का संरक्षक व प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रुप में किया गया ।कार्यक्रम में कक्षा -1से लेकर कक्षा आठ तक के उन छात्रो को विशेष रुप से सम्मानित किया गया जो आपने-अपने कक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाकर बेहतर प्रदर्शन किया । अन्य छात्रो को प्रोत्साहित करने के लिए सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया ।जिससे छात्रों का उत्साहवर्धन व बेहतर प्रदर्शन करने का लगातार करते हुए अपने लक्ष्य के तरफ अग्रसर हो सके ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रतिभाएं केवल अंको की मोहताज नही होती ।बच्चों को समझ व ऐकाग्रचित होकर पढाई करने ज्ञान को व्यवहार में लाने का सदैव.प्रयास करने की जरुरत है । बच्चों को पारंपरिक शिक्षा के साथ साथ एआई व अन्य तकनीकी ज्ञान पर भी जोर देने की अपील किया । मुख्य रुप से खुशी रजक को प्रथम शिफा अंसारी को द्वितीय स्थान पाने व आदित्य को विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च छात्र के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।

## औषधि केंद्रों ने किया रक्त केंद्रों का निरीक्षण

**कुशीनगर**। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश मुख्यालय द्वारा गठित अन्तरजनपदीय औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा जनपद कुशीनगर में संचालित रक्त केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद में संचालित कुल 02 रक्त केन्द्रों की जांच की गई ।निरीक्षण के दौरान रक्त केन्द्रों के संचालन, अभिलेखों के संधारण, आवश्यक मानकों एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई ।औषधि निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच के समय पायी गई कमियों के संबंध में विभाग द्वारा संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है तथा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रक्त केन्द्रों के संचालन पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा मानकों के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु नियमित निरीक्षण अभियान जारी रहेगा।

# रबी विपणन, जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित




जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। जिले के कसया तहसील सभागार में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूँ क्रय व्यवस्था के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपजिलाधिकारी, कसया जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त/सहायक निबन्धक (सहकारिता), जिला कृषि अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, क्रय एजेंसियों पीसीएफ एवं पीसीयू के जिला प्रबंधक, बॉट-मॉप निरीक्षक, मण्डी सचिव कसया तथा जनपद के समस्त गेहूँ क्रय प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी नरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में खाद्य विभाग, पीसीएफ एवं पीसीयू सहित विभिन्न क्रय एजेंसियों द्वारा कुल 71 गेहूँ क्रय केन्द्र विभिन्न तहसीलों एवं ब्लॉकों में स्थापित किये गये हैं। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। गेहूँ खरीद सत्र 30 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक संचालित रहेगा तथा क्रय केन्द्रों का संचालन प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जाएगा।

जनपद का कोई भी किसान अपने निकटतम क्रय केन्द्र पर गेहूँ विक्रय कर सकता है। इसके अतिरिक्त 10 मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी खरीद की व्यवस्था की गई है। यदि किसी गाँव में एक ट्रक अथवा समतुल्य मात्रा में गेहूँ उपलब्ध होता है तो गाँव स्तर पर ही खरीद सुनिश्चित की जाएगी। जनपद का गेहूँ क्रय लक्ष्य 23,500 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। अब तक 2205 किसानों द्वारा गेहूँ विक्रय हेतु पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा चुका है। किसान कॉमन सर्विस सेंटर, किसान मित्र ऐप अथवा गेहूँ क्रय केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा बोये गये रकबे का सत्यापन एग्रीस्टैक अथवा डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से ऑटो मोड में किया जाएगा। क्रय प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पंजीकरण प्रपत्र के साथ किसानों से आवश्यक अभिलेख जैसे आधार कार्ड एवं खतौनी/खसरा प्राप्त कर नियमानुसार गेहूँ क्रय सुनिश्चित करें। यह भी निर्देश दिए गए कि गुणवत्ता मानक के अनुरूप गेहूँ लाने वाले किसी भी किसान का गेहूँ क्रय किया जाए।

## स्कूल चलो अभियान अधिकारियों संग विद्यार्थियों ने देखा सजीव प्रसारण



जिला संवाददाता

**ललितपुर**। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अशिक्षा के अंधकार से सीधा रण, 100 प्रतिशत शिक्षित यूपी का प्रण थीम के तहत वाराणसी स्थित कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान शत-प्रतिशत नामांकन एवं ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभियान की शुरूआत के साथ ही विद्यार्थियों को नई पाठ्य पुस्तकों का वितरण और निपुण विद्यालयों व विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिए गए। ललितपुर कलेक्ट्रेट सभागार में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों

● विद्यार्थियों को नई पाठ्य पुस्तकों का वितरण और निपुण विद्यालयों व विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र बांटे

तथा प्राथमिक एवं परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। पुस्तक प्राप्त करने वाले छात्रों में कक्षा 8 के राजीव जैन, कक्षा 7 की सोनम, कक्षा 6 के राघवेंद्र, कक्षा 5 की मोनिका तथा कक्षा 4 की सुहाना शामिल रहीं।

बताया गया कि जनपद के 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड ? के उद्देश्य से यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा। पहला चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तथा दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत शिक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कर बच्चों का चिन्हांकन कर उनका नामांकन सुनिश्चित करेंगे। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में भी अभिभावकों की सूचना के आधार पर बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। अभियान के तहत 3 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी/बाल वाटिका तथा 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा 1 में प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही 7 से 14 वर्ष के ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित कर फिर से स्कूल से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिनिधि चंद्रशेखर ने कहा कि ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या शून्य करना लक्ष्य है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। एडीएम न्यायिक अशोक कुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि ड्रॉपआउट दर को शून्य तक लाया जाए। डीआईओएस ओपी सिंह ने कहा कि यदि नामांकन से एक भी बच्चा छूटा, तो सुरक्षा चक्र टूटेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व सर्वे में करीब 2 हजार किशोरियां पढ़ाई छोड़ चुकी थीं, जिनका प्रमुख कारण बाल विवाह रहा। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षक-छात्र संबंध मजबूत करने पर जोर दिया।

बीएसए रणवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है और ड्रॉपआउट समस्या को मिलकर दूर करना होगा। पीएमश्री जीजीआईसी की प्रधानाचार्य अंजना वर्मा ने विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि जनपद का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे स्कूल आकर पढ़ाई करें।

## बच्चों की प्रस्तुति देख झूम उठे दर्शक




**कुबेरस्थान, कुशीनगर**। तमकुही विकास खंड के बसडीला पांडेय स्थित पीएमश्री विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं सरस्वती प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद पांडेय ने दीप प्रज्जवलित करके किया ।इसके बाद सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई ।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, नृत्य, एकांकी सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें मुख्य रूप से राम आयेंगे तो अंगना,,,,देश रंगीला रंगीला,शिक्षा पर एकांकी एवं शिव नृत्य की प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा खूब प्रशंसा मिली ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रमोद पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।उन्होंने विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम अनुशासन एवं अपने भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारण करने पर जोर दिया ।विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों का मनोहारी कार्यक्रम, एवं भाषण शैली कबीले तारीफ रहा ।मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना से बच्चों में शिक्षा के प्रति और लगन बढ़ेगी।

अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रवक्ता नरसिंह पांडेय ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को मंच मिलना एवं उनका पुरस्कृत होना विद्यालय के सर्वांगीण विकास में मददगार साबित होगा। इसके पूर्व विद्यालय परिसर में सरस्वती प्रतिमा की स्थापना कराने वाले समाजसेवी अनिल दुबे एवं विद्यालय से सेवानिवृत हुई प्रधानाध्यापिका इंदिरा सिंह का ग्राम प्रधान माधुरी पांडेय, डॉ सत्येंद्र पांडेय ने अंगवस्त्र,स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मुतुर्जा अंसारी एवं शिक्षक गोपाल कृष्ण चतुवेर्दी ने किया ।इस दौरान डॉ आर के त्रिपाठी,गिरीश पांडेय, प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेश त्रिपाठी,गोपाल कृष्ण चतुवेर्दी,गिरिधर मौर्य,उमेश पांडेय,दीपक गौंड,साहबजादा सिंह, डॉ दिनेश पाण्डेय, बिगु यादव आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा के विकास मॉडल में जनभागीदारी के तहत जुटे निवेशक

देवरिया। 29 मार्च को जनभागीदारी के तहत अमृत प्रयास के सफल आयोजन के बाद आज सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में ह्यअमृत प्रयासह्न के तहत देवरिया लोकसभा सहित पूर्वांचल के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से बरपार स्थित जागृति उद्यम केंद्र में अमृत प्रयास समिट का आयोजन हुआ। इस समिट में देश-विदेश से आए बड़े-छोटे उद्यमियों और निवेशक जिसमें फैब इंडिया के फाउंडर विलियम बिसेल, मैनकाइंड फॉर्मा के निदेशक शीतल अरोड़ा टीसीएस, एग्री फर्स्ट के फाउंडर सहित लगभग 40 मेहमान शामिल हुए।अमृत प्रयास के प्रणेता और देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि ने अमृत प्रयास के 10 वर्षीय रणनीति को साझा करते हुए कार्यक्रम में आए गणमान्य उद्यमियों और निवेशकों से कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्पों को साकार करने की

● सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में निवेशकों का अमृत प्रयास के संकल्पों पर मंथन

● लोकसभा देवरिया और कुशीनगर में निवेश और भागीदारी के इकोसिस्टम पर चर्चा

दिशा में, देवरिया लोकसभा क्षेत्र अमृत प्रयास के 7 संकल्पों के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित देवरिया-कुशीनगर को संकल्पित अमृत प्रयास पर्यावरण और संस्कृतिक रुप से समृद्ध इन जिलों में आपका निवेश विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगा। सांसद शशांक मणि ने उद्यमियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि यहां आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी और आदरणीय मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में पूर्वांचल के जिले हर संभव मदद देने के लिए तत्पर हैं। 3 से 5 अप्रैल तक चलने वाले अमृत प्रयास समिट में देवरिया की धरती पर आए उद्यमियों ने सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में अलग-अलग सेशन के माध्यम से देवरिया-कुशीनगर समेत पूर्वांचल में निवेश की संभावनाओं पर मंथन किया।

इस समिट में सांसद शशांक मणि ने प्रथम संकल्प के विस्तार, जिसमें किसानों को आधुनिक तकनीक, भंडारण, क्रेडिट और बाजार से जोड़ने की दिशा में हो रहे काम से अवगत कराया, साथ ही द्वितीय संकल्प के तहत उद्यमिता के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पांच विधानसभाओं में जनभागीदारी से एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने की बात साझा की। इसके साथ ही सरकार की भागीदारी के माध्यम से अमृत प्रयास के महत्वपूर्व कदमों को साझा करते हुए देवरिया अमृत रेलवे स्टेशन, देवरिया बाईपास, नारायणी रॉकेट सेंटर एवं सांस्कृतिक पर्यटन के लिए मां देवरही मंदिर के जीर्णोद्धार जैसी पहलों की भी चर्चा की ।इसके साथ ही सांसद शशांक मणि ने स्वावलंबी भारत अभियान में जागृति उद्यम केंद्र की भागीदारी की सराहना की। समिट के अगले चरण में देवरिया लोकसभा सहित पूर्वांचल में ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्न से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें भूमि, स्वीकृतियां और प्रशासनिक सहयोग और जनभागीदारी जैसे विषय प्रमुख रहे।

इसके साथ ही इस क्षेत्र में रक्षा, अंतरिक्ष और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं को भी प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन के दौरान ह्यक्लोज्ड डोर इन्वेस्टर सर्किलह्न भी आयोजित हुआ, जिसमें निवेशकों और नीति निमार्ताओं के बीच आगे की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान, फैबइंडिया के चेयरमैन विलियम बिसेल, मैनकाइंड फार्मा के सीईओ शीतल अरोड़ा, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के प्रतिनिधि, सलाहकार के रुप में रिटायर्ड आईएएस चितरंजन खेतान, पीडब्ल्यूसी के संजय तोलिया, सीमेंस के काकती कौस्तव, गेट्स फाउंडेशन की निधि श्रीनिवास, आईसीआईसीआई के सीएमओ सुजीत गांगुली, टीसीएस की वसंथ प्रिया समेत कई जाने माने लोग मौजूद रहे।

## सोहावल में आई 108 शिकायतें, चार का निस्तारण

सोहावल-अयोध्या। शनिवार को सोहावल तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में कुल 108 शिकायतें आईं। जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई जन सुनवाई में ज्यादातर मामले राजस्व और रसोई गैस के रहे। इस अवसर पर उप-जिलाधिकारी सोहावल सुश्री सविता, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रेशू जैन, इंदु भूषण यादव, नगर पंचायत खिरौनी अधिशाषी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, सप्लाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा आदि रही।

## बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**अयोध्या**। बाबा बाजार थाना क्षेत्र के मां कामाख्या चैकी अंतर्गत सुनवा गांव में एक बुजुर्ग द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। 60 वर्षीय इंसान अली ने लंबी बीमारी से परेशान होकर यह कदम उठाया। बताया जा रहा है कि वे पिछले करीब एक वर्ष से पूरे शरीर में असहनीय जलन की समस्या से जूझ रहे थे, जिससे मानसिक रूप से भी काफी परेशान थे। परिजनों के अनुसार, इससे पहले भी वह एकद्ददो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे, लेकिन उन्हें बचा लिया गया था। इस बार उन्होंने खुद का गला रेतकर जान दे दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना पर थाना प्रभारी व चैकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संक्षेप

## कुटुंब न्यायालय परिसर में भिड़े पति-पत्नी

**ललितपुर।** कुटुंब न्यायालय परिसर में एक युवती के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम पठा विजयपुरा निवासी शिवांगी लिटोरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 3 अप्रैल 2026 को कुटुंब न्यायालय में तारीख पर आई थी। इसी दौरान पहले से मौजूद विपक्षी पक्ष के हिमांशु दीक्षित, रविंद्र दीक्षित, रामाकांत दीक्षित व एक अन्य व्यक्ति ने बिना किसी बात के उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 20 अप्रैल तक चलेगा राशन वितरण अभियान

**ललितपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अप्रैल 2026 माह का खाद्यान्न का निशुल्क वितरण 6 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि सभी पात्र लाभार्थी अपनी नजदीकी उचित दर दुकानों से राशन प्राप्त कर सकते हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित मात्रा के तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न (14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल) मुफ्त दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न (2 किलो गेंहू और 3 किलो चावल) निशुल्क वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण द्वारा किया जाएगा।

जिन लाभार्थियों का किसी कारणवश आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है, उनके लिए 20 अप्रैल को ओटीपी के जरिए वितरण की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि वह निर्धारित अवधि के भीतर अपनी उचित दर दुकान पर पहुंचकर खाद्यान्न अवश्य प्राप्त करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए।

## हरीसिंह लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव बने

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव की अनुमति पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष डा.रामकरन निर्मल द्वारा अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सपा के कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता हरी सिंह जिजयावन को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। साथ ही उन्होंने नव नियुक्त प्रदेश सचिव से समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए जाने की अपील करते हुए लोगों को पीडीए की विचारधारा से जोड ? के निर्देश दिए हैं।

# सीएम के स्कूल चलो अभियान का देखा गया प्रसारण



जिला संवाददाता

**बांदा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाराणसी में आयोजित स्कूल चलो अभियान एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम का प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। बताया गया कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन विद्यालयों में कराया जाना है। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बच्चों को शिक्षित करने के लिए चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने छूटे हुए बच्चों का शत.प्रतिशत दाखिला विद्यालयों में कराए जाने तथा बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए बालिकाओं का शत.प्रतिशत नामांकन कराने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में सरकार विशेष सुविधाएं दे रही है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है।

उन्होने इस अभियान को जन सहभागिता से गांव एवं शहरों में चलाए जाने को कहा। उन्होने आंगनवाड़ी केन्द्रों से 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को प्राइमरी शिक्षा दिलाने के लिए प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाए जाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा के लिए कोई भी ड्रॉपआउट बच्चा पंजीकरण से छूटने न पाए। कहा कि शिक्षा विभाग में अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। इसके तहत विद्यालय में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तकए ड्रेसए मिड.डे.मील व अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों में महत्वपूर्ण स्थापना एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी हैं। अभिभावकों व बच्चों का विश्वास सरकारी विद्यालयों के प्रति बढ़ा है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेयए जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला बेसिक शिक्षाधिकारीए शिक्षक व छात्र.छात्राएं मौजूद रहीं।

# शिकायत मिलते ही करायें त्वरित निस्तारणः मण्डलायुक्त



- सतवांसा में नव निर्मित वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी खेल मैदान का किया शुभारंभ/लोकार्पण
- सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील कक्षों का किया निरीक्षण, विकास कार्यों की समीक्षा हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने व आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य से मण्डलायुक्त झांसी मण्डल, झांसी बिमल कुमार दुबे और जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनशिकायतें सुनीं और मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने तहसील का निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा तथा विकास कार्यों की समीक्षा हेतु विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक भी की। मण्डलायुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त आकांक्षी ब्लॉक मड़ावरा के कार्यालय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित होने वाले प्रेरणा शॉप एवं ग्राम सतवांसा में नवनिर्मित वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी खेल मैदान का फीता काटकर शुभारंभ एवं लोकार्पण किया और जिलाधिकारी की इस पहल की प्रसंशा करते हुए इसे व्यापक स्तर देने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम की श्रंखला में मण्डलायुक्त ने तहसील मड़ावरा के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर राजस्व व प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की, उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल की समीक्षा करते हुए सभी प्रकार के लंबित वादों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने, पत्रावलियों को अद्यावधिक करने व तहसील कक्षों में पर्याप्त सफाई के साथ आमजन के लिए पेयजल व बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उन्होंने सभाकक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त ने प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए जनशिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया और मौके पर ही सम्बंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर निस्तारण कराया और शेष शिकायती पत्रों को विभागीय अधिकारियों को सौंपकर अगले सम्पूर्ण समाधान दिवस के पहले निस्तारण कराने के निर्देश दिये ताकि किसी भी फरियादी को दोबारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने की जरूरत न पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त मण्डलायुक्त खण्ड विकास कार्यालय मड़ावरा पहुंचे, यहां पर उन्होंने प्रेरणा शॉप का फीता काटकर शुभारंभ एवं लोकार्पण किया।

प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए स्वयं सहायता समूहों के इस प्रयास को व्यापकता देने के लिए प्रत्येक विकास खण्ड व प्रत्येक थाना एवं चैकी पर प्रेरणा शॉप खोले जाने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त मण्डलायुक्त ने ग्राम सतवांसा में नवनिर्मित वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी खेल मैदान का का फीता काटकर शुभारंभ व लोकार्पण किया और स्वयं जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया।

उन्होंने खेल मैदान को देखकर जिला प्रशासन की प्रसंशा की और कहा कि इससे न सिर्फ ग्रामीण प्रतिभा को निखरने का मौका मिलेगा, बल्कि उनके सपनो को पंख भी लगेंगे। इसके साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र चैधरी, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## केन-बेतवा लिंक परियोजना का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**बांदा।** केन.बेतवा लिंक परियोजना की मुख्य केन नहर के निमार्णाधीन कार्य का जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होने केन मुख्य नहर में किए जा रहे कार्यों को देखा और अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तेज गति से पूरा किया जाए।

डीएम जे0 रीभा ने नहर के ऊपर निमार्णाधीन पुल व रपटों का निरीक्षण किया। उन्होने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री देखी और संतोष जताया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि केन.बेतवा लिंक परियोजना का काम मुख्य केन नहर के अलावा अन्य रजबहों मे भी चल रहा है। अधिशाषी अभियंता लगातार इस कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन कर रहे हैं। इसके अलावा परियोजना के एसडीओ और अवर अभियंता लगातार हो रहे काम में अधिकांशतया खड़े होकर ठेकेदार व कारीगरों को दिशा.निर्देश दे रहे हैं।

# आयुक्त, डीआईजी ने सुनीं जन समस्याएं त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये



- डीएम ने सुनीं शिकायतेंए 25 में 5 का निस्तारण

**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार व पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस ने तहसील पैलानी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। दूर.दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को आयुक्त ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। समाधान दिवस में करीब 25 प्रार्थना पत्र मिले। इनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आयुक्त ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर तीन दिनों के अंदर आख्या आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करें साथ ही शासन की योजनाएं पात्र लोगों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाई जाएं। उन्होने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े और प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो। इसके पश्चात आयुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होने सफाईए पेयजलए चिकित्सकों की मौजूदगीए दवाओं की उपलब्धता और भवन की स्थिति देखीए यह संतोषजनक मिली। इसके बाद उन्होने उच्च प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में शिक्षकए शिक्षण कार्य करते मिले। इस पर आयुक्त ने संतोष जताया। विद्यालय परिसर के बाहर कूड़े का ढेर मिला। इसकी तत्काल सफाई कराने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि शिक्षक समय से विद्यालय आएं और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें। तहसील नरैनी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां 52 शिकायतें मिलींए जिनमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समय पर गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस विभाग की शिकायतों को सुना और इनेक निस्तारण के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी अमित शुक्लाए मुख्य चिकित्साधिकारीए तहसीलदारए नायब तहसीलदार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पशु चिकित्सक चला रहे सरकार के विरुद्ध एजेंडा, कार्रवाई की मांग

**बांदा।** सरकार के विरूद्ध एजेंडा चलाने को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। नगर अध्यक्ष साकेत सिंह ने शिकायती पत्र में कहा है कि जसपुरा में तैनात पशु चिकित्सकए एमवीयू डॉ नरेन्द्र सिंह पटेल ने सोशल मीडिया में सरकार के विरूद्ध एजेंडा को लाइक व शेयर कर लोगों में भ्रामकता फैलाई है साथ ही जनप्रतिनिधियों के विरूद्ध सोशल मीडिया के जरिए विरोध किया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने भेजी गयी नोटिस में कहा है कि पशु चिकित्सक का इस तरह का कृत्य सरकारी आचरण नियम के विरूद्ध है। डॉ एस के वैश्य मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने भेजी गई नोटिस में कहा है कि पूर्व में भी आप ने इस प्रकार के कृत्य किए हैं जो कर्मचारी आचरण नियम के विरूद्ध हैं इससे इन कृत्यों के कारण विभाग की छवि धूमिल हो रही है। उन्होने पशु चिकित्सक को नोटिस भेजकर साक्ष्यों सहित तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। जवाब संतोषजनक न मिलने पर पशु चिकित्सक के विरूद्ध कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

## ट्रक की टक्कर से बस पलटी, बस चालक की मौत



**महोबा।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहरा कलां में एक रोडवेज बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई, जिसमें बस पलटने से बस चालक की मृत्यु हो गई तथा एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। रोडवेज बस मुस्करा से महोबा आ रही थी। उक्त दुर्घटना के मामले में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना पर जनपदीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान बस चालक की दुखद मृत्यु हो गई। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों को हल्की चोटे आयी हैं, सभी का समुचित उपचार कराया जा रहा है। घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। संबंधित ट्रक को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## महिला ने एसपी से की मारपीट की शिकायत,कार्यवाही की मांग

**बांदा।** पीड़िता कुंती पत्नी राजेश निवासिनी क्वोटरा बहिंगा थाना तिंदवारी ने पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट न लिखे जाने के शिकायत की है। पीड़िता का कहना है कि 25 मार्च को उसके पति राजेशए जेठ सुरेंद्र एससुर बृजलाल एदेवर रुपेश एदेवरानी राधाए करण व अर्जुन उसके कमरे में घुसे और घसीट कर बाहर सड़क में लात जूतों से मारा पीटा। जिसकी सूचना उसने संबंधित थाना तिंदवारी में दी लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गई। इस वजह से वह काफी भयभीत है। इसके पहले वह ससुरालीजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर अपने मायके ललौली जनपद फतेहपुर में रह रही थी। लेकिन रिश्तेदारों को इकट्ठा कर सुलह.समझौता कर ससुराल पक्ष के लोग उसे ले आए लेकिन अब ससुरालीजन उसके साथ लगातार मारपीट कर रहे हैं। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है।

# असिस्टेंट कमिश्नर बनी परचून दुकानदार की बेटी



- पिता के निधन के बाद मां ने दुकान चलाकर पढ़ाया बेटी को
- संघर्ष, मेहनत और हौसले की मिसाल हिमांशी जैन

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के दूरस्थ ब्लाक मड़ावरा कस्बे की रहने वाली साधारण परिवार की बेटी हिमांशी जैन ने यूपी पीसीएस 2024 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित होकर पूरे जनपद का नाम रोशन कर दिया है। दूसरे प्रयास में 154वीं रैंक प्राप्त कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया, जिससे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

हिमांशी जैन के ललितपुर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। परिजन, रिश्तेदार, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान बेटी हो तो हिमांशी जैसी जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। हिमांशी की सफलता के पीछे एक भावुक और प्रेरणादायक संघर्ष की कहानी छिपी है। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान उनके पिता का निधन हो गया था। खास बात यह रही कि जिस दिन उनकी बरसी थी, उसी दिन यह सफलता परिवार के हाथ लगी, जिसने इस पल को भावनात्मक बना दिया। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनकी मां ममता जैन ने संभाली। उन्होंने परचून की दुकान चलाकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद हिम्मत नहीं हारी।

माँ के संघर्ष और त्याग ने ही हिमांशी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। हिमांशी बचपन से ही प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देखती थीं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने करीब 4 वर्षों तक दिल्ली में रहकर कड़ी मेहनत की। यूपीएससी की तैयारी के साथ-साथ उन्होंने यूपीपीसीएस परीक्षा पर भी फोकस रखा और अंततः सफलता हासिल की। हिमांशी जैन की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज और जनपद के लिए प्रेरणा बन गई है।

## भविष्य में सिर्फ गौवंश ही प्रत्येक समस्याओं का होगा समाधानःश्यामबिहारी गुप्ता



- प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा किया गया गौवंश आश्रय स्थलों का

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के तालवेहट स्थित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र विजरौठा एवं विकास खण्ड जखौरा के ग्राम पंचायत कारीपहाडी में स्थापित गौवंश आश्रय स्थल एवं वायोगैस संयन्त्र का उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामविहारी गुप्ता एवं सदस्य रमाकांन्त उपाध्याय द्वारा निरीक्षण किया गया।

मौके पर खण्ड विकास अधिकारी सौरभ कुमार वर्नवाल डिप्टी सी0वी0ओ0 डॉ0 भूपेन्द्र प्रकाश, संदीप कुमार, पसुधन प्रसार अधिकारी, मनोज मिश्रा, सचिव वीरेन्द्र बरौदिया, ग्राम प्रधान मथुरा प्रसाद रैकवार आदि उपस्थित रहे ।अध्यक्ष एवं सदस्य के द्वारा गौवंशों के उत्तम स्वास्थ पर निरिक्षण के साथ साथ उनके उचित प्रवंन्धन पर चर्चा की एवं गौवंशों के उत्तम स्वास्थ पर सुझाव और सहभगिता योजनान्तर्गत अधिक से अधिक गरीव परिवारों को गौवंश सुपुर्द कर लाभानवित किया जाने हेतु प्रयास किये जाने के सुझाव दिये। गाय एक और उसके फायदे अनेक पर चर्चा करते हुये अवगत कराया की भविष्य में सिर्फ गौवंश ही प्रत्येक समस्याओं का समाधान है। अध्यक्ष ने प्रत्येक गौवंशों को हरा चारा खिलाने हेतु किसानो से उनके आय में बृद्वि के अवसर बढाने और हमारा देश 2047 तक विकसित भारत का सपना पूर्ण होने का लक्ष्य पूरा हो सकता है ।हरे चारे नेपियर घास के साथ सहजन पत्ती और नीम की पत्ती एवं काला नमक खिलाकर गौवंशौ के प्रतिरोधक क्षमता को अधिक वढाया जा सकता है। ग्राम में नेपियर घास उगाकर गौवंशौ को अतिरिक्त कराया जा रहा है। निरीक्षण के द्वौरान अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा गौवांशौ को ग्राम में उगाया गया हरा चारा नेपियर अपने हाथ से गौ माता को खिलाते हुये सफाई व्यवस्था एवं गौशाला प्रवंन्धन की प्रसंशा कर गौशाला को प्रदेश में मॉडल गौशाला के रूप में स्थापित करने का सुझाव दिया, तत्पश्चात ग्राम कारीपहाडी में स्थापित गोवर्धन वायो गैस संयत्र का निराक्षण किया जिसको संचालित अवस्था में पाकर प्रसन्नता जाहिर की।

वायोगैस संयत्र से ग्राम के 13 परिवारो का गोवर गैस निम्न दरों पर सप्लाई की जा रही है जिसके साथ-2 कृषक गोवर संयंत्र की स्लरी खाद को अपने खेतो में इस्तेमाल करके कृषि कार्य कर रहे है। वायोगेस संयत्र से विजली भी उत्पन्न की जा रही है जिससे आटा चक्की का संचालन हो रहा है एवं एक रू0 प्रति किलो की दर से गेहूँ पिसाई की जती है ।जिससे ग्राम के आय के श्रोत भी बडे है। संचालन व्यवस्था से प्रसन्न होकर प्रत्येक कर्मचारी/अधिकारी, ग्राम प्रधान को गौसेवा पट्टी पहनाकर अध्यक्ष/सदस्य द्वारा सम्मानित किया गया।

## जर्जर यूनीपोल हटाने के लिए नगर पालिका ने दिया ठेकेदार को नोटिस

- 13 जगहों से हटाने का अल्टीमेटम, नहीं माने तो होगी सख्त कार्रवाई

**ललितपुर।** शहर में बढ़ते हादसों के खतरे को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने जर्जर विज्ञापन ढांचों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पालिका ने प्रिन्स पब्लिसिटी नामक विज्ञापन एजेंसी को नोटिस जारी कर शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे यूनीपोल और गैन्ट्री गेट्स को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं ।बीती 3 अप्रैल को शहर में एक बड़ा हादसा टल गया, जब एजेंसी द्वारा लगाया गया एक यूनीपोल अचानक सड़क पर गिर पड़ा। घटना के समय कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे जनहानि टल गई। हालांकि इस घटना ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए और प्रशासन को तुरंत कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया।

नगर पालिका द्वारा की गई जांच में शहर के 13 प्रमुख स्थानों को खतरनाक स्थिति में पाया गया है। इनमें वर्णी कॉलेज चैराहा, तुवन मैदान, सुपर मार्केट, कोतवाली के सामने, बस स्टैंड, सागर रोड और इलाइट चैराहा जैसे व्यस्त इलाके शामिल हैं। इन स्थानों पर लगे यूनीपोल और ओवरहेड गेट जर्जर हालत में हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं।

पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि नोटिस मिलते ही एजेंसी को अपने सभी खतरनाक ढांचों और प्रचार सामग्रियों को तुरंत हटाना होगा। यह कार्रवाई जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। नगर पालिका परिषद ईओ दिनेश कुमार ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में यूनीपोल नहीं हटाए गए तो पालिका अधिनियम 1916 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इस मामले की जानकारी जिलाधिकारी को भी भेज दी गई है, जिससे प्रशासनिक स्तर पर भी निगरानी सुनिश्चित हो सके। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से जर्जर यूनीपोल खतरा बने हुए थे, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है, जिससे भविष्य में बड़े हादसों को रोका जा सकेगा।

# जुलूस और उर्स मेले में पकड़ा गया चोर गिरोह



- 6 आरोपी गिरफ्तार, 2.5 लाख का माल बरामद

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 2.5 लाख रुपये कीमत का चोरी का माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन, लाल मोतियों की माला व अन्य आभूषण बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मामले में कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 362/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में ग्यारस आदिवासी (21), अंगत सहरिया (24), अजय आदिवासी (20), शिव आदिवासी (22), रोहित सहरिया (करीब 20) एवं गिरजा (20) शामिल हैं। सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई के तहत न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार 3 अप्रैल 2026 को अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह एक संगठित गिरोह बनाकर भीड़भाड़ वाले स्थानों, विशेषकर मेलों व धार्मिक आयोजनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उर्स मेला व हनुमान जयंती के जुलूस में भी इन्होंने मोबाइल व आभूषण चोरी किए थे, जिन्हें बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से विभिन्न कंपनियों के 10 मोबाइल फोन, पीली धातु के मोती व लॉकेट सहित लाल मोतियों की माला, 2 सफेद धातु के लॉकेट बरामद किये हैं। पुलिस टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने किया। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# एआई ने खोले विकास के द्वार : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



मोतिहारी। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि संघर्ष, विभाजन और असहिष्णुता से भरे इस युग में महात्मा गांधी का अहिंसा का सिद्धांत मानवता के लिए एक सशक्त मार्ग प्रशस्त करता है।

पूर्वी चंपारण जिले में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा साइंस जैसे क्षेत्र विकास और नवाचार के नए द्वार खोल रहे हैं। उन्होंने युवाओं से इन प्रगति को जिज्ञासा और जिम्मेदारी के साथ अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि गौतम बुद्ध को बिहार में ज्ञान प्राप्त हुआ था और गांधी जी को चंपारण की इसी भूमि में अपनी सच्ची कर्मभूमि मिली थी। राधाकृष्णन ने कहा कि चाहे बौद्ध धर्म हो, जैन धर्म हो या समाजवादी क्रांति का विचार, सब कुछ ने यहीं आकार लिया। उन्होंने कहा बिहार ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण जैसे दूरदर्शी व्यक्तित्व को जन्म दिया जिन्होंने भारत की नैतिक और राजनीतिक चेतना को आकार दिया। मैं स्वयं, 18 या 19 वर्ष की उम्र में, 1974 में कोयंबटूर के जिला महासचिव के रूप में जेपी आंदोलन से गहराई से जुड़ा था। उपराष्ट्रपति ने भारत की सामाजिक-राजनीतिक स्थिति को ऊपर उठाने में कर्पूरी ठाकुर, प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और परोपकारी महारानी जानकी कुंवर के योगदान को याद किया। स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए उपराष्ट्रपति ने उनसे राष्ट्रवाद को अपनाने और एक स्वस्थ और सुदृढ़ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया जो अनैतिक चीजों को कभी स्वीकार न करे। उन्होंने कहा आज जब आप अपनी उपाधियां प्राप्त कर रहे हैं, तो आपसे भारत की समृद्ध विरासत का पथप्रदर्शक बनने की अपेक्षा की जाती है। आप महात्मा गांधी के आदर्शों को आगे बढ़ाएं और एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत की प्राप्ति में योगदान दें। उपराष्ट्रपति ने छात्रों को व्यक्तिगत विकास और समाज को सशक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान जैसे क्षेत्र संभावनाओं को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और विकास तथा नवाचार के नए रास्ते खोल रहे हैं। मैं आपको जिज्ञासा और जिम्मेदारी के साथ इस प्रगति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विशिष्ट अनुसंधान अवसर भारत की पारंपरिक बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने और बढ़ावा देने के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# एआईएनआरसी-भाजपा का गठबंधन थका हुआ : विजय

एजेंसी



पुडुचेरी। पुडुचेरी में सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों गुटों पर स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए टीवीके प्रमुख विजय ने शनिवार को अपनी पार्टी को एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में पेश किया और पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल करने के लिए पूरा प्रयास करने तथा मुफ्त बिजली सहित कई कल्याणकारी उपायों का वादा किया।

टीवीके के प्रमुख विजय ने पुडुचेरी में ऑलइंडिया एआईएनआरसी-भाजपा के गठबंधन को थका हुआ गठबंधन करार देते हुए कहा कि इस गठबंधन में कोई जान नहीं रह गई है। उन्होंने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-कांग्रेस के गठबंधन को भ्रमित गठबंधन बताया। विजय ने कहा, तमिलनाडु में भी द्रमुक-कांग्रेस का गठबंधन भ्रमित है। पुडुचेरी में भी ऐसा ही है। एक और गठबंधन है, एनआर कांग्रेस (एएनआरसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठबंधन। यह एक थका हुआ गठबंधन है। केंद्र शासित प्रदेश में नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा, मैंने ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया है, जो जमीनी स्तर पर जनता के साथ खड़े हैं। मैंने उन्हें आपके हाथ में सौंप दिया है। हम अपनी जनता के साथ खड़े हैं। हमारे लोग आपके साथ खड़े हैं। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से घंटों पहले ही पुडुचेरी का माहौल बेहद जोशीला था। हजारों समर्थक और प्रशंसक पुडुचेरी की मुख्य सड़कों पर जमा हो गए थे, पार्टी के झंडे लहरा रहे थे और थलपति के नारे लगा रहे थे।

## संक्षेप

### मध्य प्रदेश में इमारत ढही, छह लोग दबे

अनूपपुर। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा कस्बे में शनिवार शाम एक पुराने लॉज की चार मंजिला इमारत ढह गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इस हादसे में कम से कम छह लोगों के इमारत के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि ढही इमारत की पहचान बस स्टैंड के पास स्थित अग्रवाल लॉज के रूप में हुई है।
प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह घटना शाम करीब साढ़े पांच बजे हुई और इमारत गिरने के दौरान विस्फोट जैसी तेज आवाज सुनाई दी, जिससे इलाके में धूल का गुबार छा गया। उन्होंने बताया कि घटना के समय बस स्टैंड पर यात्री मौजूद थे, वहीं पास के एक भूखंड पर निर्माण कार्य भी चल रहा था।

### यौन शोषण के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

नासिक (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के नासिक में एक बुजुर्ग द्वारा दी गई वसूली की शिकायत की जांच में उस वक्त एक नया मोड़ आ गया जब उसे ब्लैकमेल करने वालों से बरामद फोन, पेनड्राइव और टैबलेट से शिकायतकर्ता के ही 121 अश्लील वीडियो मिले। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इसके बाद पीड़िताओं में से एक के सामने आने के बाद बुजुर्ग को ही यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सतपुर इलाके में बुजुर्ग के कार्यालय से कथित तौर पर एक टैबलेट चुराने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने बुजुर्ग व्यक्ति को उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर लीक करने की धमकी देकर उससे 12 लाख रुपये की उगाही करने की कोशिश की थी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों से चार मोबाइल फोन, दो पेन ड्राइव और एक मेमोरी कार्ड जब्त किया था और इन उपकरणों की जांच करने पर शिकायतकर्ता रवींद्र गणपत एरंडे की महिलाओं और दोस्तों के 121 अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो क्लिप मिले।

### शुभेंदु अधिकारी के रोडशो में कानून-व्यवस्था ध्वस्त

कोलकाता। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी के शनिवार को भवानीपुर सीट से नामांकन दाखिल करने के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने पर कोलकाता पुलिस के चार अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो अप्रैल को अधिकारी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय उनके साथ मौजूद थे। निवर्तमान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अधिकारी का दक्षिण कोलकाता की इस सीट पर मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से है। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे एक पत्र में कहा कि पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्वाई का निर्देश राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल की सिफारिश के आधार पर दिया गया है। इस पत्र में कोलकाता पुलिस के दक्षिण प्रभाग के उपायुक्त (डीसी-2) सिद्धार्थ दत्ता, अलीपुर पुलिस थाना प्रभारी अधिकारी प्रियंकर चक्रवर्ती, अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी चंडी चरण बनर्जी और सार्जेंट सौरभ चटर्जी के खिलाफ कार्वाई करने का निर्देश दिया गया।

# मेरे खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया : राघव

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज किया और कहा कि उनके खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया गया है।

आरोपों को झूठा करार देते हुए चड्ढा ने कहा, मैंने हमेशा संसद में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया हैअ मैं वहां सरकार पर दबाव डालने के लिए हूं, हंगामा करने के लिए नहीं। चड्ढा ने एक वीडियो संदेश में इस आरोप को सरासर झूठ बताया कि उन्होंने विपक्षी दलों के साथ बहिर्गमन नहीं किया। उन्होंने अपने आलोचकों को चुनौती दी कि वे एक भी ऐसा उदाहरण पेश करें जहां उन्होंने (बहिर्गमन में) भाग नहीं लिया हो, और कहा कि संसदीय कार्यवाही कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड की जाती है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त से संबंधित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के एक अन्य आरोप का खंडन करते हुए, चड्ढा ने कहा कि किसी भी पार्टी नेता ने औपचारिक या अनौपचारिक रूप से उनसे इस पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा था।

# भारत का वैश्विक निर्यात होगा प्रभावित

## पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर बढ़ी चिंता : राजेश अग्रवाल

एजेंसी

हैदराबाद। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि यदि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष जारी रहा, तो इसका असर भारत के अन्य देशों को होने वाले निर्यात पर भी पड़ेगा।

चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले महीने आयात और निर्यात दोनों पर निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा, क्योंकि ऊर्जा भारतीय आयात बाजार का एक प्रमुख हिस्सा है। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, पश्चिम एशिया भी एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे निर्यात का लगभग 12-13 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में जाता है। इसलिए, इस पर सीधा असर पड़ेगा। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाले हमारे निर्यात भी प्रभावित होंगे क्योंकि कुछ मूल्य श्रृंखलाएं फिर से सामान्य स्थिति में आ जाएंगी। हम इस बात से अवगत हैं। एक सवाल का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि इस संकट का वास्तविक प्रभाव आने वाले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कोशिश कर रही है कि आपूर्ति श्रृंखला पर कम से कम असर पड़े, हालांकि आयात और निर्यात दोनों में कुछ कमी आ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही युद्ध समाप्त हो जाए, लेकिन इसका असर कुछ महीनों या वर्षों तक बना रह सकता है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन-सी आपूर्ति श्रृंखला या ढांचा प्रभावित हुआ है। अग्रवाल के अनुसार, इन चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने बताया कि दवा क्षेत्र पर भी कुछ असर पड़ा है, खासकर जरूरी कच्चे माल और रसायनों की आपूर्ति पर। उन्होंने कहा कि सरकार एलपीजी की सीमित उपलब्धता को प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में बांटने के लिए काम कर रही है और जरूरत पड़ने पर अन्य स्रोतों से आयात भी किया जा रहा है।

# खाद्य स्टार्टअप को दे रहे बढ़ावा : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को मैसूर स्थित केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) में बिराक-बायोनेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवाचार और उपभोक्ता मांग के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। एक बयान के अनुसार, इस नई सुविधा का उद्देश्य खाद्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना, उन्नत अनुसंधान में सहायता करना और खाद्य जैव प्रसंस्करण तथा जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नियामक सुविधा का विस्तार करना है। इससे वैज्ञानिक विचारों को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने में मदद मिलेगी। सिंह ने कहा हालांकि उद्यम शुरू करना अब आसान हो गया है, लेकिन इसे बनाए रखने के लिए निरंतर मूल्यवर्धन, बाजार पहुंच और मजबूत उद्योग संपर्क की आवश्यकता होती है। मंत्री ने आगे कहा कि अनुसंधान संस्थानों और निजी क्षेत्र के बीच गहरे जुड़ाव की जरूरत है। साथ ही, नवाचार को उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप होना चाहिए, जिसमें खाने के लिए तैयार और सुविधाजनक खाद्य क्षेत्र शामिल हैं।

# स्थानीय लोगों को परेशान कर रही एनआईए : ममता

एजेंसी



मालदा (बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले के मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के असली आरोपी फरार हो गए जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) निर्दोष स्थानीय लोगों को पकड़कर परेशान कर रहा है।

मालदा के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद विचाराधीन मामलों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए न्यायाधिकरणों में आवेदन करें। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि इसके बजाय, मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए नामों को फिर से शामिल करने के लिए न्यायाधिकरणों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और ऑलइंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संदर्भ में कहा, दो सांप्रदायिक दलों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और भाग निकले। अब एनआईए स्थानीय युवाओं को परेशान कर रही है। जांच के नाम पर करीब 50 निर्दोष लोगों को उठा लिया गया है। जब बनर्जी ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाए, जिसे देखकर उन्होंने आश्चर्य जताया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मंच पर मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं से कहा, हमें राजनीतिक रैलियां और सभाएं करने की जरूरत नहीं है। मेरी प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है, ताकि वे न्यायाधिकरणों में आवेदन देकर अपने नाम फिर से जुड़वा सकें। बनर्जी ने मतदाता सूची में नाम हटाए जाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें मोटाभाई कहकर संबोधित किया और आरोप लगाया कि वह चुनाव से पहले तबादलों के नाम पर राज्य प्रशासन में अधिकारियों के बीच फूट डाल रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अमित शाह को चुनौती देती हूं कि वह मालदा आकर यहां के लोगों से मिलें।

# भारत का दवा निर्यात 28 अरब डॉलर

एजेंसी



हैदराबाद। भारत का दवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा।

भारतीय दवा निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक के राजा भानु ने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 अरब डॉलर वाले इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने चिंतन शिविरः औषधि निर्यात में वृद्धि के उद्घाटन सत्र में कहा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दवा निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान निर्यात 28.29 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5.6 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि में तैयार दवाएं, जैविक उत्पाद, टीके और आयुष उत्पादों का प्रमुख योगदान रहा। भानु ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में दवा निर्यात 30.47 अरब डॉलर रहा, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि उस समय वैश्विक कीमतों का दबाव और व्यापार में उतार-चढ़ाव बना हुआ था। भविष्य की योजना के बारे में भानु ने कहा कि वर्ष 2030 तक 65 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नीतियों को प्राथमिकता देना, पारंपरिक बाजारों से आगे नए बाजारों में विस्तार करना, विदेशी निवेश बढ़ाना और नियमों की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि दवा उत्पादन के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है और उसका निर्यात 200 से अधिक देशों तक पहुंचता है।

## पेज एक का शेष

### भारतीयों की

है, जिनसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा होने का खतरा है और अनावश्यक दहशत फैलाई जा रही है। यह सब सिर्फ मुझ पर राजनीतिक हमले करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा उन्हें सिर्फ राजनीति और सत्ता की परवाह है। कांग्रेस को भारत की जनता की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ने केरल की जनता के भरोसे को तोड़ दिया है। उन्हें जनता और देश से माफी मांगनी चाहिए। रैली में अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की मानसिकता को उजागर कर दिया है।

### आंधी-बारिश

वैज्ञानिकों का कहना है कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आ रही नमी के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। इन दोनों सिस्टम के मिलने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ गई है, जिससे आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की स्थिति बनी है। राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों में शनिवार को मौसम सुहावना रहने की उम्मीद है। भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार यहां गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें, अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। खासकर खुले इलाकों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है। उधर, जालौन की माधौगढ़ तहसील में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। जमकर ओले भी गिरे। सड़क और खेतों में ओलों की चादर बिछ गई। खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हो गईं। लखनऊ में भी गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 35 जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। 55 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका है। कन्नौज में भी शनिवार शाम अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। बादलों के कारण समय से पहले अंधेरा छा गया, जिससे सड़कों पर चल रहे वाहनों को लाइटें जलानी पड़ीं। दिनभर तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल रहे। सुबह से ही धूप तेज रही और दोपहर में तापमान बढ़कर अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। शाम को मौसम बदलने के साथ ही तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहाना हो गया और शाम के समय तापमान घटकर न्यूनतम 22 डिग्री और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जिलाधिकारी

कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर प्रतिकूल परिस्थिति में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। निरंतर बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हो रही है, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। शनिवार को फिर हुई बारिश से भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और निरंतर सुनिश्चित करें कि अन्नदाता को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर फील्ड में रहें, वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त से कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे राहत कार्य भी समय से हो सके। किसान भी अपनी नुकसान हुई फसल की जानकारी शासन/प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिन किसानों ने फसल का बीमा कराया है और उनके फसल की क्षति हुई है। फसल कटकर खलिहान में रखी हो और इसका नुकसान हुआ हो तो यह फसल 14 दिन तक बीमा से कवर्ड है। ऐसे किसान 72 घंटे के भीतर टोल फ्री 14447 नंबर पर समस्या दर्ज करा सकते हैं।

### सोनभद्र में

लंबाई 2000 मीटर होगी। आजमगढ़ एयरपोर्ट की तर्ज पर यहां छोटा टर्मिनल भवन, वीआईपी लाउंज, पार्किंग, सुरक्षा और चेक-इन काउंटर बनाए जाएंगे। लगेज के लिए विशेष कन्वेयर सिस्टम होगा। जो विमान से आगमन हॉल में यात्रियों तक चेक किए गए सामान को पहुंचाने के लिए लगाया जाएगा। म्योरपुर एयरपोर्ट का जुड़ाव वाराणसी समेत आसपास के 10 जिलों से होगा। इसमें आजमगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, लखनऊ जैसे जिले शामिल हैं। उड़ान योजना के तहत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए इस एयरपोर्ट से क्षेत्रीय उड़ानें अधिक होंगी। इनके अलावा सोनभद्र व आसपास के क्षेत्र बड़ा औद्योगिक हब होने के कारण यहां से कुछ प्रमुख शहरों के लिए नॉन कनेक्टिंग विमान भी संचालित किए जाएंगे।

### पहले उपेक्षित

बेसिक शिक्षा विभाग के सभी डेटा (बच्चों की संख्या, कितने बच्चों ने कहां प्रवेश लिया आदि) अपलोड हो जाएंगे, उसके तीन-चार दिन के अंदर लखनऊ में समारोह कर डीबीटी के माध्यम से पैसा अभिभावकों के खाते में भेज दिया जाएगा। 15 से 30 अप्रैल के बीच बच्चों की यूनिफॉर्म, जूते-मोजे आदि के लिए अभिभावकों के साथ बैठक करनी चाहिए। यह प्रक्रिया सतत रूप से चलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद 1 जुलाई को स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया था। उससे पहले जब मैं अलग-अलग जनपदों में गया तो बेसिक शिक्षा विभाग के जर्जर भवनों, बंदी के कगार पर पहुंचे विद्यालयों की स्थिति देखी। एक जनपद के विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों की संख्या लगातार कम हो रही है। सिर्फ 10 बच्चे रह गए, हो सकता है कि नए सत्र में वे बच्चे भी न आएं। मैंने पूछा कि ये बच्चे जा कहां रहे हैं, प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों में पढ़ने की रूचि नहीं है। मैंने कहा कि उनकी पढ़ने में रूचि नहीं है या आपकी पढ़ाने में, दोनों में अंतर है। बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाना हमारा काम है। 3 वर्ष बाद फिर उस विद्यालय में गया तो वहां 250 बच्चे मिले और उन्हीं प्रधानाचार्य का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए हुआ था। सभी विद्यालय ऐसे उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मेरठ : देसी

जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शराब के जहरीले या उपयोग की अवधि समाप्त होने की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि संबंधित पाउच की पैकेजिंग तिथि 11 फरवरी 2026 पाई गई है और उसी खेप के अन्य पैक भी बेचे गए हैं, जिनसे किसी अन्य स्थान से ऐसी शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा सुरक्षित रखा जा रहा है। मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य, फॉरेंसिक, सर्विलांस और गोपनीय शाखा की चार टीम गठित की गई हैं। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर कार्वाई की जाएगी।

### सांस्कृतिक धरोहर

के व्यक्तित्व, सोच और मूल्यों को भी आकार देती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनमें उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान और साहित्य भूषण प्रमुख हैं। साथ ही साहित्य ग्राम जैसी पहल के माध्यम से ऐसे रचनात्मक केंद्र विकसित किए जा रहे हैं, जहां लेखकों को शांत वातावरण में सृजन का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में साहित्यिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य हो रहा है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने में साहित्य की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे विशेष अवसरों पर पुस्तकों और पौधों को उपहार स्वरूप देने की परंपरा को अपनाएं, ताकि समाज में ज्ञान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूकता बढ़ सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, मेयर सौरभ थपलियाल, आचार्य बालकृष्ण, मिलिंद मराठी, युवराज मलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ईरान के

गईं और आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार को ईरान की एक मिसाइल तकनीकी खराबी के कारण तेहरान में गिर गई। इजराइल के पेटाह टिकवा शहर पर शुक्रवार को ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल के हमले का वीडियो। ईरान ने शुक्रवार रात इजराइल और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल अटैक किए। इजराइल ने ईरान के उत्तर-पश्चिमी शहर तबरीज में एक मोबाइल बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर पर हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक, इस लॉन्चर को ट्रक पर लगाया गया था और जिससे इजराइल पर हमले की तैयारी थी। हमला शहर के बीच सड़क पर हुआ, जहां जोरदार विस्फोट के बाद धुएं का गुबार उठता दिखा। हमले के दौरान पास से गुजर रही गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं और अफरा-तफरी मच गई।

### भारत ने वैश्विक

विकसित दुनिया में भी, वैश्वीकरण के पुराने मंत्रों की जगह अब आत्मनिर्भरता के प्रति एक नयी जागरूकता ने ले ली है। विदेश मंत्री ने कहा भारत में हमारे लिए, यह भावना आत्मनिर्भर भारत के रूप में व्यक्त होती है। इसका महत्व तब साफ नजर आता है जब बात भोजन, स्वास्थ्य या ऊर्जा सुरक्षा की हो, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा की। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं अपने नियंत्रण में सुरक्षित कर सकें। जयशंकर ने कहा, जाहिर है, कुछ क्षेत्र दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होंगे। ऐसे मामलों में, इसका हल भरोसेमंद या विश्वसनीय साझेदारियों तथा विविध स्रोतों से आपूर्ति में निहित है। लेकिन आखिरकार मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने की कोई अनदेखी नहीं कर सकता।

### लखनऊ : आतंकी

अंजाम देकर अपने हैंडलर्स को ट्रायल दिखाया था। इन घटनाओं के वीडियो भेजकर उन्हें भुगतान भी प्राप्त हुआ, जिससे उनका हौसला बढ़ा। मामले के खुलासे के बाद राज्य की सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।

**बरामद सामान से मिल सकते हैं अहम सुराग :**

गिरफ्तार आरोपियों के पास से ज्वलनशील पदार्थ, 7 स्मार्टफोन और कई आपत्तिजनक पंपलेट बरामद हुए हैं। एटीएस इन डिजिटल डिवाइसों की फॉरेंसिक जांच कर रही है, जिससे चैट, ट्रांजेक्शन और विदेशी संपर्कों से जुड़े अहम सुराग मिलने की संभावना है। पूछताछ के दौरान सबसे बड़ा फोकस आरोपितों के पाकिस्तानी हैंडलर्स से जुड़े नेटवर्क को समझना होगा। यह भी पता लगाया जाएगा कि किन-किन माध्यमों से संपर्क किया जा रहा था और किन स्थानों को टारगेट बनाया गया था।




# दिल्ली ने मुंबई इंडियन्स को हराया

## मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोका, दिल्ली ने 18.1 ओवर में 164 रन बनाकर हासिल की जीत

एजेंसी



नयी दिल्ली। मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया। पिछले मैच में लखनऊसुपरजाइंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था।

उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई। मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की। रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफ दो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊपारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का।

उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया। रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े, जिनमें विकेटकीपर के ऊपर से लगाया गया उनका रैंप शॉट दिलकश था। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया। दिल्ली ने पारी के इस 11वें ओवर से 20 रन बटोरे। रिजवी ने मार्कंडेय के खिलाफ कवर क्षेत्र के ऊपर से छक्का लगाकर 31 गेंदों में अपना अर्धशतक और दिल्ली के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने अगली गेंद पर कदमों का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट के ऊपर से गेंद को दर्शकों के पास भेज दिया। पिछले दो ओवर में 34 रन लुटाने के बाद सूर्यकुमार ने गेंद बुमराह को थमाई और इस अनुभवी गेंदबाज ने सिर्फ एक रन खर्च कर कप्तान के फैसले को सही साबित किया।

उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अन्य गेंदबाजों का अच्छा साथ नहीं मिला। रिजवी ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए चाहर और ठाकुर के खिलाफ आसानी से छक्के-चौके जड़े, जिससे आखिरी पांच ओवर में टीम को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की जरूरत रह गई। अब तक संभलकर खेल रहे मिलर ने बुमराह के खिलाफ दो चौके लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। रिजवी 17वें ओवर में बोश की गेंद पर तिलक वर्मा द्वारा लपके गए। वह शतक से चूक गए, लेकिन टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर आउट हुए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर रिकेल्टन (नौ) ने मुकेश का स्वागत चौके से किया, जबकि दूसरे ओवर में रोहित के स्ट्राइक पर आते ही मैदान में रोहित-रोहित के नारे गूंजने लगे। भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने एनगिडी के खिलाफ शुरुआती तीन गेंदों में चौके लगाकर दर्शकों के जोश को बढ़ा दिया। मुकेश ने ओवर में दो विकेट झटककर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। उन्होंने शानदार लय में चल रहे रिकेल्टन को पवेलियन भेजने के बाद अपनी ही गेंद पर तिलक वर्मा (शून्य) का शानदार कैच लपका।

सूर्यकुमार ने पहली गेंद पर ही चौके से खाता खोला, लेकिन दिल्ली के गेंदबाज इसके बाद रनगति पर अंकुश लगाने में सफल रहे। रोहित ने निगम के खिलाफ, तो सूर्यकुमार ने अक्षर के खिलाफ छक्के लगाकर रनगति बढ़ाने की कोशिश की। रोहित एक और करारा प्रहार करने की कोशिश में अक्षर की गेंद पर कवर क्षेत्र में नीतिश राणा द्वारा शानदार तरीके से लपके गए। अक्षर ने आईपीएल में रोहित के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को मजबूत करते हुए 11 पारियों में उन्हें चौथी बार आउट किया। दूसरे छोर से निगम ने शेरफेन रदरफोर्ड (पांच) को खतरनाक होने से पहले ही पवेलियन की राह दिखा दी ।क्रीज पर आए नमन ने नटराजन के खिलाफ चौके से हाथ खोला, तो वहीं सूर्यकुमार के एक रन से 14 ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा हुआ। सूर्यकुमार और नमन ने कुलदीप के खिलाफ एक-एक छक्का लगाया, जिससे 15वें ओवर में मुंबई ने 17 रन बटोरे।

# आरसीबी की निगाह दूसरी जीत पर, चेन्नई सुपर किंग्स को गेंदबाजी में करना होगा सुधार



बेंगलुरु। अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी ।सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है। आरसीबी की टीम 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अच्छी तरह से आराम कर चुकी है और वह तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है।

देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया। रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। आरसीबी में अपनी गेंदबाजी में बहुत ज्यादा सुधार किया है। कभी उसकी गेंदबाजी को कमजोर माना जाता था लेकिन उसने कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल करके इसे पूरी तरह से बदल दिया है। आरसीबी को जोश हेज़लवुड की अनुपस्थिति से काफी नुकसान होने की उम्मीद थी, लेकिन जैकब डफी ने सहजता से उनकी जगह ली और तीन विकेट लेकर सनराइजर्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। आरसीबी की टीम इस मैच के लिए अभिनंदन सिंह की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव को टीम में शामिल करने पर भी विचार कर सकती है। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा टी20 के दिग्गज स्पिनरों में शामिल नहीं हैं, लेकिन उन्होंने बीच ओवरों में अपनी कसी हुई गेंदबाजी से आरसीबी का उद्देश्य बखूबी पूरा किया है। उन्हें अब शिवम दुबे, सरफराज खान और आयुष म्हात्रे जैसे बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा। जहां तक सीएसके का सवाल है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। उन्होंने पहले दो मैचों में 30.5 ओवर में सिर्फ सात विकेट लेकर 338 रन लुटा दिए। उसके स्पिनर नूर अहमद और राहुल चाहर शुक्रवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ बुरी तरह फ्लॉप रहे। चेपॉक में ओस का नामोनिशान नहीं होने के बावजूद दोनों ने मिलकर आठ ओवरों में 84 रन लुटाए। तेज गेंदबाज मैट हेनरी, खलील अहमद और अंशुल कंबोज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी में भी कुछ कमियां हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है और इसकी शुरुआत सैमसन के फॉर्म से होती है। टी20 विश्व कप में भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सैमसन अभी तक दो मैच में छह और सात रन ही बना पाए हैं। चेन्नई की टीम को अगर मजबूती के साथ आगे बढ़ना है तो सैमसन को जल्द से जल्द अपनी लय हासिल करनी होगी। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

टीम इस प्रकार हैं:

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

## संक्षेप

### श्याम सुंदर स्वामी ने कांस्य पदक जीता

बैंकॉक। श्याम सुंदर स्वामी ने अपने सीनियर साथी खिलाड़ी और पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता राकेश कुमार को कड़े मुकाबले वाले प्लेऑफ में हराकर विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में कांस्य पदक जीता। पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में स्वामी प्लेऑफ में 10-9 से विजयी रहे। इससे पहले दोनों खिलाड़ियों ने समान 143 अंक बनाए थे और इसलिए टाईब्रेक का सहारा लेना पड़ा। पेरिस पैरालंपिक्स में मिश्रित टीम के कांस्य पदक विजेता राकेश ने टाईब्रेक में हार के कारण चौथे स्थान पर रहकर अपना अभियान समाप्त किया। महिला वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में अंजुम तनवार भी दक्षिण कोरिया की प्रतिद्वंदी के खिलाफ कांस्य पदक मैच में 2-6 से हारने के बाद चौथे स्थान पर रहीं। बैंकॉक में हाल में इसी स्थान पर खेले गए एशिया कप के पहले चरण में भारत ने दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित 10 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

### मुक्केबाजी : विश्वनाथ सुरेश सेमीफाइनल में

उलानबटोर (मंगोलिया)। भारत के उदीयमान मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने मौजूदा विश्व चैम्पियन और नंबर एक मुक्केबाज कजाखस्तान के संजार ताशकेंबे को हराकर एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों के 50 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सुरेश ने इससे पहले किर्गीस्तान के बेकजात एर्जेशोव को 5 . 0 से हराया था। सैन्य खेल संस्थान में अभ्यास करने वाले सुरेश ने एलीट पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2026 में भी स्वर्ण पदक जीता था।

### दिल्ली, उत्तराखंड , छत्तीसगढ सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

राजगीर। दिल्ली, उत्तराखंड, छत्तीसगढ, जम्मू कश्मीर, मिजोरम और बिहार ने यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के चौथे दिन जीत दर्ज की। असम और पुडुच्चेरी ने ड्रॉ खेले। पहले मैच में दिल्ली ने डिविजन बी के पूल ए में गुजरात को 30 . 0 से हराया जबकि दूसरे मैच में उत्तराखंड ने तेलंगाना हॉकी को 4 . 0 से मात दी।

# राजस्थान ने गुजरात को दिया 211 रन का लक्ष्य

एजेंसी

अहमदाबाद । आईपीएल के 9वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को 211 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान ने बैटिंग चुनी और 6 विकेट खोकर 210 रन बना दिए। ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी लगाई। कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने चौका लगाया और टीम को 210 रन तक पहुंचा दिया।

राजस्थान से ध्रुव जुरेल ने 75 और यशस्वी जायसवाल ने 55 रन बनाए। गुजरात से कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान को 1-1 विकेट मिला। आईपीएल में शनिवार का दूसरा मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जा रहा है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फफ ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। राजस्थान ने 18 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 190 रन बना लिए हैं। टीम से ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा पिच पर हैं। जुरेल ने फिफ्टी लगा दी। यशस्वी फिफ्टी लगाकर पवेलियन लौटे। वैभव सूर्यवंशी, शिमरोन हेटमायर, डोनोवन फरेरा और रियान पराग भी आउट हो चुके हैं।

अशोक शर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान 1-1 विकेट मिला। कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हराया। 17वें ओवर में राजस्थान ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल कगिसो रबाडा ने बाउंसर फेंकी। डोनोवन फरेरा ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन डीप मिड विकेट पोजिशन पर ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच हो गए। 16वें ओवर में शिमरोन हेटमायर कैच आउट हो गए। ओवर की तीसरी बॉल अशोक शर्मा ने गुड लेंथ पर फेंकी। हेटमायर ने शॉट खेला, वे लॉन्ग ऑन पर मोहम्मद सिराज के हाथों कैच हो गए। सिराज ने डाइविंग कैच पकड़ा, हेटमायर ने 18 रन बनाए। 14वें ओवर में राजस्थान ने तीसरा विकेट गंवाया।

# पायल ने उलटफेर करते हुए जीता स्वर्ण

एजेंसी



बैंकॉक। दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। अठारह साल की उभरती हुई

**भारत बैंकॉक पैरा तीरंदाजी में शीर्ष पर**

तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की। भारत के लिए अभियान यादगार रहा जिसमें देश ने पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। पायल की यह एक साल से थोड़े ज्यादा समय में शीतल पर दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2025 में जयपुर में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में भी शीतल को हराया था। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में पदार्पण करने के बाद पायल अपने दूसरे ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने दबाव के बावजूद जबरदस्त संयम दिखाते हुए अपने से ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी को मात दी। पायल ने एक परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की और पहला दौर 27-25 से अपने नाम किया। इसके बाद शीतल ने वापसी करते हुए मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। दूसरे दौर के बाद स्कोर 54-54 से बराबर था। तीसरे दौर में पायल ने अपने खेल का स्तर और ऊंचा करते हुए दो बार 9 और एक बार 10 का निशाना लगाते हुए 82-80 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने आखिरी दौर में दो बार 10 का सटीक निशाना लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शीतल के बचपन के कोच कुलदीप वेदवान से प्रशिक्षण लेने वाली पायल की अब तक की यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं रही है। ओडिशा के बोलांगीर जिले के एक प्रवासी मजदूर की बेटी पायल ने 2015 में ईंट-भट्ठे पर बिजली के एक नंगे तार के संपर्क में आने के बाद अपने दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा दिए थे। उन्होंने 2023-24 के दौरान कटरा स्थित माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड खेल परिसर में शीतल के साथ ही ट्रेनिंग की थी। इसके बाद शीतल सोनीपत चली गई थीं। बिना हाथों वाली शीतल भारत की सबसे ज्यादा पदक जीतने वाली पैरा तीरंदाज बन गई हैं। उन्होंने 2022 में एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते और पेरिस 2024 में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतकर भारत की सबसे कम उम्र की पैरालंपिक पदक विजेता बन गईं। पायल ने 2025 में राष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद से काफी प्रगति की है।

जयपुर में शीतल को हराने के अलावा उन्होंने खेलो इंडिया पैरा खेलों में रजत पदक जीता और इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वालीफायर में वह शीतल से पीछे रही थीं। भारत के लिए तोमन कुमार और भावना ने भी अपनी स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल किया। तोमन ने कंपाउंड पुरुषों के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोनाथन मिल्ने को 146-142 से हराया जबकि भावना ने रिकर्व महिलाओं के फाइनल में थाईलैंड की फत्थराफोन पट्टावेओ को 6-0 से मात दी। दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह को रिकर्व फाइनल में इंडोनेशिया के खोलिडिन से 3-7 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं स्वाति चौधरी ने भी रजत पदक जीता। उन्हें डब्ल्यू। महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में दक्षिण कोरिया की ओके ज्ञूम किम से 3-7 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले श्याम सुंदर स्वामी ने अपने सीनियर साथी खिलाड़ी और पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता राकेश कुमार को कड़े मुकाबले वाले प्लेऑफ में हराकर कांस्य पदक जीता।

### टीम का उप-कप्तान होने से आप पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है : जितेश

बेंगलुरु। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा ने शनिवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का उप-कप्तान बनने और नेतृत्व का अनुभव मिलने से उनका खेल और बेहतर हो गया है। जितेश ने आरसीबी के 2025 में पहला आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ यहां होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर जितेश ने कहा, मुझे लगता है कि जब भी आपको कोई जिम्मेदारी मिलती है तो आप शुक्रगुजार होते हैं और खुद को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं। मैं अपनी टीम को कुछ देने के लिए अतिरिक्त प्रयास करता हूं कि किस तरह योगदान दे सकता हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब आप टीम के उप-कप्तान होते हैं तो यह आप पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी डाल देता है। जितेश ने कहा मैं तेज गेंदबाजों के खिलाफ सुधार करने पर काम कर रहा हूं। मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है। इस दुनिया में कोई भी परफेक्ट नहीं होता।

# सनराइजर्स व एलएसजी का मुकाबला आज

एजेंसी




हैदराबाद। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी।

सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। अपने पहले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने के बावजूद संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है। इस बार भी उसका अभियान अच्छा नहीं रहा है। जस्टिन लैंगर की कोचिंग वाली टीम में ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श, दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्करम, कप्तान ज षभ पंत और विस्फोटक निकोलस पूरन जैसे दमदार बल्लेबाज शामिल हैं। लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम आईपीएल के अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान इकाना में 141 रन पर आउट हो गई जिससे टीम की कई गंभीर समस्याएं उजागर हुईं।

टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम में रणनीतिक फेरबदल भी काम नहीं आया। एलएसजी ने मार्श और मार्करम की अपनी स्थापित सलामी जोड़ी से हटकर भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज पंत को पारी का आगाज करने के लिए भेज दिया। पंत रन आउट होने से पहले केवल सात रन ही बना पाए, जिससे उनके बल्लेबाजी क्रम को लेकर बहस फिर से शुरू हो गई। उन्हें अब तीसरे नंबर पर भेजा जा सकता है। पिछले साल उन्होंने इसी नंबर पर खेलते हुए शतक लगाया था। पूरन ने भी इस नंबर पर खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वेस्टइंडीज के इस स्टार खिलाड़ी को बीच के ओवरों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ सकती है। मार्श ने पिछले मैच में 35 रन बनाकर एलएसजी को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे पाए। एलएसजी की बल्लेबाजी में तालमेल की कमी नजर आ रही है और इसे देखते हुए उसके लिए मार्श और मार्करम की जोड़ी से पारी की शुरूआत करवाना अच्छा होगा। गेंदबाजी एलएसजी का मजबूत पक्ष है।

### विश्वविद्यालय संघ की चूक के महीनों बाद भी छह बैडमिंटन खिलाड़ियों को भागीदारी प्रमाण पत्र का इंतजार

नयी दिल्ली। भारत के छह बैडमिंटन खिलाड़ियों को एक प्रशासनिक चूक के कारण विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में हिस्सा लेने से रोक दिया गया था और अब महीनों बाद भी वे अपने भागीदारी प्रमाण पत्रों का इंतजार कर रहे हैं। भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ (एआईयू) ने सुधारात्मक कदम के तौर पर उन्हें ये प्रमाण पत्र देने का वादा किया था। जर्मनी में हुए डब्ल्यूयूजी के लिए 12 सदस्यों की भारतीय बैडमिंटन टीम चुनी गई थी, लेकिन मैनेजर की बैठक में सिर्फ छह खिलाड़ी ही प्रवेश कर पाए। बाकी आधे खिलाड़ी मौके पर मौजूद होने के बावजूद प्रतियोगिता से बाहर रह गए। इसके बाद एआईयू ने एक जांच समिति बनाई और अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया। छह खिलाड़ियों सतीश कुमार करुणाकरण, सनीत दयानंद, तसनीम मीर, वर्षिनी विश्वनाथ श्री, देविका सिहाग और वैष्णवी खड़केकर ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने मिश्रित टीम स्पर्धा में एक ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता।

# स्पोट्र्समैन एरिना में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का शानदार आगाज



खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेलों का दायरा लगातार बढ़ रहा है और अब पिकलबॉल भी तेजी से लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। इसी कड़ी में

**यूपी में पिकलबॉल का बड़ा धमाका**

स्पोर्ट्र्समैन एरिना में राज्य स्तरीय पुरस्कार राशि वाली पिकलबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच है, बल्कि प्रदेश में इस नए खेल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम भी माना जा रहा है। उद्घाटन समारोह बेहद उत्साह और जोश से भरा हुआ था। इसमें खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और कई खास मेहमानों ने हिस्सा लिया। पूरा माहौल खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और एकजुटता के रंग में रंगा हुआ नजर आया। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्र्समैन एरिना ने यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से किया है। साथ ही अर्बन एक्सिस, टीएनसी स्पोर्ट्स, पिनस फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड और ऋषि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जैसे साझेदारों ने भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नीरज सिंह जी मौजूद रहे, जो एफआईसीआई लीडर्स फोरम के सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उनका स्वागत फिल्म निमार्ता और निर्देशक अमरेंद्र सिंह चौधरी और गगन जी ने पुष्पांजलि के साथ किया। इस दौरान मंच पर कई विशिष्ट अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें अंतरराष्ट्रीय एथलीट और एशिया स्वर्ण पदक विजेता डॉ. बाबा दीन चौधरी, अंतरराष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी तुषार नागर, अर्बन एक्सिस के अध्यक्ष शशांक गुप्ता, ऋषि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अध्यक्ष मनीष वर्मा और जीएसटी के संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह शामिल रहे। सभी को उनके योगदान के लिए फूलों के गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया।



# ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त, स्थिति नियंत्रण में

## होर्मुज व्यवधान के बीच सरकार की घबराहट में खरीदारी न करने की अपील, ईंधन पर्याप्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है और स्थिति नियंत्रण में है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है। सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है, खासकर घरों, अस्पतालों और आवश्यक सेवाओं के लिए।

मांग को संतुलित करने और आपूर्ति बढ़ाने के लिए रिफाइनरियों का उत्पादन बढ़ाया गया है और गैस सिलेंडर भरवाने के बीच का अंतराल भी बढ़ाया गया है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें से अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है। वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को



पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके। प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, जबकि उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और देशभर के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक भारतीय एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुका है, जबकि ईरान का एक अन्य जहाज मंगलौर बंदरगाह पर पहुंच गया है। सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि ग्रीन सानवी नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है। यह जलडमरूमध्य 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद तेहरान की जवाबी कार्वाई के बाद से लगभग बंद जैसी स्थिति में है, जिससे जहाजों की आवाजाही काफी प्रभावित हुई है। अलग से, बयान में कहा गया कि ईरान से रसोई गैस लेकर आया एक जहाज मंगलौर बंदरगाह पहुंच चुका है और उससे गैस उतारी जा रही है। संभवतः पिछले सात वर्षों में यह ईरान से ऊर्जा की पहली खरीद है।

# भारतीय वायुसेना के 10 क्विंटल वजनी हवाई बम के स्वदेशी डिजाइन और विकास की प्रक्रिया शुरू



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए एमके-84 के समान 1000 किलोग्राम वजनी हवाई बम के स्वदेशी डिजाइन और विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस परियोजना के दो चरण होंगे।

पहले चरण में छह प्रोटोटाइप (सक्रिय और निष्क्रिय) का डिजाइन और विकास शामिल है, जिसमें संबंधित टेल यूनिट और उपकरण भी शामिल हैं। दूसरा चरण खरीद का है, जो योग्य विकास एजेंसियों को प्रस्ताव के लिए वाणिज्यिक अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के साथ शुरू होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह प्रणाली भारतीय वायुसेना द्वारा वर्तमान में संचालित रूसी और पश्चिमी मूल के विमानों (दोनों के साथ) सुसंगत होने के लिए बनाई गई है। अधिकारी ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 के प्रावधानों के तहत 1,000 किलोग्राम के हवाई बम (एमके-84 के समान) के डिजाइन, विकास और खरीद के लिए टेल यूनिट और संबंधित उपकरणों के साथ अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की है। यह परियोजना मेक-क्क (उद्योग-वित्तपोषित) उप-श्रेणी के तहत कार्यान्वित की जाएगी, जिसके बाद बाय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत खरीद की जाएगी। आईडीडीएम का अर्थ है स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित।

अधिकारियों ने बताया कि डीएपी 2020 के प्रावधानों के अनुसार बाय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कुल 600 हवाई बम खरीदने की योजना है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में एमके-84 श्रेणी के सामान्य प्रयोजन बम विदेश के मूल उपकरण निर्माताओं से खरीदे जाते हैं और भारतीय वायुसेना में सेवा में हैं।

## संक्षेप

### पाक ने अमेरिका-ईरान की वार्ता विफल होने की खबरों को किया खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने शनिवार को मीडिया में आईं उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की सुविधा प्रदान करने की उसकी पहल प्रारंभिक शांति प्रस्तावों के आदान-प्रदान के बाद विफल गई है। विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा चुनिंदा पत्रकारों के एक समूह को वार्ता के माध्यम से पश्चिम एशिया संघर्ष का समाधान खोजने के पाकिस्तान के प्रयासों के बारे में जानकारी देने के बाद अटकलें शुरू हो गईं। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने एक बयान में मीडिया में आईं खबरों को बेबुनियाद और मनगढ़ंत कहानी बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, हमने मीडिया (सोशल मीडिया सहित) में कई खबरें देखी हैं जिनमें क्षेत्र में जारी संघर्ष और शांति व संवाद को बढ़ावा देने के पाकिस्तान के प्रयासों के संबंध में तथाकथित आधिकारिक सरकारी सूत्रों का हवाला दिया गया है। अंद्राबी ने कहा हम कथित आधिकारिक सूत्रों के हवाले से लगाए गए इन झूठे आरोपों को निराधार और मनगढ़ंत मानते हुए स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।

# हवालात में फांसी लगाकर दी जान, दो पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी

कटिहार (बिहार)। बिहार के कटिहार जिले में लूट के मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पुलिस हवालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद थाना प्रभारी (एसएचओ) और जांच अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राकेश कुमार यादव (24) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के बयान के अनुसार, यादव ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हवालात के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बयान में कहा गया है, उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों को जब यादव की मौत के बारे में पता चला तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया, टायर जलाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया और एक पुलिसकर्मी की पिटाई भी की। इस घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है।

# अल्पसंख्यकों पर हमला करने वालों से केरल के मुख्यमंत्री की साठगांठ : राहुल

अलप्पुझा (केरल)। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक गठबंधन (एलडीएफ) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि देश के अन्य हिस्सों में अल्पसंख्यकों पर हमला करने वाले लोगों के साथ मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की सांठगांठ है। गांधी ने यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा-एलडीएफ के बीच गठजोड़ का आरोप दोहराया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चुनाव



प्रचार के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। राज्य की 140 विधानसभा सीट पर नौ अप्रैल को मतदान होना है। कांग्रेस नेता के साथ मंच साझा करने वाले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पूर्व नेता जी सुधाकरन का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी मौजूदगी एलडीएफ के भीतर गहरी दरार का संकेत है।

सुधाकरन अंबलपुझा से यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गांधी ने कहा, मंच पर एक वरिष्ठ वामपंथी नेता बैठे हैं। इसके पीछे कारण है। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अचानक अपनी सोच बदल ली है। जो लोग वर्षों तक किसी राजनीतिक संगठन में रहते हैं, वे उसके मूल्यों को आत्मसात कर लेते हैं।

# कोर्ट ने बैंक प्रबंधक की बर्खास्तगी को बरकरार किया, अधिकार के साथ मिलती है जिम्मेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बैंक के एक वरिष्ठ प्रबंधक की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए ध्यान दिलाया कि अधिकार के साथ जवाबदेही भी आती है। न्यायालय ने कहा कि प्रबंधक के पद के साथ अधिक जिम्मेदारी और गंभीरता जुड़ी होती है। उच्चतम न्यायालय ने उन आरोपों पर गौर किया कि वरिष्ठ प्रबंधक ने एक अधिकारी और एक बंदूकधारी के साथ मिलकर ग्राहकों के पैसे का निजी लाभ के लिए गबन किया और बैंक रिकॉर्ड चुरा लिए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें बर्खास्तगी की सजा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति में बदल दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि समान आरोपों के लिए सह-दोषियों - अधिकारी और बंदूकधारी - को अलग-अलग सजाएं दी गई थीं, पर वरिष्ठ प्रबंधक को सबसे कड़ी सजा दी गई थी। हालांकि, उच्चतम न्यायालय इस तर्क से सहमत नहीं हुआ।

# एफसीआरए विधेयक दमनकारी, विदेश नीति विफल मछुआरे श्रीलंका के हमलों का सामना कर रहे : स्टालिन

एजेंसी

नागरकोइल (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन विधेयक 2026 को दमनकारी करार दिया और आरोप लगाया कि इसके जरिये अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाई सेवा संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने मछुआरों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पहले मछली पकड़ने पर प्रतिबंध अवधि के दौरान विशेष राहत राशि पांच हजार



रुपये से बढ़ाकर आठ हजार रुपये की थी, जिसे अब बढ़ाकर बारह हजार रुपये प्रति माह किया जाएगा। इसी तरह, मछली पकड़ने का काम में मंदी आने के दौरान सहायता राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये प्रति माह की जाएगी। स्टालिन ने रैली में लोगों से पूछा, क्या आप सभी खुश हैं?

अन्य कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने नए आश्वासन भी दिए। उन्होंने कहा कि मछुआरा कल्याण बोर्ड की सदस्यता के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष की जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग के सदस्यों को मौजूदा कल्याणकारी उपायों के अतिरिक्त मासिक पेंशन प्रदान की जाएगी।

# रूस का यूक्रेन पर ड्रोन हमला पांच की मौत, 30 अन्य घायल

कीव। रूस द्वारा शुक्रवार रात यूक्रेन पर किए गए ड्रोन हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रूस द्वारा ये हमले ऐसे समय किये गए हैं, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तुर्किये के अपने समकक्ष रजब तैयब एर्दोआन के साथ वार्ता के लिए इस्तांबुल की यात्रा पर हैं। जेलेंस्की का ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स क्रिश्चियन के आध्यात्मिक नेता, इक्यूमेनिकल पैट्रिआर्क बार्थोलोम्यू से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

यूक्रेन की वायु सेना ने एक ऑनलाइन बयान में कहा कि रूस ने शुक्रवार की रात को 286 ड्रोन हमले किये, जिनमें से 260 को मार गिराया गया। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सांद्र हंझा ने बताया कि निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के निकोपोल शहर में तीन महिलाओं और दो पुरुषों सहित पांच लोग मारे गए, जबकि 14 किशोरी सहित 19 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रूस की सीमा से कुछ ही दूरी पर स्थित सूमी शहर में हुए हमले में 15 वर्षीय किशोर सहित 11 लोग घायल हो गए। इन हमलों में कई घरों, कार और बिजली-पानी की आपूर्ति व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसकी सेनाओं ने अज्ञात यूक्रेन की सेना द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले सैन्य-औद्योगिक और ऊर्जा केंद्रों पर लंबी दूरी की हवाई और जमीनी हथियारों से हमला किया। मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि रूसी सेना ने शुक्रवार रात को नौ रूसी क्षेत्रों, कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र और काला सागर के ऊपर यूक्रेन के 85 ड्रोन मार गिराये।

## इंटरटेनमेंट...

# 'रामायण' में रणबीर के लुक और कॉस्ट्यूम पर उठे सवाल

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' का टीजर सामने आने के बाद से ही इसके हर पहलू पर बहस शुरू हो गई है। इस बीच, टीवी की पौराणिक श्रृंखलाओं पर काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स ने फिल्म में भगवान राम के लुक पर अपनी राय दी है और इसे एक चूक गया अवसर बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीवी के सुपरहिट शो 'श्रीमद् रामायण' और 'राधाकृष्ण' पर काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर शिबप्रिया सेन ने कहा कि फिल्म का पहला टीजर उम्मीद के मुताबिक विस्मयकारी नहीं लगा। उनके अनुसार, टीवी पर राम और अन्य पात्रों के परिधानों की प्रेरणा भारतीय संस्कृति, मंदिरों और मूर्तियों से ली जाती थी।

जैसे राम के मुकुट में सूर्य रथ का चक्र और पीला रंग, सीता के लिए मधुबनी छाप, और हनुमान के लिए अजंता, एलोरा और हम्पी की मूर्तियां। सेन के अनुसार, राम भारत की आस्था का केंद्र हैं, इसलिए परिधानों में प्रयोग करते समय उनके दिव्य स्वरूप का सम्मान करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि टीवी में सीमित बजट और समय के बावजूद उनके डिजाइन बहुत समृद्ध और जीवंत थे। दूसरी ओर, 'हातिम,



'सिया के राम' और 'देवों के देव महादेव' जैसी पौराणिक श्रृंखलाओं में काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर नीरूषा निकहत ने कहा कि फिल्म में सौंदर्य और नवाचार की कमी है। उनका मानना है कि निमार्ता नामित मल्होत्रा अधिक प्रयोगात्मक और यादगार डिजाइन ला सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोजेक्ट में अनुभवहीन लोगों को शामिल किया गया, जबकि ऐसी परियोजना में अनुभवी डिजाइनर्स की जरूरत थी। डिजाइनर्स का कहना है कि बड़े बजट और तकनीकी स्वतंत्रता के बावजूद फिल्म में परिधानों और आभूषणों में और अधिक सांस्कृतिक और रचनात्मक गहराई हो सकती थी। यह परियोजना दर्शकों के लिए एक चूक गया रचनात्मक अवसर साबित हुई।

फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है, लेकिन पहले लुक से साफ है कि इसमें और अधिक प्रामाणिक और यादगार सौंदर्यबोध दिखाया जा सकता था। फिल्म 'रामायण' से रणबीर कपूर का भगवान राम के रूप में लुक सामने आ गया है। इसकी झलक आज यानी हनुमान जयंती पर जारी की गई। भगवान राम के रूप में रणबीर का लुक सादगी, गरिमा और आध्यात्मिकता से भरा हुआ है। शाही वेशभूषा और बारीक आभूषणों के साथ उनका शांत और संतुलित रूप काफी अच्छा नजर आ रहा है।

# तापसी पन्नू : फिल्में फ्लॉप हुईं, पनौती कहा गया

**मुंबई।** दिल्ली के एक साधारण परिवार से निकलकर इंजीनियरिंग करने वाली तापसी पन्नू ने कभी नहीं सोचा था कि वह ग्लैमर इंडस्ट्री में पहचान बनाएंगी। मॉडलिंग से शुरूआत कर उन्हें साउथ फिल्म इंडस्ट्री में मौका मिला, लेकिन वहां लंबे समय तक सिर्फ ग्लैमरस किरदारों तक सीमित रहीं। कई फिल्मों के फ्लॉप होने पर उन्हें पनौती कहा गया, जिससे आत्मविश्वास को गहरा झटका लगा। बॉलीवुड में एंट्री आसान नहीं रही। 'चश्मे बद्दूर' से डेब्यू के बाद असफलताओं और आत्म-संदेह के दौर में तापसी ने खुद को संभाला। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपने लुक, आत्मविश्वास और काबिलियत को लेकर असुरक्षित महसूस करती थीं। इस संघर्ष ने उन्हें मजबूत बनाया और बेहतर फैसले लेना सिखाया।

# रहमान डकैत का रोल 3 एक्टर्स ने किया था रिजेक्ट

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर की कास्टिंग को लेकर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने बताया कि रहमान डकैत के किरदार के लिए 3 बड़े एक्टर्स ने इनकार कर दिया था। आखिर में यह रोल अक्षय खन्ना को मिला। हाल ही में बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मुकेश छाबड़ा ने बताया कि फिल्म की कास्टिंग आसान नहीं थी।

उन्होंने कहा कि उन्हें करीब 4 घंटे तक फिल्म की कहानी सुनाई गई, जिसे सुनने के बाद वे सदमे में थे और समय का एहसास ही नहीं हुआ। मुकेश के मुताबिक, फिल्म के दोनों हिस्सों को मिलाकर करीब 400 कलाकारों की



कास्टिंग करनी थी। इसके लिए उन्होंने छह लोगों की टीम बनाई और हर रोल के लिए अलग-अलग तलाश शुरू की। उन्होंने कहा कि डायरेक्टर आदित्य धर ने उन्हें पूरी स्वतंत्रता दी थी और बड़े लेवल पर सोचने के लिए प्रेरित किया।

# 'नागिन 7' की कमजोर कहानी से गिरी टीआरपी

**मुंबई।** एकता कपूर का सुपरनैचुरल शो 'नागिन 7' शुरू होने के महज 3 महीने बाद ही बंद हो सकता है। भारी टीआरपी साथ शुरू हुए इस शो की रेटिंग अब लगातार गिर रही है। इसके पीछे कमजोर कहानी और विजुअल इफेक्ट्स में एआई के ज्यादा इस्तेमाल को मुख्य वजह माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह शो जल्द ही बंद हो सकता है। मेकर्स ने 25 दिसंबर 2025 को नागिन 7 का प्रीमियर किया था। शुरूआत में शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पहले ही एपिसोड ने टीआरपी के पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। शुरूआती दो महीनों तक शो ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन इसके बाद कहानी और प्रेजेंटेशन को लेकर दर्शकों की दिलचस्पी कम होने लगी। शो में वीएफएक्स की जगह एआई तकनीक के इस्तेमाल ने मेकर्स की मुश्किलें बढ़ा दीं। एकता कपूर ने बजट बचाने के लिए एआई के जरिए विजुअल्स तैयार करवाए, जिसे सोशल मीडिया पर 'सस्ता और खराब' बताकर ट्रोल किया गया।




**एकता कपूर बोलीं- बजट कम है इसलिए सहारा लिया**

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एकता ने कहा था कि उनके पास शो के लिए ज्यादा बजट नहीं है, इसलिए वे इस तकनीक का सहारा ले रही हैं। हालांकि, आज की समझदार ऑडियंस और 'जेन-जी' को यह प्रयोग रास नहीं आया। शो की लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी की परफॉर्मेंस भी फैंस की कसौटी पर खरी नहीं उतर पाई। दर्शकों ने सोशल मीडिया पर उनकी तुलना मौनी रॉय और अदा खान जैसे 'नागिन' के पुराने चेहरों से शुरू कर दी। फैंस का मानना है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com